

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 315 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 02 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## 'लिव इन रिलेशन' देखने सुनने में ही आकर्षित लगती है,

### इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा, विवाह को खत्म करने के लिए...

**समाज जागरण**

प्रयागराज. 'लिव इन रिलेशन' देखने और सुनने में बहुत आकर्षित लगते हैं, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता है, ऐसा लगने लगता है कि इस रिश्ते की कोई सामाजिक मान्यता नहीं है और ये जीवन भर नहीं चल सकता. एक मामले के आरोपी को जमानत देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ये टिप्पणी की.

हाईकोर्ट ने कहा, 'मिडिल क्लास नैतिकता को भारत जैसे देश में अनदेखा नहीं किया जा सकता. हमारे देश में ज्यादातर मिडिल क्लास आबादी ही है. किसी भी देश की स्थिरता, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति उसमें रहने वाले मिडिल क्लास की संख्या पर निर्भर करती है.'

पाकिस्तान का उदाहरण देते हुए हाईकोर्ट ने कहा, 'पड़ोसी देश में मिडिल क्लास और मिडिल क्लास नैतिकता की कमी का





असर वहां की सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक असंतोष में देखा जा सकता है. पाकिस्तान की ज्यादातर समस्याओं का कारण वहां मिडिल क्लास की कमी की वजह से है. पाकिस्तान में सिर्फ. बेहद अमीर और बेहद गरीब ही ज्यादा हैं.'

हाईकोर्ट ने कहा, 'अमीरों और गरीबों में नैतिकता की भूमिका नहीं होती, क्योंकि अमीरी में नैतिकता मर जाती है और गरीबी में उसका दम घुट जाता है. बेहद अमीरों में नैतिकता नहीं होती और गरीब अपनी गरीबी के कारण उसका पालन नहीं कर पाते.' कोर्ट ने कहा, "जो सुरक्षा, सामाजिक स्वीकार्यता, प्रगति और स्थायित्व विवाह में मिलता है, वो कभी भी 'लिव इन रिलेशन' में नहीं मिल सकती. देश में विवाह की संस्था को समाप्त करने के लिए सिस्टमैटिक डिजाइन चल रहा है. फिल्में और टीवी सीरियल भी विवाह की संस्था को मिटाने में योगदान दे रहे हैं.

कोर्ट ने इस मामले में 'लिव इन रिलेशन' में रहे युवक को जमानत देते हुए आदेश में ये सब बातें लिखी. इस युवक पर उसकी 'लिव इन पार्टनर' रही युवती ने बलात्कार का आरोप लगाया था. कोर्ट ने युवक को जमानत देते हुए कहा कि ये भी ऐसे मामलों में से एक है, जहां 'लिव इन रिलेशन' को इंजॉय करने के बाद युवा अपने रास्ते अलग कर लेते हैं और जैसा ज्यादातर मामलों में होता है, लड़की एफआईआर कर विवाह का प्रयास करती है.

## 'पहली शादी के होते दूसरी शादी करना बलात्कार...', कड़ी टिप्पणी कर बॉम्बे HC ने किया राहत देने से इनकार

मुंबईः अपनी पहली शादी के रहते दूसरी शादी करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर को रद्द करने से इनकार करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि यह न केवल द्विविवाह की श्रेणी में आता है, बल्कि उसका आचरण भी बलात्कार के अपराध के दायरे में आता है. द टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक जस्टिस नितिन साम्ब्रे और राजेश पाटिल ने 24 अगस्त को उस व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी, जिस पर पुणे पुलिस ने आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और 494 (द्विविवाह) के तहत मामला दर्ज किया था.

एफआईआर में कहा गया है कि फरवरी 2006 में महिला के पति की मृत्यु हो जाने के बाद वह व्यक्ति (याचिकाकर्ता) मोरल सपोर्ट देने के नाम पर उसके पास जाने लगा. दोनों पेशे से शिक्षक हैं. याचिकाकर्ता ने महिला से कहा कि उसकी अपनी पत्नी से नहीं बनती है, और बाद में उसे विश्वास दिलाया कि उसने अपनी पहली पत्नी को तलाक दे दिया है. इसके बाद महिला और शख्स ने जून 2014 में शादी की



और 31 जनवरी 2016 तक साथ रहे. फिर याचिकाकर्ता ने उस महिला को छोड़ दिया जिससे उसने दूसरी शादी की थी और वापस अपनी पहली पत्नी के पास चला गया. पूछताछ करने पर महिला (पति की मृत्यु के पश्चात याचिकाकर्ता से शादी करने वाली) को एहसास हुआ कि शख्स ने खुद को गलत तरीके से तलाकशुदा बताया था और झूठे वादे के तहत उससे शादी की और झूठे वादे के तहत उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए. शख्स के वकील ने कहा कि महिला को पता था कि 2010 में उसकी पत्नी के खिलाफ शुरू की गई तलाक की कार्यवाही तुरंत वापस ले ली गई थी.

न्यायाधीशों ने कहा कि एक तरफ, याचिकाकर्ता दूसरी शादी की बात स्वीकार कर रहा था जबकि उसकी पहली शादी चल रही थी और दूसरी तरफ, उसने दावा किया कि उनका रिश्ता सहमति से बना था. न्यायाधीशों ने निष्कर्ष निकाला, 'इसके अलावा, जब शिकायतकर्ता की पहली शादी चल रही थी तब दूसरी महिला के साथ शादी करने और शारीरिक संबंध स्थापित करने को धारा 376 (बलात्कार) की सामग्री को संतुष्ट करने वाला माना जा सकता है.'

## कराह रहे है जनता, बुद्धिजीवी और पत्रकार !!!

### गर्दन पर लटका है एससी एसटी एक्ट एवं महिला उत्पीड़न की तलवार !!

**लूट की राशि से मालामाल होते जा रहे हैं थानेदार, पंचायती राज्य व्यवस्था के अधिकारी एवं पंयायत सरकार!!!! वाह रे बिहार!!!!!**

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरो चीफ बिहार -झारखंड प्रदेश।

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में पंचायती राज व्यवस्था की एक झलक , आज बिहार-सरकार को चक्का -चौंध करने वाला है/ चौंकाने वाला है ! लूट की राशि से मजबूत होते अपराधिक ढ़ाँचे के हकियत को समाचार के माध्यम से बिहार- सरकार एवं प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों के समक्ष रखा गया है । जिसे पढ़कर सभी हैरान तो अवश्य हो जायेगें। भले ही परिणाम शून्य हों !

आतंकियों से भी क्रूर है थानेदार ! से संबंधित प्रकाशित समाचार पर पुलिस महानिदेशक बिहार प्रदेश द्वारा जाँच के आदेश को जब भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ा दिया जाता है तो जांच, कार्रवाई तथा न्याय की बात करना ही बेईमानी होगा फिर पत्रकार होने के नाते मैं अपने कर्तव्यों को पालन करता हूं ,और पंचायत सरकार की एक झलक आपके समक्ष लेखनी के माध्यम से रखने का प्रयास किया जा रहा है।

मनरेगा कहुँ या नरेगा कहुँ, का ज्वलंत उदाहरण देख लीजिए ,यह किसके लिए बना हुआ है




,योजना केवल कागज के पन्नो पर लिया जाता है और बरसात का इंतजार किया जाता है । बारिश होते ही मिट्टी वर्क का सभी राशि की निकासी कर ली जाती है ,यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। मनरेगा के मजदूरों का सूची में वैसे लोगो का नाम शामिल है जो बच्चा प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में पढ़ रहा है, उनके खाते में मनरेगा का पैसा को डालकर उनके घर लोग पहूंचते हैं। 100 से 200 रुपया उनके माता पिता को देकर ,सारे के सारे पैसा का निकासी करा लेते हैं। मनरेगा / नरेगा की सूची में नेत्रहीनों, विकलांग, अंधे और लंगड़े का नाम भी शामिल है, उन्हें भी 200 दो सौ रूपया देकर सारे के सारे पैसा ले लिया जाता है।

**वाह रे बिहार ! पार्ट : -4**

जन शिकायत के बाद भी भ्रष्टाचार की खेल में जुटे लोगों के विरुद्ध किसी तरह का कोई भी कार्रवाई नहीं होता है, आखिर यह जो राशि लूटा जा रहा है और लूट की राशि का सरेआम जनता के विरुद्ध ही दुरुपयोग किया जा रहा है, इसके लिए जिम्मेवार कौन है?

हमारा काम है , सरकार ,संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारी के वरीय पदाधिकारियों , सभी जात, धर्म ,संप्रदाय के लोगों को जगाना हैं।

पत्रकार होने के नाते हम अपने कर्तव्य की पालन,लाठी डंडा, खाकर एवं गाली सुनकर भी करते हैं, झूठे मुकदमे की आड़ में प्रताड़ित होकर भी करते हैं। 6 किता से अधिक एससी एसटी एक्ट, एक महिला के साथ छेड़खानी तथा प्रशासन से रंगदारी मांगने जैसे मिथ्या आरोप में मुकदमे को झेलते आ रहे हैं। कई एससी एसटी एक्ट का ऐसे कैसे हैं जिसमें केस के सूचक को स्वयं पता नहीं है कि हमने पत्रकार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

राजेश पासवान जी आपने एससी एसटी परिवार के लिए पुरा जीवन को समर्पित करने के वावजूद भी दैनिक समाज जागरण समाचार पत्र में प्रतिदिन "वाह रे बिहार" पार्ट 1 से 3 तक प्रकाशित समाचार की समीक्षा किया और सभी वादों से ऊपर उठकर आपने सच्चाई को रखा है जिसके के लि पीड़ित पत्रकारों एवं दैनिक समाचार पत्र की ओर से मैं सबसे पहले आपको धनबाद ज्ञापन करना चाहता हूं।

**जहां तक आपका सवाल हैं सरकार जाएगा या नहीं ?**

सरकार आने और जाने की बात जहाँ तक हैं, वह जनता पर निर्भर करता है। कब तक जनता जुल्म सह पाएगी, उसके ऊपर निर्भर है ! सर से पानी जब उपर पार करने लगता है तो पतन निश्चित है।


**शेष अगले अंक गतांक से आगे.....**


### पंजीकृत समस्त अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के लिए आवश्यक सूचना

डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मेरठ अशोक कुमार ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 / उ0प्र0 अपार्टमेन्ट एक्ट 2010 के अन्तर्गत पंजीकृत समस्त अपार्टमेन्ट ऑनर्स एसोसिएशन / रेजीडेन्टस वैलफेयर एसोसिएशन से सम्बन्धित ऐसे प्रकरण जिनकी प्रबन्ध समिति के निर्वाचन देय समय पर सम्पन्न न होने के कारण प्रबन्ध समिति कालातीत हो चुकी है और ऐसी कालातीत प्रबन्ध समिति के निर्वाचन अधोहस्ताक्षरी द्वारा सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 की धारा-25 (2) के अन्तर्गत सम्पन्न कराये जाने अपेक्षित हैं। अपने-अपने से सम्बन्धित ए०ओ०ए० / आर0डब्ल्यू0ए० की सूचना सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी / डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, मेरठ मण्डल, मेरठ कार्यालय में साक्ष्यों सहित प्रस्तुत करना सुनिश्चित कर लें, ताकि सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 की धारा-25 (2) के अन्तर्गत निर्वाचन की कार्यवाही प्रारम्भ की जा सके। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## उमस भरी गर्मी में बिजली की आँख मिचौली से लोग त्रस्त

### शाम होते ही चार फीडर को रोटेशन पर चला जा रहे पावर ग्रिड

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करहगर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र में बिजली के आँख मिचौली से उपभोक्ता परेशान है। वही ग्रामीण इलाकों में उमस वाली गर्मी के साथ विद्युत व्यवस्था को लेकर आम जनता परेशान है। भीषण उमस भरे गर्मी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली की समस्या से लोग परेशान व त्रस्त है। सभी ग्रामीण व शहरी इलाकों में प्रतिदिन कई बार लोगो को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है, ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। एक दिन में आठ से दस बार बिजली गुल होना आम बात हो गया है। ग्रामीण इलाकों में रात के वक्त लो




वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे काम करना बंद कर देते है। बिजली की इस आंख मिचौली के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं।

क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसका कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है।

बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से परेशानी और भी बढ़ गई है।

वही विद्युत विभाग के जेई पियूष कुमार ने बताया कि शाम के समय कोचस पावर ग्रिड से बिजली से सप्लाई कम मिलता है। आठ मेगावाट के जगह करगहर ग्रिड को चार मेगावाट ही बिजली मिल पाता है जिसके चार पावर ग्रिड करगहर, रीवा ,बड़हरी एव डुमरा फिडर में दो-दो फिडर में एक- एक घंटा चलाया जाता है। जिससे पावर कट की समस्या हो रही है।वही इस बिजली के कटौती से लोग विभाग पर बिजली को लेकर मनमानी करने का आरोप लगा रहे है।

## G20 बैठक से पहले रूस की दुनिया को चेतावनी, अगर हमारी बात को नजरअंदाज किया तो...

मॉस्को. वर्ष 2004 से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विदेश मंत्री रहे लावरोव 9-10 सितंबर को होने वाली जी-20 देशों की बैठक में रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे. रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शुक्रवार को कहा कि रूस इस महीने होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन की अंतिम घोषणा को तब तक रोकेगा जब तक कि यह यूक्रेन और अन्य संकटों पर मॉस्को की स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करता.

यूक्रेन में युद्ध अपराधों के संदेह में मार्च में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय द्वारा पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने के बाद से उन्होंने विदेश यात्रा नहीं की है. लावरोव ने प्रतिष्ठित मॉस्को स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस में छात्रों से कहा, ह्यअगर हमारा रुख



प्रतिबिंबित नहीं होता है तो सभी सदस्यों की ओर से कोई सामान्य घोषणा नहीं की जाएगी.

**यूक्रेन युद्ध पर पश्चिमी देशों पर आरोप**

क्रेमलिन ने यूक्रेन युद्ध, जो फरवरी 2022 में रूस के आक्रमण के बाद शुरू हुआ था, को एक अहंकारी पश्चिम के साथ अस्तित्व की लड़ाई के रूप में पेश किया है, जिसके बारे में पुतिन का कहना है कि वह रूस को नष्ट करना चाहता है और उसके विशाल प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण करना चाहता है.

**पश्चिमी देशों ने किया इनकार**

पश्चिमी देशों ने ऐसे किसी भी इरादे से इनकार किया है, लेकिन कहा है कि वह चाहता है कि यूक्रेन युद्ध के मैदान में रूस को हरा दे. आक्रमण के जवाब में कई दौर के व्यापक आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं,

## जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल को ED ने किया गिरफ्तार, 538 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी का मामला

मुंबई. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपए की कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार देर रात गिरफ्तार कर लिया. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यहां केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय में लंबी पूछताछ के बाद उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में ले लिया गया.

अधिकारियों ने बताया कि गोयल (74) को शनिवार को मुंबई में एक विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किए जाने की उम्मीद है, जहां ईडी उन्हें



हिरासत में दिये जाने का अनुरोध करेगी.

धनशोधन का मामला केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपए के कथित धोखाधड़ी मामले में जेट एयरवेज, गोयल, उनकी पत्नी अनीता और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी से सामने आया है.

प्राथमिकी बैंक की शिकायत पर दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसने जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड (जेआईएल) को 848.86 करोड़ रुपए के ऋण मंजूर किए थे, जिनमें से 538.62 करोड़ रुपए बकाया हैं.

## केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर बेटे की पिस्टल से युवक की हत्या

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो**

लखनऊ / केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के बेटे के दोस्त बेगरिया निवासी विनय श्रीवास्तव ( 24 ) भाजपा कार्यकर्ता था। केंद्रीय राज्यमंत्री के बेटे विकास किशोर के साथ रहता था। शुक्रवार की सुबह तड़के 4 बजे विनय के सिर में पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी गई। शव बेड के पास जमीन पर पड़ा था। मौके पर अजय रावत, अंकित वर्मा, शमीम बाबा, बंटी सहित दो अन्य अज्ञात लोग मौजूद थे। परिजनों ने अजय,अंकित और शमीम पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।



केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने पुलिस कमिश्नर को दी सूचना कौशल किशोर ने घटना की जानकारी पुलिस कमिश्नर को दी जिसके बाद डीसीपी पश्चिमी राहुल राज, एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा, एसीपी चौक सुनील सिंह, एसीपी काकोरी अनूप सिंह फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड के साथ घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल की। डीसीपी ने बताया कि तीनों नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## मेरी बिटिया

देख के उसके मुखड़े को,
दिल बाग-बाग हो जाता है।

उस मधुर मिलन की बेला का,
सुखद एहसास हो जाता है।

जब आई मेरी गोद मे बिटिया,
छोटी-छोटी पलके थी बन्द,

निहार उसे नैना मेरे,
मुस्कुरा रहे थे मन्द-मन्द।

खुले आँगन में विचरण करती,
मस्त परी सी वह स्वच्छन्द।

पल-पल लख-लख पुलकित होता,
भाव विभोर मेरा अंतर मन।

छोटे-छोटे अधरों से वह,
चुम्बन मेरा करती है,
नन्हे-नन्हे हाथो से ,
अपनी बाहों में भरती है।

स्वर्ग कही गर है तो,
बिटिया की आखों में देखा है,

बेटी की मुस्कान के आगे,
दुनिया का हर सुख फीका है।

**बिंदु अग्रवाल गलगलिया**

## स्वच्छ भारत मिशन

निकली है मतवालो की टोली,
स्वच्छ भारत बनाने को।
स्वच्छता और सुंदरता से दमकता,
अपना वतन बनाने को।
मन है सुंदर ,कर्म है सुंदर,
ये सब ने मन मे माना है।
एक दूजे का साथ पकडकर,
अब भारत को दमकाना है।
देश को अपने जन्नत करने,
घर घर दीप जलाएंगे।
एक दूजे का साथ पकडकर
स्वच्छ भारत बनायेंगे।

**प्रतिमा उपाध्याय "पीहू" (शिक्षक)
प्रधानाध्यापक-प्रावि अमृतपाली
विखं-दुबहड (बलिया)**

## झूठे बोल अमीर के जी हाँ जी हाँ होय

कही जो बात गरीब ने सत्य न माने कोय।
झूठे बोल अमीर के जी हाँ, जी हाँ होय॥

मान नहीं इंसान का धन पद का है होत।
सत्य झूठ की जाँच भी धन पद से ही होत।

सर्दी गर्मी देखकर वस्त्र बदलते लोग,
हर स्थित के वस्त्र हों ऐसा हो संयोग।

ऐसी मजी प्रभू की किंचित भी जो होय,
होनी तो होकर रहे अनहोनी क्यों होय।

भाग्यवान वे होत हैं जो क्षमा कर देत,
पाकर जिन्हें पराये हैं अपने बन जात।

भाग्यहीन जो होत हैं, अहंकार होय जात,
अपने ना अपने रहत सब पराये होय जात।

ईंटें पत्थर से बना घर लेना सहज दिखात,
मकान को घर बना लें है मुश्किल दिखात।

घर बनाने के लिये प्रेम की ईंटे चाहिये,
त्याग का गारा, सहिष्णु होना चाहिये।

चाहे कोई झूठ हो या मन में हो मैल,
रिश्ते जाते दरक हैं फेल होत है खेल।

आदित्य चतुराई भरी, है समक्ष आ जात,
ऐसी बातें कभी भी हैं ना हीं छिप पात।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य
लखनऊ**

# अनेक रूप बदलता राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय चिंतन।

## देश के प्रति समर्पण की सार्वभौमिक आवश्यकता'

**दैनिक समाज जागरण**

राष्ट्रवाद सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा है' वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती है' लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है

देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं'

राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है' जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है' अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं' भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं' यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैं' लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैं' अवसर-वाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है। पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं। अति राष्ट्रवादी होने के स्वरूप को ऑन कर तानाशाही की प्रवृत्ति को आम जनता के ऊपर लागना सैनिक तानाशाही अधिनायकवाद तथा फासीवाद को भी जन्म देने की प्रक्रिया के अंग हैं। लोकतंत्र में राजशाही की तरह शासकीय धन का मनमाना दुरुपयोग एक अनैतिकग प्रक्रिया है एवं यह सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने का निम्न स्तरीय हथकंडा भी है। इससे न सिर्फ जनता पर करों का बोझ पड़ता है बल्कि सार्वजनिक रूप से किए जाने वाले जनहित के कार्यों का भीक अवरोध बन जाता है। चुनाव में मतदान को प्रभावित करने के लिए टीवी में मोबाइल फोन लैपटॉप आदि का प्रॉब्लम भी लोकप्रियता किंतु आर्थिक दूरदर्शी एवं लोकतांत्रिक न्याय के प्रतिकूल है। बीसवीं सदी के लगभग सभी थाना गांव द्वारा किस प्रकार के सैनिक राष्ट्रवाद द्वारा सस्ती लोकप्रियता पाकर लोकतंत्र को रोकने का प्रयास किया गया। पाकिस्तान म्यानमार उत्तर कोरिया देशों में व्यापक सुरक्षा हिंसा आतंकवाद पर नियंत्रण की लूट प्रिय तावादी धारणा का प्रयोग सैन्य प्रभाव को बरकरार रखने के लिए रो रहा है। लोकतंत्र का सदैव उद्देश्य तथा आदर्श जनता का समर्थन प्राप्त करना जनता किसानों की छांव की पूर्ति करना एवं जनता की हर सुविधा का ध्यान रखना है। पर देश का लोकतंत्र सत्ताचरिता, अवसरवादीता एवं एल्केन सत्तारूढ़ बने रहने की जुगत में क्षतिग्रस्त होता जा रहा है लोकतंत्र की भविष्य की संभावनाएं एवं उसके स्तंभ कमजोर होते जा रहे हैं ऐसे में देश के समृद्ध एवं प्रबुद्ध वर्ग को पहल करने आगे आना होगा वरना लोकतंत्र के दुरुपयोग के दूरगामी परिणाम विध्वंसकारी भी हो सकते हैं। पता अवसरवादी लोकप्रियता वादी विचारों के असंतुलित तात्कालिक लाभों के स्थान पर बहुआयामी लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर ही संतुलित विकास एवं समायोजन पर ध्यान देना चाहिए।परिणाम स्वरूप जनता ,सरकार ,राजनीतिक दल, मीडिया, सिविल सोसाइटी तथा अन्य सभी के हित की दृष्टि में बहुत ही व्यापक तथा दूरगामी परिणाम लाने वाले लोकतांत्रिक स्तंभ को एकजुट होकर सामाजिक संतुलन बनाए रखना होगा। एवं हम सभी के समेकित प्रयास से लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों एवं उसकी मूलभूत अवधारणाओं की रक्षा हो सकेगी।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# ताप्ती महोत्सव की पांसे को तो एबीसीडी तक नहीं मालूम थी...?

**दैनिक समाज जागरण**

बैतूल, मां सूर्यपुत्री ताप्ती जागृति समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर पंवार ने दावा किया कि पांसे झूठ मूठ का श्रेय ले रहे है। ताप्ती जन्मोत्सव की घोषणा कैसे हुई और किसके कहने पर ताप्ती महोत्सव की मांग मानी गई...? ताप्ती महोत्सव की मुलताई के विधायक सुखदेव पांसे को एबीसीडी तक नही मालूम...? श्री पंवार ने कहा कि जिला पंचायत के सभागार में स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा जन संपर्क एवं लोक संस्कृति मंत्री के रूप में पत्रकारो से चर्चा कर रहे थे। उस दौरान मैने श्री शर्मा से कहा था कि जब इस प्रदेश में ओरछा महोत्सव, खुजराहो महोत्सव मनाया जा सकता है तब ताप्ती महोत्सव क्यों नहीं....? उसी समय मेरी स्वर्गीय लक्ष्मीकांत से काफी देर तक चर्चा हुई और उन्होने उसी समय घोषणा कर दी कि अगले साल से ताप्ती महोत्सव का आयोजन लोक संस्कृति विभाग करेगा। इस बात को लेकर मेरे ही निवदेन पर ताप्ती महोत्सव की घोषणा हुई। यदि मेरी बात गलत साबित कर दे मैं पत्रकारिता छोडड़े को तैयार हूं। श्री पंवार ने नगर पालिका अध्यक्ष क्षत्रिय पंवार / परमार समाज की अपनी छोटी बहन श्रीमती नीतू परमार से कहा कि वे पांसे के झासे में न फसे क्योकि पांसे को तो पता ही नहीं था कि ऐसा कोई आयोजन लोक संस्कृति विभाग द्वारा करवाया जाता है। पांसे ने श्रेय कुमार बनने के एवं लोक लाज के डर से विधानसभा में ध्यानाकर्षण लगा दिया था। श्री पंवार ने कहा कि उनके प्रयासो से ही ताप्ती जन्मोत्सव का स्थानीय अवकाश शुरू हुआ। मां ताप्ती का नाम मध्यप्रदेश गान में जुड़ा और तो और ताप्ती न्यास जिसका अध्यक्ष उन्होने डी एस राय को बनाया उस न्यास को बनवाने में भी मेरा योगदान रहा है। मुलताई विधायक ने साजिश रच कर मुझे न्यास का अध्यक्ष बनने नहीं दिया। इतना ही नहीं पांसे जब स्कूल में पढ़ते थे उस समय से मैं कांग्रेस पार्टी के सेवादल से लेकर कांग्रेस के अनेक संगठनो में जिला पदाधिकारी भी रहा। पांसे ने मेरे साथ विश्वास घात किया इस लिए कांग्रेस की सरकार भी गई, मंत्री पद भी गया और तो और उनका बनाया ताप्ती न्यास का अध्यक्ष दो दिन कुर्सी पर बैठ भी नहीं पाया। इस बार फिर सुखदेव पांसे बुरी तरह से चुनाव हारेगा और जिस दिन चुनाव हारेगा उसी दिन मैं ताप्ती जल से अपनी सौंगध को पूरा करूंगा। उल्लेखनीय है कि कहा कि श्रीमती नीतू परमार ने कहा था कि ताप्ती महोत्सव की बात है तो वर्ष 2008 से 2013 तक जब सुखदेव पांसे विधायक थे तब तक ही ताप्ती महोत्सव का आयोजन भव्य स्तर पर सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित किये गये। वह भी पांसे जी ने जब विधानसभा में ध्यानाकर्षण लगाया था तब इसकी घोषणा की गई थी। जब 2013 से 2018 तक सखुदेव पांसे विधायक नही थे भाजपा के चंद्रशेखर देशमुख विधायक थे तब यह सब आयोजन क्यों बंद हो गये थे। उसके बाद यह महोत्सव पुनः भव्य स्तर पर सांस्कृतिक विभाग से पांसे जी के प्रयास से होने लगे।

**सेल्समेन कोठी बाजार का गंज में 6 बाटल की घर पहुंच सेवा किसे दे रहा था...? ठेकेदार ने अपने सेल्समेन को उठा करले जाने की पुलिस मे रिर्पोट क्यों नहीं दर्ज करवाई**

बैतूल, काफी समय पहले काका राजेश खन्ना की एक फिल्म आई थी कि सच्चा - झूठा इस फिल्म की कहानी तो नहीं परफिल्म का शीर्षक दो आबकारी ठेकेदारो के आसपास मंडरा रहा है। दर असल मामला 6 पेटी शराब का है 6 बाटल का जांच बारिकी से होनी चाहिए ताकि पता लग सके कि कौन सच्चा कौन झूठा....? कोठी बाजार के शराब ठेकेदार ने बीती रात को मेहरून कलर की स्कूटी पर तथाकथित पकड़ाई शराब की 6 पेटी के मामले में गंज एवं कोठीबाजार के दोनो देशी - विदेशी मदिरा के ठेकेदार आपस में एक दुसरे पर आरोप - प्रत्यारोप लगा रहे है। रूद्र देव सूरा नामक फर्म की कोठी बाजार दुकान में काम करने वाले लड़के को इशान जयसवाल जब पकड़ कर ले जा रहा था तब कोठी बाजार पुलिस को क्या विपिन सिंह ने फोन या मोबाइल पर जानकारी दी थी कि उसके आदमी को इशान जयसवाल या उसके गुर्गे अपहरण कर या जोर जबरदस्ती ले जा रहे है या ले गए....? अरूण नामक कोठी बाजार दुकान का सेल्समेन भलां क्यों गंज की शराब की दुकान के संचालक इशान जयसवाल के साथ गया उसने रास्ते में शोर क्यों नहीं मचाया और उसने अपने कथित अपहरण की सूचना गंज पुलिस थाने में क्यों नहीं दी...? मजेदार बात यह सामने आई कि इशान जयसवाल ने इशान जयसवाल उसे अपनी स्कोर्पियो में जबरदस्ती बैठा लिया और उसे आबकारी कार्यालय ले गए लेकिन आबकारी कार्यालय में अरूण की मेहरून कलर की स्कूटी कैसे पहुंच गई....? स्कूटी लेकर कौन आया था....? गंज से कोठी बाजार दुकान में काम करने वाले लड़के को पकड़कर आबकारी तक पहुंचाने के मामले में अरूण ने क्या किसी को मोबाइल पर कोई संदेश या काल किया कि उसे जबरन पकड़ कर ले जाया गया...? मध्यप्रदेश के बैतूल में जिले में आये दिन विवादो में रहने वाले आबकारी विभाग के ठेकेदार एक दुसरे के क्षेत्र में माल बेचने का काम करते चले आ रहे है। यह कोई पहला मामला नहीं है जब किसी एक ठेकेदार के क्षेत्र में दुसरे ठेकेदार ने शराब नहीं पहुंचाई हो...? शराब ठेकेदारो की आपसी रंजीश किसी से छुपी नहीं है...? इशान जयसवाल पर हमले के मामले से लेकर उससे पुलिस द्वारा जप्त की गई अवैध शराब के अनेक मामले पुलिस के संज्ञान में है लेकिन ताजा मामला पुलिस के संज्ञान में लाए बिना आपस में सुलटाने का काम किया जा रहा था...? पुलिस को अरूण नामक उस युवक को सौप देना था पुलिस दो मिनट में सारी कहानी सामने ला देती लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं और आबकारी विभाग स्वंय इस मामले की जांच पड़ताल करने लग गया...? अरूण की स्कूटी पर जब शराब की पेटी रखी जा रही थी तब अरूण ने इस बात की जानकारी पुलिस को क्यों नहीं दी। पहले यह कहा गया कि 6 पेटी शराब नहीं थी 6 बाटल का मामला है ....? चलो एक घड़ी मान भी ले कि मामला 6 बाटल का है तब यह कौन बताएगा कि कोठी बाजार देशी शराब दुकान का सेल्समेन अपनी दुकान को छोड़ कर गंज की दुकान से किसके लिए शराब लेकर जा रहा था....? चलो यह भी मान ले क गंज दुकान से नहीं वह कोठी बाजार दुकान से 6 बाटल लेकर आया था ...? तब यह जानना बेहद जरूरी है कि किसके लिए 6 बाटल लेकर वह गंज में घुम रहा था.. ? आबकारी विभाग के सुरेंद्र कुमार देवांगन ने भी स्वीकार किया कि जब मैने कार्यालय पहुँचकर मामले की जानकारी ली गई तो जानकारी लगी कि 6 बॉटल शराब अरुण द्वारा ले जाना बताया गया और वो भी विभाग के पास नही है ....? 6 बाटल शराब अरूण किसके लिए ले जा रहा था...? आखिर किसे घर पहुंच सेवा कोठी बाजार की शासकीय देशी - विदेशी मदीरा दुकान से दी जा रही थी...?आबकारी विभाग ने कुछ मीडिया चैनल वालो को विभाग के कैमरे मे कैद फूटेज भी दिखाई लेकिन इन फूटेज मे क्या इशान जयसवाल दिखाई दे रहा है....? इशान जयसवाल के आदमी कौन है....? जिस स्कोर्पियो से 6 पेटी उतारी जा रही है वह गाड़ी किसके नाम पर रजिस्टर्ड है और तो और उसका नम्बर क्या है...? यह कौन बताएगा....? कहानी उलझाई गई और पूरा मामला आबकारी विभाग के ठेकेदारो की आपसी धंधे की प्रतिस्पर्धा का बताया जा रहा है। पूरे मामले का एक ही निदान है वह कि पूरे मामले को पुलिस को सौप देना चाहिए पुलिस दुध का पानी और पानी का दुध निकाल बाहर करेगी ...?

**पांच पाण्डवो को हस्तिनापुर के लिए अभिमन्यु की तलाश..... ?**

चन्द्रशेखर सुखदेव पांसे की रातो की नींद दिन का चैन उड़ा ले गया

बैतूल, जिले की राजनीति में महासंग्राम कौरवो और पाण्डवो के बीच पांच गांव को लेकर नहीं बल्कि हस्तिनापुर की कुर्सी को लेकर अगले माह शुरू होने वाला है। मुलताई की कांग्रेस - भाजपा की राजनीति के चाणक्य भीष्म पितामह की मंशा की परवाह न करते हुए एक ऐसे अभिमन्यु की तलाश कर रहे है जो पंवार समाज के वोटो मे सेंधमारी कर सके। जानकार सूत्रो की माने तो पांसे की जीत की संभावनाओ को तलाशने वाले चन्द्रशेखर देशमुख की टिकट कटवाने का आखरी समय तक इंतजार करेगें। भाजपा के नेतृत्व को ब्लेकमेल करने की मंशा से थर्ड फ्रंट का शिगुफा छोडड़े वाले सुखदेव पांसे के समर्थको को यह अच्छे से पता चल गया है कि इस बार आम आदमी पार्टी की रूपाली खाड़े और भाजपाई पूर्व विधायक चन्द्रशेखर देशमुख कुंबी समाज के जिस वोट बैंक का सुखदेव पांसे दावा करते थे उसी वोट बैंक में सेंधमारी का काम कर चुके है। इस बार आम आदमी पार्टी की रूपाली खाडे ने चार अंको में वोट अपने ही समाज के बटोर लिए तो कोई भी ताकत कितना बड़ा भी जादू या चमत्कार क्यों न आ जाए सुखदेव पांसे को हर हाल में हार का सामना करना पड़ सकता है। जानकार सूत्रो का कहना है कि जिले में कांग्रेस एवं भाजपा में दो पावर सेंटर है दोनो संयोग से मुलताई एवं बैतूल से आते है। ऐसे में भाजपाई राजा पंवार यदि चोरी चुपके सुखदेव पांसे की मदद करते भी है तो राजा पंवार की कुर्सी को डगमगाने के लिए निलय डागा भी भाजपा के असंतुष्ट धड़े की मदद ले सकते है। भाजपा का असंतुष्ट धड़ा वैसे भी राजा ठाकुर के जिला पंचायत अध्यक्ष न बन पाने के चलते बैतूल के पूर्व भाजपा सासंद एवं विधायक रहे हेमंत विजय कुमार खण्डेलवाल की राह में कांटे बिछाने का काम करेगें...? ऐसे में उन्हे वर्तमान कांग्रेस विधायक निलय डागा से लेकर असंतुष्ट गुट के नेता रहे राजनीति के जाने - माने विश्लेषक राजीव खण्डेलवाल, प्रवीण गुगनानी तक एक दुसरे की मदद के लिए मौके का इंतजार कर रहे है। बैतूल जिले की राजनीति का पावर सेंटर कहे जाने वाले सुखदेव पांसे के हारने से ही बैतूल विधायक निलय डागा की कद और पार्टी संगठन में पोजीशन में अंतर आएगा। जानकार सूत्रो का कहना है कि सुखदेव पांसे ने अपने ही मित्र राजा पंवार की मदद से भाजपाई अभिमन्यु को खोज निकाला है जो राजनीति के महाभारत में अभिमन्यु बन कर चक्रव्यूह को भेदने का काम करेगें लेकिन मुलताई एवं बैतूल की राजनीति के धुरंधर कहे जाने वाले चाणक्य ने भाजपा से राजू अनुराग पंवार को चने के झाड़ चर बिठाना शुरू कर दिया है, वही भाजपा का एक धड़ा यह मान रहा है कि नरेश फाटे अपने मुंहबोले मौसा ससुर की जीत को आसान बनाने के लिए भाजपा से बगावत कर सकते है....? लेकिन ऐसा होगा नहीं क्योकि नरेश फाटे यदि खड़ा हुआ तो वह पांसे के ही वोटो का विभाजन करेगा...? इधर पंवार समाज के बड़े नेताओ के कहने पर राजू पंवार पंवार समाज के उन वोटो में सेंधमारी कर सकता है जो कि भाजपा को जाने वाले है। भाजपा का एक धड़ा हेमंत विजय राव देशमुख को दुहाई देने लगा है कि भाजपा ने उसके साथ दगाबाजी की है इसलिए भाऊ आपको हर हाल में अभिमन्यु की तरह कौरवो के चक्रव्यूह को भेदना होगा...? कल तक सुखदेव पांसे के समर्थक हेमंत विजयराव देशमुख को बाहरी तथा दुसरी जाति का बताने वाले उसकी पुश्तैनी जानकारी मांगते नजर आ रहे थे लेकिन इस बार भाऊ की टिकट कट जाने के बाद मगरमच्छ रूपी आंसु बहाने लगे है। बैतूल के बारे में एक ताजा जानकारी यह भी छन कर सामने आई है कि कांग्रेस से मुलताई - मासोद क्षेत्र से अपनी बुरी तरह से हार की संभावनाओ के बीच सुखदेव पांसे की स्थिति नाजुक हो गई है।

**चंदा चुनरी के फ्लाप शो के बाद सौ की साड़ी और ढेड़ सौ की बिछिया वाली भेदभाव की नौटंकी शुरू!**

बैतूल। चुनावी प्रलोभल का अभी वितरण बता रहा है कि पांच साल में जनहित में कुछ भी ऐसा नही किया जिस के दम पर वोट मांगे जा सके । इसलिए चिन्हित समूह को सस्ते प्रलोभन से बहलाने का खेल शुरू हो चुका है। इसमें भी भेदभाव की गंदी सोच नजर आ रही हैं और बात भी हर तरफ सार्वजनिक हो चुकी है। आज किदवई वार्डए तिलक वार्डए आजाद वार्डए आर्यपुरा जैसे बार्डो में पूछा जा रहा कि क्या हम केवल वोट देने के लिए ही ए कस हम इस लायक भी नहीं समझा जा रहा कि हमारी बहन बेटियों को सखी सहेली जैसे आयोजन में नही बुलाया जा रहा। क्या हमारा तबला हर हाल में वोट देगा ही इसलिए दोयाम दर्जे का व्यवहार लगातार किया जा रहा। यह सवाल अब अल्प संख्यक बेल्ट के मतदाता को अच्छे से समझ आ गई है कि उनके वोट देने के बाद भी उन्हें गैर की तरह ही ट्रीट किया जाएगा। इसी दर्द या पीड़ा को दो पार्षद ने प्रभारी के सामने जाहिर किया था जिसका मामला उजागर होने पर खबर खंडन जैसा बोगस पाखंड करना पड़ा। अब लोग कह रहे कि चंदा चुनरी के फ्लॉप शो के बाद साड़ी बिछिया का खेल चल रहा और इसमें भी भेद भाव किया जा रहा। इस भेदभाव की पोल न खुल जाए इसलिए चोरी चोरी चुपके चुपके किया जा रहा। जो व्यक्ति कोरोन जैसी आपदा में थोड़ी सी मदद का अनाज बाटने पर सोशल मीडिया और मीडिया में ढेर सारे प्रचार की नौटंकी कर सकता है वह साड़ी बिछिया बाटने का प्रचार न खा रहा हो तो लोगो को उसकी मानसिकता और नियत पर शक तो होगा ही। इसलिए अब पारदी और ओझा तक पूछ रहे की 100 वाली साड़ी और ढेड़ सौ वाली बिछिया देकर बोट खरीदने वाले को सबक जरूर सिखाया जाएगा।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के तहत पात्र दिव्यांगजन निःशुल्क कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए कर सकते हैं

# ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन।

जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी गौतम बुद्ध नगर आशीष कुमार सिंह ने सर्वसाधारण का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से जनपद में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत आवेदन/पंजीकरण के लिए विभाग द्वारा ऑनलाईन पोर्टल divyang-janup.upsdc.gov.in विकसित किया गया है।

उन्होंने बताया कि जनपद के ऐसे पात्र दिव्यांगजन, जिन्हें कृत्रिम अंगो ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, बैशाखी एवं सेन्सर स्टिक सहायक उपकरणों की आवश्यकता है। ऐसे पात्र दिव्यांगजन अपने अभिलेखों- दिव्यांगता दशार्ता रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो, जन्मतिथि/आयु प्रमाण पत्र आधार कार्ड/हाईस्कूल मार्कशीट, पहचान प्रमाण पत्र वोटर आई0डी0/हाईस्कूल मार्कशीट/यू0डी0आई0डी0 कार्ड, आय प्रमाण पत्र शहरी क्षेत्र 56460/- वार्षिक एवं ग्रामीण क्षेत्र-46080/- वार्षिक, दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यू0डी0आई0डी0 कार्ड, उपकरण के लिए चिकित्सा अधिकारी से संस्तुति प्रमाण-पत्र आदि के साथ ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया की उक्त योजना के संबंध में अधिक जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विकास भवन कमरा नंबर 107 सूरजपुर में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## एसएसपी ने आगामी त्योहारों पर मुस्तैद रहने के लिए दिए निर्देश

दैनिक समाज जागरण फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने शुक्रवार परेड की सलामी ली। उन्होंने बाद में आगामी त्योहारों को लेकर मुस्तेदी बरतने के निर्देश दिए पुलिस लाइन के मैदान पर परेड का संचालन क्षेत्राधिकारी लाइन हीरालाल कनौजिया ने किया। तत्पश्चात एसएसपी ने परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने को परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई।साथ ही टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही कराई। एसएसपी ने परेड में उपस्थित समस्त अधिकारी, कर्मचारियो को आगामी श्री कृष्ण जन्माष्टमी व अन्य त्यौहारों के सम्बन्ध में सतर्क रहने को कहा। अपनी-अपनी बीट में सी प्लान एप के माध्यम से प्रतिदिन ग्राम, मजरों व कस्बों में सम्भ्रांत व्यक्तियों को कॉल करने को निर्देशित किया। जिससे उनके क्षेत्र में होंने वाली छोटी से छोटी घटना के सम्बन्ध में समयबद्ध जानकारी हो सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश मिश्रा,पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रणविजय सिंह, एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण उपस्थित रहे ।

## नियुक्ति व सेवानिवृत्ति दोनों एक प्रक्रिया का हिस्सा - कल्पना जायसवाल

बिसौली आई एम खान। तहसील सभागार में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त बाबू प्रदीप गुप्ता को विदाई दी गई। एसडीएम कल्पना जायसवाल व तहसीलदार विजय कुमार ने उन्हें उपहार व प्रतीक चिन्ह भेंट किए। समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम श्रीमती जायसवाल ने कहा कि नियुक्ति व सेवानिवृत्ति दोनों एक प्रक्रिया का हिस्सा हैं। तहसीलदार ने सेवानिवृत्त श्री गुप्ता को स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप शर्मा एड., स्टेनो जहीर आलम, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मंजर मोहम्मद खान, सतीश श्रीवास्तव, अरशद हुसैन, कुलदीप पाराशरी, बंटी आदि उपस्थित रहे।



## पालिका कर्मी के सेवानिवृत्त होने पर चेयरमैन अबरार अहमद ने चेक भेंट किया

बिसौली आई एम खान। पालिका कर्मी जहीर अहमद के सेवानिवृत्त होने पर साथियों ने भावभीनी विदाई दी। चेयरमैन अबरार अहमद ने उन्हें उपार्जित अवकाश की धनराशि का चैक प्रदान किया। श्री अहमद ने कहा कि जहीर भाई का पूरा कार्यकाल स्वर्णिम रहा है। साथियों व सभासदों ने जहीर अहमद को फूलमालाओं से लाद दिया। उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। समारोह में लेखा लिपिक मशकूर खान, राजीव कुमार, महेश, यशोदानंदन, विकास बाबू, सनी, जितेन्द्र, सभासद शिवशंकर रस्तोगी, शफीक सलमानी, तरूण शर्मा, अभीक्ष पाठक, रहीस सैफी, कृष्णा गुप्ता, दीपक पाठक आदि मौजूद रहे।



### अज्ञात कारणों के चलते बस परिचालक की मौत

जालौन(कोंच):- राजस्थान के जिला धौलपुर थाना नेहालगंज के जेरौली निवासी पप्पू उर्फ बहादुर सिंह (40) पुत्र रूप सिंह पिछले कई वर्षों से एनएल 07 बी 0905 बस पर परिचालक का काम कर रहा था। शुक्रवार को पीली कोठी के सामने खड़ी बस में उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि गुरुवार को पप्पू खाना खा पीकर बस में सो गया था तभी उसकी मौत हो गई सुबह मृत अवस्था मिला था। इससे पहले उसे एक बार अटैक पड़ चुका था जिससे आशंका जताई जा रही है कि संभवतः हृदयाघात से ही उसकी जान चली गई। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।



### ग्राम पनयारा के पास नीलगाय ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक घायल

कोंच(जालौन): उरई- कोंच सम्पर्क मार्ग पर सड़क किनारे खेतों से दौड़ लगा कर निकली एक नील गाय से टकराकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकरी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनयारा निवासी 35 वर्षीय युवक विक्रम पुत्र करनजू शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे समीपवर्ती ग्राम दिरावटी से वापस लौट रहा था तभी कोंच- उरई मुख्य मार्ग पर ग्राम पनयारा के ही समीप स्थित एलपीएस होटल के सामने एकाएक खेतों से दौड़ कर आई एक नीलगाय से विक्रम की बाइक की टक्कर हो गयी। तेज टक्कर होने से विक्रम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिस्की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा आनन -फानन में उपचार हेतु सीएचसी कोंच ले जाया गया।



### घर मे रह रही परिवार की महिला के खिलाफ , पीड़िता ने की शिकायत ।।

माधौगढ़ जालौन : धूता निवासी महिला ने थाने मे प्रार्थना पत्र देकर बताया कि परिवार की महिला घर मे आकर रहने लगी है जो आये दिन किसी ना किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा हो जाती है उक्त महिला ने थाने मे प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

प्रार्थना पत्र देकर महिला ने बताया कि घर परिवार का ही लड़का सुरेंद्रपाल एक महिला गुन्नान को घर



लाया था जो आये दिन किसी ना किसी बहाने से लड़ाई झगड़ा करती है घर का मुख्य दरवाजा एक ही जिससे निकास होता है महिला रात्रि के समय दरवाजा खोल कर चली जाती है कई बार ऐसा करने पर महिला को मना किया तो महिला उल्टा लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गयी महिला ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उक्त महिला भविष्य मे बड़ी घटना को भी अंजाम दे सकती है उक्त महिला के खिलाफ पीड़िता ने शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की।

अपने व्यापार का करे प्रचार
विज्ञापन के लिए संपर्क करे।
8126553593

## आगामी 03 सितंबर को संघ लोक सेवा आयोग की मंशा के अनुरूप एनडीए/एन(॥) एवं सीडीएस परीक्षा(॥) 2023 को जनपद में सकुशल शांतिपूर्ण एवं सुचीता के साथ संपन्न कराने को जिला प्रशासन कृत संकल्पित

डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने दिनांक 3 सितंबर को होने वाली परीक्षा की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

संघ लोक सेवा आयोग की मंशा के अनुरूप सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें अधिकारीगण

परीक्षा केंद्रों पर कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस अंदर नहीं जा पाए, इस पर पुलिस विभाग के अधिकारी गण रखें विशेष फोकस

परीक्षा में लगाए गए समस्त अधिकारीगण समय से अपनी ड्यूटी पर पहुंचकर अपने दायित्वों का करें निर्वहन

आयोजित होने वाली परीक्षा में किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध होगी कड़ी कार्यवाही

संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली की मंशा के अनुरूप जनपद में आगामी 03 सितंबर को 08 केंद्रों पर होने वाली एनडीए/एन परीक्षा(॥) एवं सीडीएस परीक्षा(॥) 2023 को जनपद में सकुशल शांतिपूर्ण एवं सुचीता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने आगामी 03 सितंबर को जनपद में परीक्षा केंद्रों पर होने वाली परीक्षा की तैयारियों को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं लोकल इंस्पैक्टिंग ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारीगण अपनी सभी तैयारियां परीक्षा से पूर्व संघ लोक सेवा आयोग के मानकों के अनुरूप सुदृढ़ करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का बहुत ही अहम योगदान होता है, इसीलिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए मानकों के अनुरूप अपनी-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान करेंगे एवं संबंधित अधिकारीगण समय से अपनी-अपनी ड्यूटी स्थलों पर पहुंचकर अपने दायित्व का निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाली परीक्षा में यदि किसी भी अधिकारी की लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं लोकल इंस्पैक्टिंग ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि उनके द्वारा अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि परीक्षा केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं एवं सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं, यदि कोई भी मूलभूत सुविधा, सीसीटीवी कैमरा एवं जैमर सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा हो तो तत्काल उसको सही कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र के एंट्री गेट पर एंट्री कराते समय इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर विशेष फोकस रखा जाए, कोई भी अभ्यर्थी अपने साथ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को परीक्षा केंद्र के अंदर न ले जा पाए, ताकि संघ लोक सेवा आयोग की मंशा के अनुरूप आगामी 03 सितंबर को होने वाली परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराया जा सके।

संघ लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधि ने इस अवसर पर बैठक में उपस्थित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं लोकल इंस्पैक्टिंग ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापकों को मानकों के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराने की विस्तार पूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई। बैठक का सफल संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह के द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं लोकल इंस्पैक्टिंग ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक व जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## मुख्यमंत्री ने 'बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान-2023' का शुभारम्भ किया





लखनऊः 01 सितम्बर, 2023 /मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा ह्यसहकार से समृद्धि की ओरह्व ध्येय वाक्य को ध्यान में रखकर वर्ष 2021 में केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया। यह सहकारिता को आम नागारिक के जीवन में समृद्धि का माध्यम बनाकर स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। देश के पहले सहकारिता मंत्री के रूप में गृहमंत्री श्री अमित शाह जी ने प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप सहकार को समृद्धि के साथ जोड़ते हुए सहकारिता की आधारभूत इकाई पैक्स को मजबूत बनाने पर बल दिया है।

मुख्यमंत्री जी आज यहां अपने सरकारी आवास पर ह्यबी-पैक्स सदस्यता महा अभियान-2023ह्व का शुभारम्भ करने के पश्चात इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। बी-पैक्स (साधन सहकारी समितियां) सदस्यता महा अभियान-2023 (01 से 30 सितम्बर, 2023) तक पूरे प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने बी-पैक्स सदस्यता अभियान से जुड़ने के लिए ऑन लाइन पोर्टल ६६६.स्रूर्ङ्गी१.ल्ल और टोल फ्री नम्बर 1800212884444 का शुभारम्भ किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह अभियान सफलतापूर्वक आगे बढ़कर प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। समाज को साथ लेकर चलने वाले लोग इसके माध्यम से चुनकर आएंगे और सहकारिता आंदोलन को प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप सहकार से समृद्धि की ओर ले जाने में अपना योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सहकारिता प्राचीन काल से ही भारतीय परम्परा का अभिन्न अंग रहा है। संयुक्त परिवारों की परम्परा इसका एक आदर्श उदाहरण है। गांवों और कस्बों में समाज की सहभागिता से आयोजित होने वाले सभी धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम इसके विभिन्न अंग रहे हैं। पहले समाज आपस में मिलकर सहयोग की भावना से विद्यालयों तथा विभिन्न संस्थानों का निर्माण करता था। यह सहकारिता का ही आदर्श उदाहरण है। वास्तव में समाज की सहभागिता से जब कोई कार्य आगे बढ़ता है तो उसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता के क्षेत्र में पहले बड़ी-बड़ी चीनी मिलें संचालित होती थीं तथा किसानों की समृद्धि का माध्यम बनती थी। इनके द्वारा सड़कों, स्कूल और चिकित्सालयों के निर्माण में योगदान किया जाता था। प्रदेश में कुछ असामाजिक तत्वों की प्रतिस्पर्धा में फंसकर सहकारिता आंदोलन फीका पड़ गया था। डबल इंजन की सरकार सहकारिता को समृद्धि के साथ जोड़ते हुए इसे आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। इसके लिए अनेक कार्यक्रम प्रारम्भ किये गये हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सहकारिता की सबसे आधारभूत इकाई पैक्स अभी तक बीज और खाद बेचने तक सीमित रहती थी। अब इसे कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। अब इसके द्वारा अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। गांव-गांव में कृषक सहकारी समितियों के माध्यम से गोदाम निर्माण का कार्य चल रहा है। किसानों की आमदनी को बढ़ाने के लिए कई रचनात्मक कार्यक्रम चल रहे हैं, जिसके माध्यम से किसानों के चेहरे पर खुशहाली लाई जा सकती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश अपनी समृद्ध कृषि के लिए जाना जाता रहा है। यहां उर्वर भूमि और अच्छे जल संसाधन हैं। राज्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से 02 करोड़ 61 लाख से अधिक किसान सीधे-सीधे जुड़े हैं। प्रदेश में लगभग 03 करोड़ से अधिक किसान मौजूद हैं, जो इस अभियान से जुड़कर प्रदेश की कृषि को समृद्ध बनाने में सक्षम होंगे।

स्वतंत्रता के समय देश की कुल जी0डी0पी0 में कृषि का योगदान लगभग 40 प्रतिशत था। वर्तमान में यह लगभग 16 से 17 प्रतिशत है। प्रदेश की जी0डी0पी0 में कृषि का योगदान लगभग 25-26 प्रतिशत है। यदि प्रदेश के किसानों को समय पर बीज, खाद और अन्य संसाधन प्राप्त हों तथा समय पर हमारी यह समस्त इकाइयां प्रभावी ढंग से कार्य करना प्रारम्भ कर दें, तो अन्नदाता किसान धरती से सोना उगाने का काम करेगा। इसके लिए किसानों को सुविधाओं से युक्त करना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में विरासत में मिले 16 जिला सहकारी बैंकों की स्थिति बहुत जर्जर हो चुकी थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने इनके लाइसेंस जब्त कर लिए थे। केन्द्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक ने इन सभी का लाइसेंस बहाल कर दिया है। डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से इसमें से 11 जिला सहकारी बैंक लाभ की स्थिति में हैं। हमें शेष बैंकों पर भी कार्य करना होगा। साथ ही, अन्य बैंकों की कार्य पद्धति की माइक्रो मॉनिटरिंग की आवश्यकता है। प्रदेश में बाजार और व्यवसाय की कमी नहीं है, नेक नीयत और इच्छा शक्ति होना आवश्यक है।

व्यवसाय को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है, इसके लिए बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखी अच्छा उदाहरण है। गांव-गांव में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखी की नियुक्ति की गई है। कोरोना कालखण्ड में इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया तथा बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखी का प्रशिक्षण कराया गया। पहले लोग बैंकों के दूर स्थित होने और बैंक शाखाओं की कमी की शिकायत करते थे। वर्तमान में प्रदेश में 56 हजार बैंकिंग कॉरेस्पॉडेंट सखी सफलतापूर्वक बैंकों से सम्बन्धित समस्त लेनदेन का कार्य कर रही हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश भर में सहकारी बैंकों की नई शाखाएं खोलने के लिए मैपिंग कराने हेतु सहकारिता विभाग को निर्देशित किया गया है। प्रदेश में एम0एस0एम0ई0 का सबसे बड़ा बेस है। यह सहकारिता क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। प्रथम चरण में प्रदेश में सहकारी बैंकों की शाखाएं खोलने के साथ-साथ बी0सी0 सखी को इससे जोड़ने का कार्य किया जाना चाहिए। वर्तमान सहकारी बैंकों के लाभ को बढ़ाने के लिए भी कार्य किए जाने चाहिए। बैंकिंग लोन के लेनदेन की विभागीय समीक्षा नियमित रूप से होना आवश्यक है। ऋण लेने वाले व्यक्तियों की पात्रता का भी निर्धारण किया जाना चाहिए। यदि यह सभी कार्य सम्पन्न हो जाते हैं तो तीसरे चरण में हमें ह्यएक जिला, एक सहकारी बैंकह्व की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इस सम्बन्ध में राज्य सरकार पूरा सहयोग प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश निवेश के सबसे अच्छे गंतव्य के रूप में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश की ह्यएक जनपद, एक उत्पादह्व योजना देश भर में प्रसिद्ध है। प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें ह्यलोकल फोर ग्लोबलह्व के बारे में विचार करना होगा। स्थानीय उत्पाद की पैकेजिंग, डिजाइनिंग, मार्केटिंग के लिए एम0एस0एम0ई0 विभाग द्वारा बड़े अभियान को चलाया जा रहा है। प्रदेश में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग की स्थापना जनपद लखनऊ में की जा रही है। साथ ही, डिजाइनिंग इंस्टीट्यूट की भी स्थापना हो रही है। वर्तमान में प्रदेश के 7,500 पैक्स में फर्टिलाइजर आदि की खरीद के लिए क्रेडिट लिमिट को बढ़ाकर 10 लाख रुपये किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। इससे किसानों को बहुत सहायता प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें आने वाले समय में कृषि विभाग के साथ मिलकर फसली ऋण के बारे में विचार करना चाहिए। ह्यएक जनपद, एक उत्पाद योजनाह्व तथा ह्यविश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनाह्व के अंतर्गत बैंक से हस्तशिल्पी या कारीगर को ऋण देते समय डिजिटल पेमेंट से जोड़ना चाहिए। डिजिटल पेमेंट के माध्यम से यदि वह समय से अपनी किस्त अदा करता है, तो राज्य सरकार की ओर से ब्याज अनुदान देने की व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे स्थानीय स्तर पर हस्तशिल्पियों और कारीगरों को प्रोत्साहित कर सकें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हस्तशिल्पियों और कारीगरों को सहकारी बैंकों से जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। इससे इनके व्यवसाय में वृद्धि होगी तथा इनके परिवार स्वावलम्बन की ओर अग्रसर होंगे। यह लोग अपने साथ-साथ कई अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान करने में सक्षम बनेंगे। प्रदेश की ह्यएक जनपद एक उत्पाद योजनाह्व और ह्यविश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनाह्व राष्ट्रीय योजनाएं बन चुकी हैं। सहकारिता कार्यक्रमों के साथ इन्हें सफलतापूर्वक आगे बढ़ाना चाहिए।

सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जे0पी0एस0 राठौर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में वर्तमान में सहकारिता नए आयाम प्राप्त कर रही है। सहकारिता से तात्पर्य किसानों की समृद्धि तथा जन-जन की आय में वृद्धि से है। इस सदस्यता अभियान के माध्यम से साधन सहकारी समितियों (पैक्स) में 20 लाख नये सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य है। इसके माध्यम से प्रदेश भर में सदस्यता अभियान से 100 करोड़ रुपये अंश पूंजी एकत्रित की जाएगी। सहकारिता का तात्पर्य छोटी-छोटी पूंजी एकत्रित कर एक बड़ी पूंजी का निर्माण करना है। प्रति पैक्स कम से कम 200 सदस्य जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार अंशधारकों को शेयर सर्टिफिकेट दिया जाएगा तथा नॉमिनी नियुक्त करने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में सहकारिता से सम्बन्धित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह, पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव सहकारिता श्री बी0एल0 मीणा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना श्री संजय प्रसाद, सूचना निदेशक श्री शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से सहकारिता क्षेत्र से जुड़े हुए गणमान्य व्यक्ति डिजिटल माध्यम से सम्मिलित हुए।

### धूमधाम के साथ मनाया पावन पर्व रक्षाबंधन का त्यौहार...

## रक्षाबंधन पर भाईयों ने लिया रक्षा का

रामपुरा। जालौन । बहन-भाई के प्यार का प्रतीक पावन पर्व रक्षाबंधन को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई थी। गुरूवार की सुबह लोग स्नान कर देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सुत बांधकर जन्म-जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। दोपहर में अधिकांश बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई। सुबह से शुरू हुआ रक्षाबंधन का त्यौहार रात तक चलता रहा। रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा एक्साइटेड बच्चे रहे सुबह से ही भाई-बहन इसे लेकर हलचल करते नजर आए। इसके अलावा मिलने वाले उपहारों का इंतजार बच्चों को रहा। साथ ही मनपसंद के पकवान और घूमने जाने का मौका भी बच्चों के लिए रोमांच भरा रहा। रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा खुश बच्चे ही नजर आए। इस मौके पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। भाई और बहन के इस विशेष त्योहार को लेकर अधिकांश घरों में बहनों ने रात में प्लानिंग कर ली थी जिससे सुबह होने की त्योहार की धूम घरों में नजर आने लगी। कुंडहित प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भाई-बहन का पावन पर्व रक्षा बंधन धूमधाम से मनाया गया। बहन अपने भाईयों की कलाई में रक्षा सुत बांध कर जन्म-जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। रक्षा सुत बांधने के बाद बहनों ने अपने भाईयो को मिठाई खिलाई।



### सड़क निर्माण कार्य अधर में,सड़क के आस पास पड़ी गिट्टी से राहगीरों को हो रही परेशानी।।

रामपुरा - जगम्मनपुर से माधौगढ़ के बीच पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क का निर्माण कार्य विगत चार से पांच महीने से चल रहा है।जिसका सबसे ज्यादा असर रामपुरा नगर की आम जनता को भुगतना पड़ रहा हैं। नगर के निनावली मोड़ से माधौगढ़ की तरफ जाने वाली सड़क को निर्माण के नाम पर खोद कर डाल दिया गया है। सड़क के दोनों तरफ डाली गई गिट्टी से आसपास के दुकानदारों तथा नगरवासियों को घर में आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण के नाम पर डाली गई गिट्टी को लगभग तीन से चार महीने से ऊपर का समय हो गया है लेकिन इसका अब तक कोई भी हालचाल लेने वाला नहीं आया है। नियमानुसार सड़क का निर्माण करते समय विशेष तौर पर



नगर में इस बात का ध्यान रखा जाता है कि सड़क निर्माण जल्दी से जल्दी कर दिया जाए। जिससे नगर में रहने वालों तथा दुकानदारों को कम से कम असुविधा और परेशानी का सामना न करना पड़े। सड़क निर्माण के चलते जगह जगह गड्ढे खोद दिए गए हैं। जिनमे पानी भरने के बाद संक्रमण फैलने का डर बना रहता हैं। लेकिन यहां आदर्श नगर पंचायत रामपुरा में इसके ठीक विपरीत हो रहा है।तीन महीने से ज्यादा समय हो गया गिट्टी मकानों और दुकानों के बाहर बिछाई गई हैं। सड़क के किनारे रहने वाले इन निवासियों तथा दुकानदारों का क्या दोष है। इन्होंने कौन सा अपराध किया है जिसकी ने सजा दी जा रही है।

नगर वासियों का कहना है कि दुपहिया वाहनों के टायर गिट्टी से फट रहे हैं। लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। गांव से नगर के बाजार या बाजार से गांव कृषि संबंधी खाद, बीच अथवा फसल को बेचने ले जाने में परेशानी हो रही है।नगर वासियों ने मार्ग निर्माण पूरा कराने की मांग की है। लोक निर्माण विभाग के जेई पुष्पेंद्र ने बताया कि बरसात के चलते सड़क निर्माण कार्य धीमा हुआ है। जल्द ही सड़क निर्माण

# गैस सिलेंडर के चूल्हे पाइप में आग लगने से हुआ ब्लास्ट,

## ब्लास्ट किशोरी समेत दो वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल, किचन में बच्चा समेत दूध गरम करने गई थी किशोरी।

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र के सेक्टर के, में प्रथम तल पर रह रहे किरायेदार के घर में पाइप और चूल्हे सिलेंडर में ब्लास्ट होने से एक किशोरी, और 2 वर्ष का मासूम बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आनन फानन में निजी अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम की 2 दमकल की गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

आशियाना के सेक्टर के,के मकान संख्या 1090 का मकान दीपा दीक्षित का है, मकान के प्रथम तल में मेडिकल कंपनी में एम आर पद पर कार्यरत आशीष मौर्या अपनी पत्नी दीपा, 2 वर्षीय बेटे अद्द्युत व 17 वर्षीय साली के साथ रहते है। पत्नी दीपा रायबरेली के सरकारी विद्यालय में शिक्षिका पद पर कार्यरत है। साली



रोली घर में रहकर मासूम की देखभाल करती है। इंस्पेक्टर आशियाना ए के पांडेय ने बताया कि रोज की तरह शुक्रवार को भी आशीष मौर्या और उनकी पत्नी अपने डियूटी पर गए थे। घर में साली रोली और मासूम बच्चा था।साली बच्चे को लेकर किचन में बच्चे के लिए दूध गर्म करने गई थी। और जैसे ही गैस जलाया तो चूल्हे के पास लगी सिलेंडर की पाइप में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट की चपेट में आकर साली और बेटा घायल हो गए।ब्लास्ट की आवाज सुनकर लोग और मकान मालिक दौड़े तो देखा कि खिड़कियों के कांच टूट गए थे। और आग भी लग गई थी। लोगों ने घायलों को तुरंत निजी अस्पताल अपोलो मेडिक्स पहुंचाया और घटना की जानकारी फायर बिग्रेड और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घायलों की स्थिति गम्भीर देखते हुए उन्हें चौक स्थित केजीएमयू सिप्स अस्पताल भेज दिया गया जहां उनकी हालत गम्भीर बनी हुई है। एफएसओ आलमबाग धर्मपाल सिंह ने बताया कि आग किचन में फैली थी। लेकिन अन्य कमरों के भी खिड़की दरवाजे के कांच टूट गए। मौके पर पहुंची दो दमकल की गाड़ियों ने थोड़ी ही देर में आग पर नियंत्रण पा लिया गया था।

# मेरठ प्राधिकरण सचिव के बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने उडाए डेढ़ लाख नकदी व कीमती गहने।

**अरुण सिंह समाज जागरण लखनऊ ब्यूरो**

लखनऊ। आशियाना थाना थाना क्षेत्र के एल्डिको उद्यान 1 कालोनी में रहने वाले मेरठ प्राधिकरण विभाग में सचिव पद पर कार्यरत के बंद मकान का ताला तोड़ बेखौफ चोरों ने डेढ़ लाख रुपये नकदी व कीमती गहने चोरी कर फरार हो गए। परिवार संग घर वापस लौटे तो घर में चोरी की जानकारी हुई जिसपर स्थानीय थाने पर सूचना कर पुलिस से लिखित शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश में जुटी है।

आशियाना थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय के मुताबिक मेरठ प्राधिकरण में सचिव पद पर कार्यरत चन्द्र पाल तिवारी का परिवार आशियाना के एल्डिको उद्यान प्रथम में रहता है। वह

बीते 28 जुलाई को एक माह के लिए अपने परिवार को लेकर अपने तैनाती जनपद मेरठ गए थे। और मकान की देखरेख माली रविकान्त को सौप गए थे। एक माह बाद बीते 30 अगस्त को अपने परिवार के साथ घर वापस लौटे तो देखा कि घर के अन्दर का गेट का ताला टूटा पडा है और आलमारी से डेढ़ लाख रुपए नगदी समेत कीमती गहने चोरी हो गए। घर में चोरी की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दे स्थानीय थाना आशियाना पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज आधार पर चोरो की तलाश में जुटी है।

# खेत पर संदिग्ध परिस्थितियोंमें वृद्ध किसान की मौत

दैनिक समाज जागरण फिरोजाबाद। थाना नगला सिंगी क्षेत्र के गांव गदल पुरामें खेत पर संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध किसान की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है।

गदलपुरा निवासी 65 वर्षीयमानसिंह पुत्र तेज सिंह गुरुवार की रात खेत पर काम कर रहे थे। खेत पर उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन खेत पर गए तो वह मृत अवस्था में पड़े थे। उनको खेत पर पड़ा देख परिवार के लोग हैरत में पड़ गए। पारिवारिजनों की माने तो उनके मुंह से झांग सा निकल रहा था। परिजनों ने उन्हें चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया पारिवारिजनों का कहना है मानसिंह को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया होगा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिवार के लोगों से घटना के बारे में जानकारी की।

मृतक केशव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई। वृद्ध की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# डेढ़ वर्ष पहले एडीजी प्रयागराज द्वारा वर्तमान भिटौरा चौकी इंचार्ज का चित्रकूट के लिए हो चुका था स्थानांतरण चौकी इंचार्ज नहीं हुए अब तक रिलीव

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद के पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह जहां पुलिस विभाग के जनपद के समस्त थाना अध्यक्ष व चौकी प्रभारी से आए दिन बैठक करते हुए सख्त निर्देश देते कहां की अपने अपने क्षेत्र में अपराध होने वाली घटित घटनाओं के जल्द खुलासे किए जाएं वहीं उन्होंने कहा कि थाना अध्यक्ष व चौकी प्रभारी आने वाले फरियादियों के साथ न्याय संगत कार्य करेंगे और मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्हें न्याय दिलाने का काम बखूबी करेंगे वही उनके निदेर्शों को ताख पर रखकर इन दिनों भिटौरा चौकी इंचार्ज जयकुमार सिंह की कार्यशैली पर तरह-तरह के सवालिया निशान उठ रहे हैं वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भिटौरा चौकी प्रभारी लगभग ढाई वर्षो से हुसैनगंज थाना क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं 1 वर्ष पूरा वह हुसैनगंज थाने में तैनात रहे और लगभग डेढ़ वर्ष उन्हें भिटौरा चौकी प्रभारी का चार्ज मिले हो गया है जानकारों ने बताया कि एडीजी प्रयागराज के द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष पहले जय कुमार सिंह का स्थानांतरण चित्रकूट जनपद के लिए किया गया था परंतु पूर्व में रहे पुलिस अधीक्षक के द्वारा उन्हें रिलीव नहीं किया गया अब रिलीव ना करने का क्या कारण था यह तो स्पष्ट नहीं है परंतु भिटौरा क्षेत्र की जनता चौकी प्रभारी से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है लोगों ने बताया कि चौकी इंचार्ज जिसका पाते हैं दाम उसी का करते हैं काम उन्हें क्षेत्र में सही गलत नहीं दिखाई देता है वहीं सूत्रों ने बताया कि जनवरी माह में एक मुकदमे को लेकर चौकी इंचार्ज द्वारा पीड़ित पक्ष से अड़तीस हजार रुपये लिए गए जिस बात को पीड़ित पक्ष ने बताया कि वह चौकी इंचार्ज को अड़तीस हजार रुपये दिए थे परंतु पैसे लेने के बावजूद भी पीड़ित पक्ष के विपक्ष में रिपोर्ट लगाई गई हालांकि इन दोनों सोशल मीडिया में चौकी इंचार्ज का एक मुकदमा आरोपी से वातालार्प करने का ऑडियो भी वायरल हो रहा है उस ऑडियो में चौकी इंचार्ज साफ तौर पर यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि आरोपी को उनके पास भेज दो तो वह मुकदमा खत्म कर देंगे अन्यथा चार सीट लगाने पर उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा वहीं उन्होंने यह भी कहा कि अब उनकी वातालार्प कॉलिंग में ना हो करके व्हाट्सएप कॉलिंग पर वह वातालार्प करें फिर वह बताएंगे कि उस मुकदमे में क्या करना है कई ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं जिन पर चौकी इंचार्ज द्वारा अच्छी खासी रकम लेकर मामले को रफा दफा कर दिया गया वहीं चौकी इंचार्ज का एक फोटो उनके कमरे का भी सोशल मीडिया के माध्यम से देखने को मिला है जिस पर वह अपने कमरे पर बैठकर हाथ में दारू से भरे हुए गिलास से जाम छलक रहे हैं अब ऐसी परिस्थितियों में इन चौकी इंचार्ज के ऊपर क्या पुलिस अधीक्षक कोई कार्रवाई करेंगे या फिर इसी तरह क्षेत्र की जनता को लूटने का काम चौकी इंचार्ज द्वारा जारी रहेगा तथा क्या पुलिस अधीक्षक एडीजी प्रयागराज द्वारा किए गए पूर्व में स्थानांतरण के मामले को गंभीरता से लेंगे या फिर यह चौकी इंचार्ज जनपद में ही सेवा देते रहेंगे

**भिटौरा चौकी इंचार्ज का सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है एक ऑडियो जिस पर मुकदमा खत्म करने की कि जा रही बात -सूत्र**

**जनवरी माह में एक मुकदमे को लेकर वादी मुकदमे से अड़तीस हजार रुपये लेने के बावजूद भी विपक्षियों के पक्ष में लगा दी रिपोर्ट -आरोप**

**सोशल मीडिया में चौकी प्रभारी का एक फोटो हो रहा वायरल जिस पर हाथ पर शराब का जाम लिए दिखाई दे रहे चौकी प्रभारी**

**ईमानदार पुलिस अधीक्षक की छवि को धूमिल करने का काम कर रहे चौकी इंचार्ज भिटौरा**

**पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के चार्ज लेने के बाद जनता के मन में जगी थी आश की अब मिल सकता है न्याय परंतु पुराने कार्य शैली पर ही काम कर रहे चौकी इंचार्ज**

यह तो आने वाला समय ही बताया कि पुलिस अधीक्षक इन मामले को कितना गंभीरता से लेते है

# जो कर रहे दवा खाने से इंकार, उनकी हो रही मनुहार

## *इंकार करने वाले परिवारों को दवा खिलाने में मदद कर रहे पीएसजी सदस्य आईडीए राउंड के तहत लोगों को खिलाई जा रही फाइलेरिया से बचाव की दवा*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर । जनपद के भिटौरा ब्लॉक के बसोहनी गांव के बाबूलाल विश्वकर्मा के घर जब गांव की आशा कार्यकर्ता सुनीला फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाने पहुंची तो बाबूलाल ने दवा खाने से साफ इंकार कर दिया। आशा कार्यकर्ता ने इसकी जानकारी गांव के रानी लक्ष्मी बाई फाइलेरिया रोगी सहायता ग्रुप (पीएसजी) के सदस्य संजय को दी और दवा खिलाने में सहयोग करने को कहा। आशा कार्यकताके साथ संजय तुरंत ही बाबूलाल विश्वकर्मा के घर पहुंच गये। उन्होंने अपनी कहानी सुनाते हुए बताया कि वह खुद 15 सालों से फाइलेरिया से ग्रसित हैं और ऐसे में उन्हें दैनिक काम करने में तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यह फाइलेरिया से बचाव से बचाव की दवा है और इसे हर किसी को खान है। मैंने अपने पूरे परिवार को यह दवा खिलाई है। मेरे बाद किसी को फाइलेरिया न हो इसलिए मैं चाहता हूं हर कोई यह दवा खाए, आप और आपका परिवार भी यह दवा खाए और फाइलेरिया के संक्रमण से बचें। इसके बाद बाबूलाल विश्वकर्मा ने तो फाइलेरिया से बचाव की दवा खाई, साथ ही घर पर मौजूद परिवार के अन्य सदस्यों को भी आशा कार्यकर्ता के सामने दवा खिलाई। इसी प्रकार ग्रुप के सदस्य संजय लगातार मरीजों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने में पूरा सहयोग कर रहे है। गांव में प्रमोद पटेल की पत्नी ने



फाइलेरिया रोधी दवा तो खाई लेकिन प्रमोद ने इंकार किया हालांकि बाद में समझाने पर प्रमोद ने भी दवा खाई। इसी प्रकार दवा खाने से इंकार कर रहे बीरेंद्र पाल और नंगा रैदास को भी समझा कर अपने सामने दवा खिलाई गई।

इसी प्रकार तेलियानी विकास खंड के ग्राम पंचायत कांधी के रमेश और उनके परिवार के सदस्यों ने दवा खाने से मना कर दिया, बोले -दवा खाने के बाद बुखार आता है हमें फाइलेरिया नहीं है तो दवा क्यों खायें। इस पर ग्रुप के सदस्य अमरनाथ ने रमेश के घर पहुंचकर समझाया और बताया कि फाइलेरिया से बचाव की दवा है, इसे खाना अनिवार्य है। अमरनाथ के समझाने के बाद रमेश ने स्वयं दवा खाई और अपने परिवार वालों को भी खिलह्लपूरी तरह से सुरक्षित है दवा सीएमओह्व

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि दवा का सेवन स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने सामने ही करवाएं। दवा खाली पेट नहीं खानी है। फाइलेरिया से बचाव की दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। कई परीक्षणों के बाद यह दवा आमजन को सेवन के लिए दी जा रही है।

इसे हर किसी को जरूर खान है। उन्होंने बताया कि दवा खाने के बाद किसी-किसी को जी मिचलाना, चक्कर या उल्टी आना, सिर दर्द, खुजली की शिकायत हो सकती है, ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है। ऐसा शरीर में फाइलेरिया के परजीवी होने से हो सकता है, जो दवा खाने के बाद मरते हैं। ऐसी प्रतिक्रिया कुछ देर में स्वतःठीक हो जाती है। किसी भी विशेष परिस्थिति में सीएचसी अथवा आशा कार्यकर्ता के माध्यम से रैपिड रिस्पांस (आरआर) टीम का सहयोग लिया जा सकता है।

फाइलेरिया उन्मूलन के सर्वजन दवा सेवन अभियान का मॉप अप राउंड मंगलवार से शुरू हो चुका है, यह दो सितम्बर तक चलेगा। मॉप अप राउंड में उन लोगों को दवा खिलाई जाएगी जो लोग दवा खाने से छूट गये हैं अथवा खाने से इंकार कर रहे हैं।

# सालों से चोरी की बाइको व स्कूटी से चल रहे सदर कोतवाली के तीन पुरुष एवं एक महिला आरक्षी

## *सदर कोतवाली में तैनात तीन सिपाही सीबी जाट, प्रवीण चौधरी, विष्णु चौधरी ये तीनों बन्दे चोरी की पकड़ी गई वाइको से सालों से बेखौफ भर रहे फरार्टा*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

आम जनता यदि अपराध करे तो पुलिस उसे ठीक करती है यदि पुलिस ही अपराध में लिप्त हो जाय तो कानून व्यवस्था चरमरा जायेगी। लेकिन सदर कोतवाली में 4 साल से तैनात सिपाही सीबी जाट व उसके दो खास स्वजातीय सिपाही प्रवीण चौधरी, विष्णु चौधरी के अलावा एक स्वजातीय महिला आरक्षी लम्बे समय से चोरी की दो बाइक व स्कूटी से चल रही हैं। सूत्रों के अनुसार ये तीनों इतने शातिर हैं कि गाड़ियों के इंजन व चेचिस नंबरों को घिस दिया



गया है। सीबी जाट जो तीनों सिपाहियों का बॉस है पैशन प्रो बाइक से चलता है उसने बाइक में हरियाणा प्रांत का नंबर प्लेट रखा है और विष्णु व प्रवीण सुजकी से चलते हैं इसकी चेचिस एवं इंजन नंबर के साथ रजिस्ट्रेशन नंबर भी नहीं है। दो वर्ष पूर्व बाकरगंज पुलिस चौकी द्वारा एक लावारिस स्कूटी बरामद की गई थी जिसको दाखिल करने के बजाय एक महिला आरक्षी को दे दी गई जो वह अपने पास रखती है और उसी से चलती है आखिर इन तीनों सिपाहियों को किसकी सर पर चोरी की बाइक व स्कूटी दी गई यह बड़ा सवाल है ।पुलिस अधीक्षक चोरी की एवं लावारिश स्कूटी का प्रयोग करने वाले तीनों सिपाहियों पर क्या कार्यवाही करेंगे यह आने वाला वक्त बताएगा।

# बाइकों की भिड़ंत में दोनों बाइक सवारों की मौके पर मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेम नगर पुलिस चौकी चौराहे के समीप दो बाइकों की आमने-सामने से हुई भिड़ंत में दोनों बाइक सवारो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के खजुरिया पर गांव निवासी शिव प्रसाद का 20 वर्षीय पुत्र चुन्नू के घर महमान आये हुए थे। वह बाइक पर सवार होकर प्रेम नगर चौकी चौराहा महमानों के लिए नास्ते का सामान लेने आया था। तभी बिंदकी सुमेरपुर मजरे जनता गांव निवासी मुन्नू का 35 वर्षीय पुत्र ज्ञानेंद्र पाल आ गया वह अपनी बहन के यहां राखी बधवाने थानां क्षेत्र के इदरीसपुर गांव जा रहा था। दोनों बाइको की आमने- सामने से भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवारों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले की बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के शहबाजपुर गांव के समीप एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानियों ने सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने जाँच के उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार ललौली थानां क्षेत्र के बनरसी गांव निवासी मौजी लाल का 27 वर्षीय पुत्र पंकज पाल अपनी माँ प्रेम देबी को रक्षाबंधन के पर्व पर छोड़ने कमरापुर बिन्दकी गया था। माँ को छोड़कर वापस आपने घर जाते समय शहबाजपुर गाँव के समीप अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक पंकज गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानियों ने सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल को इलाज के लिए बिंदकी सीएचसी लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने जाँच के उपरांत घायल पंकज को मृत घोषित कर दिया

# सन्दिग्ध अवस्था में ससुराल गए अधेड़ का खेत में मिला शव

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव फतेहपुर। जिले के गाजीपुर थाना क्षेत्र के लिलरहा गांव के समीप खेतों की मेड़ पर एक अधेड़ का शव मिलने की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई। तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जाँच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के निधवापुर मजरे परसेड़ा गांव निवासी रामकिशुन का 55 वर्षीय पुत्र शिवनारायन थाना क्षेत्र के लिलरहा गांव अपनी ससुराल गया था। तभी उसका सन्दिग्ध अवस्था में गांव के समीप खेतों की मेड पर शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं मृतक की पत्नी गुलवसा निषाद ने थाने में तहरीर दी है।

# रेलवे नाका पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव फतेहपुर। जिले के औंग रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे नाका पार करते समय ट्रेन आ जाने से बाइक सवार ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना पुलिस को हुई। तो मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गंगचौली गांव निवासी शिव सागर का 20 वर्षीय पुत्र विशेष द्विवेदी उर्फ छोटू अपने भाई सिद्धार्थ के साथ कानपुर अपनी बहन रूपल के वहां से राखी बंधवा कर वापस अपने गाँव गंगचौली जा रहा था। तभी औंग स्टेसन के समीप रेलवे नाका पर उसका भाई सिद्धार्थ बाइक से उतर कर पैदल नाका पार करने लगा और विशेष द्विवेदी अपनी बाइक पर सवार होकर नाका से निकाल रहा था। तभी ट्रेन आ जाने से बाइक सवार ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना पुलिस को हुई। तो मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार मृतक विशेष द्विवेदी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विवेक कुमार बने किसान यूनियनव्यापार प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। भारतीय हलधर किसान यूनियन की एक बैठक आकाशवाणी रोड स्थित कैंप कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष सिकंदर मंसूरी की अध्यक्षता में हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष सोनू सिंह सिकरवार के निर्देश पर प्रदेश मुख्य प्रवक्ता उदयवीर सिंह यादव ने विवेक कुमार को व्यापार प्रकोष्ठ का महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। वही सलमान मंसूरी को मजदूर मोर्चा का महानगर अध्यक्ष और अजीमुद्दीन को महानगर महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। बैठक में गरीब किसान मजदूर की समस्याओं को



लेकर चर्चा की और निर्णय लिया कि उनकी समस्याओं को लेकर 2 सितंबर को एक प्रतिनिधि मंडल सहायक श्रमिक से मिल कर ज्ञापन देगा बैठक में प्रदेश प्रभारीहाशिम मंसूरी युवा राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष केडी भैया सद्दाम भाई जुबेर भाई सरोज रामनरेश राणा नरेंद्र कुमार हनीफ भाई आमीन भाई आदिलोगउपस्थित थे।

# अकेबा करेगी पेंशन शंखनाद रैली 1 अक्टूबर को

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह फिरोजाबाद। अटेवा पेंशन बचाओ मंच फिरोजाबाद के बैनर तले ब्लॉक शिकोहाबाद की एक आवश्यक मीटिंग आदर्श जनता विद्यालय मोहम्मदपुर बैरई पर आयोजित की हुई जिसमें अटेवा ,एन एम ओ पी एस के आगामी कार्यक्रम 01 अक्टूबर पेंशन शंखनाद रैली दिल्ली की तैयारी को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई साथ ही शिकोहाबाद ब्लॉक कार्यकारणी का विस्तार किया गया ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विजेंद्र सिंह यादव जी द्वारा की गयी ! जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार कृष्णज ने बताया



कि पुरानी पेंशन आज देश के सबसे ज्वलन्त मुद्दों में शुमार है इसके लिए पूरे देश का शिक्षक और कर्मचारी लामबंद है और ठेङ्खत्र२ के बैनर तले 1 अक्टूबर को दिल्ली में विशाल जन समूह एकत्रित होने जा रहा है

डॉ सहदेव सिंह चौहान ने कहा की पुरानी पेंशन हमारे लिए जीवन और मरण का प्रश्न है इसके लिए हम 2024 चुनाव से पहले अपनी पूरी शक्ति लगा देंगे और इस मुद्दे को हल कराकर रहेंगे ,

सुनीता यादव जिला सह संयोजका महिला प्रकोष्ठ ने बताया कि मातृ शक्ति पुरुषों के साथ इस आंदोलन में कदम से कदम मिलाकर खड़ी है और दिल्ली कार्यक्रम में इतिहास रचने को तैयार है , इस मौके पर पारुल सिंह राना ब्लॉक सहसंयोजिका ,विनय यादव जिला प्रवक्ता,हरवीर सिंह,प्रमोद कुमार,राकेश कुमार,आत्म प्रकाश,प्रदीप कुमार,शैलेश यादव,नीतू यादव,रुचि ठाकुर,प्रतीक्षा यादव,साहित्य प्रकाश,रघुनंदन सिंह,सुनील कुमार, विनोद कुमार,गिरजेश चंद्र यादवआदि लोग उपस्थित रहे ।जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कृष्णज ने विमल यादव जी एवं विनोद यादव साहित पूरी टीम की प्रशंसा की आज की मीटिंग आयोजित कराने के लिए आभर व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन गौरीशंकर बिंद जिला कोषाध्यक्ष द्वारा किया गया।

# हापुड़ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर किए गए बर्बर लाठी चार्ज के विरोध में जनपद के अधिवक्ता दूसरे दिन भी कार्य से विरत रहे। जिलाधिकारी को सोपा ज्ञापन

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज को लेकर प्रदेश भर के अधिवक्ताओं मैं काफी आक्रोश व्याप्त है उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर दूसरे दिन भीशुक्रवार को हड़ताल रहीऔर न्यायालय संबंधी कोई कार्य नहीं किया यह हड़ताल अधिवक्ताओं ने राज्य विधिक उत्तर प्रदेश के आवाहन पर की है जनपद न्यायालय के अधिवक्ताओं का कहना है की पुलिस ने बर्बर लाठी चार्ज कर अमानवीय कृत्य किया है यहां तक की पुलिस ने महिला अधिवक्ताओं तक को नहीं बक्शा



लाठी चार्ज के दौरान अनेकों अधिवक्ताओं को चोटें आई हैं उन्होंने इस संदर्भ में एक ज्ञापन जनपद न्यायाधीश और पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम सहित कई लोगों ज्ञापन दिया है अधिवक्ताओं ने बताया 3 सितंबर तक हड़ताल रहेगी लाठी चार्ज करने के विरोध में धरना प्रदर्शन करने वाले अधिवक्ताओं मेंअध्यक्ष जेपी यादव, महासचिव योगेंद्र बाघोला, कोषाध्यक्ष के के राजपूत, कनिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, सह सचिव मधुर यादव, अरबाज खान, इरफान, दिनेश यादव, सरोज यादव, मेघ सिंह, अतहार हुसैन, शैलेश यादव, अरविंद बघेल आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय किसरांव में जिला समन्वयक ने बच्चों के साथ किया पौधारोपण

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में प्राथमिक विद्यालय किसरांव, सिरसागंज में जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं प्रधानाध्यापिका साक्षी चौहान, शिक्षिका दीप्ती सक्सेना ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अश्वनी जैन ने बताया कि अत्यधिक प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है। जिसके संतुलन के लिए प्रकृति को संरक्षित करने के लिए पौधारोपण करने के साथ उनकी देखभाल भी अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान परिस्थितियों में ग्लोबल वार्मिंग एक विश्वव्यापी समस्या है, जिसके लिए मानव द्वारा अत्यधिक मात्रा में उपयोग किए जा रहे वाहन, वातानुकूलन, रेफ्रिजरेटर आदि हैं। प्रदूषण से बचाव के लिए पौधरोपण के साथ पौधों की देखभाल करने की



जिम्मेदारी के निर्वहन को करना है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगा। हम सभी एक दूसरे को प्रदूषण के प्रति जागरूक करके ही इस समस्या को नियंत्रित कर सकते हैं। हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करके उनकी देखभाल करके अपने भविष्य को भी सुरक्षित रखना है।

साक्षी चौहान ने जिला समन्वयक का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को जीवन में पौधों की महत्ता को समझाया। इस अवसर पर बच्चों के साथ सीमा यादव, सरोज कुमारी, अर्चना यादव एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# आस्था को नहीं बांधा जा सकता किसी मजहब से

**वरीय शिक्षिका फरहत बानो से शिक्षक रंजेश कुमार ने बंधवाया राखी**

**पंचाली कुमारी यादव ने असलम बेग को राखी बांध कर हिंदू मुस्लिम एकता और भाईचारे का दी संदेश**

**अररिया।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षा बंधन के दिन विद्यालय( प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया ) में उपस्थित रहकर वरीय शिक्षिका फरहत बानो से शिक्षक रंजेश कुमार ने राखी बंधवाया। वहीं हिन्दू बहन ने मुस्लिम भाई की कलाई पर बांधी राखी कायम की हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल।रक्षा बंधन का त्योहार महज एक कलाई पर बांधने जाने वाला धागा नहीं, बल्कि भाई और बहन के अटूट रिश्ता और मुहब्बत का पैगाम है। एक ओर जहां देश में नफरत और भेदभाव, उंच नीच जाति धर्म और हिन्दू मुस्लिम के बीच नफरत फैलाई जा रही है वहीं आज एक हिंदू बहन ने मुस्लिम भाई के कलाई पर राखी बांध कर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। वरिष्ठ पत्रकार रुपेश कुमार गुलशन की



धर्मपत्नी पेशे से शिक्षक पंचाली कुमारी यादव ने राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार से सम्मानित प्रखर समाज सेवी असलम बेग को राखी बांध कर हिंदू मुस्लिम एकता और भाईचारे का संदेश दिया। बताते चलें कि पंचाली कुमारी यादव पेशे से शिक्षक हैं, और एक कुशल गृहिणी भी हैं। मौके पर पंचाली कुमारी यादव कहती हैं कि उनका पास सगा भाई नहीं है। इसलिए उसने नेकदिल इंसान असलम बेग को अपना धर्मभाई मान लिया है। गरीबों पिछड़े, निसहाय लोगों की आवाज, हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक, समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षा र सम्मान एवं राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार से सम्मानित असलम बेग ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई बहन के बीच मुहब्बत का त्योहार है और उनमें आपसी भाईचारा कायम करता है

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 को लेकर मैच रेफरी, कप्तान की अहम बैठक दिनांक 03 सितंबर को

**विभिन्न खेलों के नियम व शर्तें के संदर्भ में बैठक में रखा जाएगा प्रस्तावः हरिओम झा**

**पूणिया ।** पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन - 6 दिनांक 29/09/2023 से पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में होने जा रही है। जिसमें आज तक 50 क्लबों और विद्यालय की टीम भाग ले चुकी है।

आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि आयोजन समिति के साथ - साथ बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज , फुटबॉल एवं क्रिकेट के मैच रेफरी, प्रशिक्षक, पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन - 6 में भाग ले रहे विभिन्न खेलों के कप्तान, टीम मैनेजर आदि की आवश्यकता बैठक दिनांक 03/09/2023 को बुलाया गया है। विद्यालय एवं कर्मी को व्हाट्सएप एवं फेसबुक के माध्यम से सूचित कर दी गई हैपनोरमा स्पोर्ट्स के बेहतर आयोजन हो इसके लिए आवश्यक बैठक बुलाई गई।



आयोजन समिति सदस्य के साथ-साथ सभी खेलों के मैच रेफरी एवं कप्तान उपस्थिति अतिआवश्यक है। दिनांक :- 03/09/2023 समय :- पूर्वाह्न 11:00 बजे स्थान :- हरिओम स्पोर्ट्स विशाल कॉम्प्लेक्स होदा मार्केट खीरु चौक भट्टा बाजार पूणिया नियर खीरु चौक हनुमान मंदिर के ठीक सामने।

बैठक में प्रमुख विषय

1. पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन - 6 के विभिन्न खेलों के नियम व शर्तें के संदर्भ में।
2. 10 + 2 विद्यालय के बौडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज एवं टेबल टेनिस के बालक एवं बालिका वर्ग के टाईसीट के संदर्भ में।
3. फुटबॉल एवं क्रिकेट ओपन टू ऑल के संदर्भ में।
4. विद्यालय प्रधान के आए सुझाव के संदर्भ में।
5. उपस्थित आदरणीय जनों के अन्य सुझाव के संदर्भ में।

# पनोरमा ग्रुप का भव्य रूप से मनाया गया आठवां स्थापना दिवस समारोह

**पूर्णियां ।**मुख्यालय के भट्टा बाजार स्थित होटल पारस में शुक्रवार को सीमांचल इंफ्राटेक प्राईवेट लिमिटेड( पनोरमा ग्रुप )के आठवां स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर एक्सपो 2023 सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया जिसमें पनोरमा ग्रुप के साथियों द्वारा कोशी-सीमांचल समेत बिहार के अन्य जिलो के इच्छुक ग्राहकों का घर व दुकान काफी किफायती दरों में बुकिंग कराई गई.



पनोरमा में घर बुकिंग कराने वाले ग्राहको को दिया गया ईनाम।

पनोरमा ग्रुप में घर व दुकान बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा के हाथों कई तरह के ईनाम भी दिया गया जिसमें कार समेत अन्य सामाग्री शामिल था.शुक्रवार को पनोरमा ग्रुप के आठवां स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्णियां से लेकर सुपौल जिला के छातापुर तक पनोरमा ग्रुप के सभी साईट पर बने प्रोजेक्ट को दुल्हन की तरह बैलून व ईलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से सजाया गया था.वही पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने होटल पारस इंटरनेशनल में लगे एक्स पो 2023 में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पनोरमा ग्रुप के सात साल पुरे होने पर पुरे कोशी-सीमांचल समेत बिहार वासियों को बधाई देते हुए कहा हैं पूर्णियां समेत बिहार वासियों ने जिस तरह से पिछले आठ साल में पनोरमा ग्रुप के ऊपर विश्वास जताने का काम किया हम और हमारे पूरे पनोरमा परिवार वादा करते हैं की अपने मेहनत व संघर्ष लगन की बदौलत सभी ग्राहकों के विश्वास पर पूरे मजबूती से खड़ा उतरने का कार्य करेंगे साथ ही पनोरमा ग्रुप के प्रोजेक्ट को और भी कैसे निखारा व संवारा जा सके इस पर भी ध्यान मेरा केन्द्रित रहेगा.संजीव मिश्रा ने आगे कहा की पनोरमा ग्रुप पिछले सात वर्षो में रियल स्टेट से लेकर धीरे-धीरे शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अपना कदम रख दिया हैं इसी के साथ मेरे गृह क्षेत्र सुपौल जिला के छातापुर में पनोरमा पब्लिक स्कूल व पनोरमा हॉस्पीटल का नव निर्माण करवाया हैं.जिसमें हायर सेंटर का निर्माण के हुआ हैं जो बहुत जल्द ही शूरू होगी।

इस मौके पर पनोरमा ग्रुप के सीईओ श्री नंदन झा,जैनेन्द्र झा,रितेश झा,विक्रम भगत,दिलखुश कुमभिलाशझा,आनंद कुमार,मनोहर,चंदन,हिमांशू,अरूणेश,अभिषेक मिश्रा,संजय कुमार साह,इदारानंद पाठक,अभिषेक सिंह,मनोहर झा,विपीन प्रसाद सिंह,विपिनझा ,पल्लवी ,प्रिति , नेहा रोमा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में ह्यमेरी माटी-मेरा देशह्न अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्रीअमित शाह ने आज नई दिल्ली में मेरी माटी-मेरा देशह्न अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर, केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल, विदेश राज्यमंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी और सचिव, संस्कृति मंत्रालय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम एक प्रकार से संध्या की भांति है क्योंकि ये उस वक्त हो रहा है जब आजादी के 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आने वाला अमृतकाल और संकल्प की सिद्धि का कालखंड 15 अगस्त, 2047 को भारत को विश्व में हर क्षेत्र में प्रथम स्थान पर पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि ये देश के स्वतंत्रतासेनानियों की कल्पना के भारत की रचना के 25 वर्ष हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षों में देश ने बहुत सारी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन ये काफी नहीं हैं। श्री शाह ने कहा कि हमें गुलामी के लंबे कालखंड और लाखों लोगों के बलिदान के बाद प्राप्त हुई स्वतंत्रता, उसके बाद 75 वर्षों के पुरूषार्थ और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में भारत के हर व्यक्ति को महान भारत की रचना के साथ जोड़ने के हमारा पुरूषार्थ एक महान भारत की रचना के साथ सफल होगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम अपने नाम से ही बहुत कुछ व्यक्त कर देता है। उन्होंने कहा कि आज हम स्वतंत्र भारत में जी रहे हैं, इसके लिए लाखों लोगों ने बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि 1857 से 1947 तक, 90 सालों तक, एक लंबा स्वतंत्रता संग्राम लड़ा गया और अनगिनत जाने-अनजाने लोगों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि मिट्टी को हाथ में लेकर प्रण करने और देश के लिए बलिदान देने वालों को नमन कर, संकल्प से सिद्धि की यात्रा को शुरू करने की कल्पना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जैसे व्यक्ति ही कर सकते हैं, जिसके मन में राष्ट्रभक्ति का अकूत भंडार हो। श्री शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम की कल्पना इस उद्देश्य के साथ की गई है कि इसके माध्यम से महान भारत की रचना में हर व्यक्ति, परिवार, नागरिक और बच्चा अपने आप को और अपनी भावना को जोड़ सके। उन्होंने कहा कि1 से 30 सितंबर तक हर घर, वार्ड और गांव, 1 से 13 अक्टूबर तक ब्लॉक और 22 से 27 अक्टूबर तक राज्य स्तर कलशों में मिट्टी या धान इकट्ठा किये जायेंगे, फिर 28 से 30 अक्टूबर को ऐसे 7500 कलश देश की राजधानी पहुंचेंगे। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी दिल्ली में शहीद स्मारक के पास देश के वीरों के सम्मान में बनाई गई अमृत वाटिका में इन कलशों की मिट्टी और धान को रोपित करेंगे, जो देश के हर नागरिक को ये याद दिलाएगा कि हमें अमृतकाल में भारत को महान बनाना है।

# भाजपा को अंडर ग्राउंड एजेंट के रूप में तुष्टिकरण की राजनीति के लिए फील्ड तैयार कर दे रहे हैं केके पाठकः इन्तेखाब आलम

**पटना ।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग में अपर मुख्य सचिव के के पाठक लगातार पत्रबाज अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। अचानक से पाठक द्वारा बिहार में शिक्षकों को दिए जाने वाले रक्षाबंधन, दीपावली, भैयादूज और छठ पूजा जैसे विभिन्न महत्त्वपूर्ण धार्मिक भावनाओं से जुड़े त्योहारों के छुट्टियों में कटौतियां किए जाने से पुरे बिहार में आक्रोश का माहौल है। जहां भाजपा द्वारा महागठबंधन सरकार पर हिन्दू धर्म के आस्था से खिलवाड़ कर हिन्दू त्योहारों पर छुट्टी रद्द करने का गंभीर आरोप लगाया जा रहा है। वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनपर एनडीए के लिए सेक्रेट एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाया है। इन्तेखाब आलम ने कहा कि भाजपा सरकार के तानाशाही रवैए से जनता परेशान है और पूरे भारत में परिवर्तन की लहर है इंडिया का पलड़ा भारी है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक लोकसभा चुनाव को देखते हुए जानबूझकर धार्मिक भावनाओं के विपरित पवित्र त्योहारों के छुट्टियों को रद्द कर भाजपा के एजेंट के रूप में भाजपा को तुष्टिकरण की राजनीति करने के लिए मैदान तैयार



कर दे रहे हैं और अप्रत्यक्ष रूप से एनडीए गठबंधन को फायदा पहुंचाने का साजिश रच रहे हैं। श्री इन्तेखाब आलम ने कहा कि जहां एक तरफ मुंबई में महागठबंधन द्वारा जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया के नारों के साथ एनडीए को परास्त करने की तैयारी चल रही है वहीं बिहार में केके पाठक जैसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा इस प्रकार के उलजलूल हरकत से इंडिया गठबंधन की क्षवि खराब करने की कोशिश की जा रही है माननीय मुख्यमंत्री नितीश कुमार जी को तुरंत इस मामले पर संज्ञान लेते हुए इस एनडीए के एजेंट को बाहर का रास्ता दिखाते हुए छुट्टी रद्द करने संबंधित आदेश को निरस्त कर देना चाहिए। श्री इन्तेखाब आलम ने कहा कि अगर टेक्निकल तौर पर भी देखें तो शिक्षकों और स्कूली बच्चों को साल में 60 दिन का अवकाश बिहार शिक्षा संहिता सेवा के आधार पर कानून के तहत मिलता आ रहा है। गौर करने की बात है वर्तमान में जो बिहार सरकार के द्वारा संशोधित अवकाश पत्र निकाला गया है उसमें इस बात की चर्चा भी है कि शिक्षा अधिकार कानून के तहत साल में 200 से 220 दिन प्रारंभिक स्कूलों में अध्ययन अध्यापन के लिए खोलना है। इस प्रकार साल में 365 दिनों में60 पर्व त्यौहार का छुट्टी और 52 रविवार दोनों मिलकर 112 दिन छुट्टी होता है इस प्रकार 365-112=253 दिन होता है 220 दिन के जगह 253 दिन हो जाता है तो फिर किस हिसाब से छुट्टी कटौती की गई ! सीधा-सीधा शिक्षकों को मानसिक रूप से परेशान करने और विपक्षी दलों को तुष्टिकरण की राजनीतिक करने के लिए मैदान प्रदान करने की गहरी साजिश है।

# कोशी में प्रांगण रंगमंच सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ायाः प्रो. बिजेंद्र

**झूलनोत्सव समिति ने कलाकारों को सम्मान देकर उनके हौसले को बढ़ायाः संजय परमार**

**मधेपुरा ।**झूलन के अवसर पर शहर के लक्ष्मीनारायण ठाकुरवाड़ी में तीन दिवसीय झूलनोत्सव कार्यक्रम का समापन हुआ। झूलनोत्सव के अंतिम दिन के कार्यक्रम में सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था प्रांगण रंगमंच की टीम ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत-संगीत, भक्ति नृत्य और आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरूआत बिट्टू राज के द्वारा गणेश वंदना से हुई। इसके बाद रौनक और अनीश द्वारा तैयार नृत्य आरंभ है प्रचंड की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने भक्ति पर आधारित कई मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में रमेश राही, कोमल कुमारी, श्वेता, बीरेंद्र कुमार, संजीव सोनू और धीरेंद्र ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत से दर्शकों को झुमाया। वहीं संस्था के कलाकारों ने भक्ति, देशभक्ति, रक्षाबंधन सहित विभिन्न पर्व त्योहार संबंधित झांकियों की मनमोहक प्रस्तुति दी। महाकाल अघोरी नृत्य, भगवान श्रीकृष्ण के नृत्य आदि पर कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों ने खूब तालियां बजाकर जयकारा लगाया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम का दर्शकों ने खूब आनन्द उठाया।




कार्यक्रम का संचालन आशीष सत्यार्थी ने किया। समारोह में संयोजक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि गुमनाम कलाकारों को बेहतर मंच देकर प्रांगण रंगमंच ने उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाया है। इस अवसर पर प्रांगण रंगमंच के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार परमार ने भव्य आयोजन के लिए आयोजन समिति की सराहना की। झूलनोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अशोक कुमार सिन्हा, अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि प्रो. बिजेंद्र नारायण यादव, प्रो. मणिभूषण वर्मा, अधिवक्ता कौशल कुमार सिन्हा, सुचिंद्र सिंह, राममिलन सिंह, नरेश सिंह, बिनोद प्रसाद वर्मा, गजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, टीकू जी, सोनू साह, किशोर कुमार, प्रदीप, प्रो. नरेश कुमार, प्रो. आभा रानी, राजीव कुमार, रीना सहाय, सीता देवी, बंदना,अंजली, सुनीता देवी, राजू, रमन वर्मा, अरुण श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। आयोजन समिति द्वारा कलाकारों सहित अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार परमार, सचिव अमित आनंद, कार्यक्रम प्रभारी दिलखुश, अभिषेक आनंद, आशीष सत्यार्थी, नीरज कुमार निर्जल को सम्मानित कियाा गया

# दहेज के लिए विवाहिता सहित पुत्र की हत्या कर शव को किया गायब, प्राथमिकी दर्ज

**समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ गुरुवार की रात थाना क्षेत्र के खपुरा गांव में दहेज के लिए विवाहिता सहित उसके सात माह के पुत्र की भी हत्या कर ससुराल वालों ने शव को गायब कर दिया।। जिस्की प्राथमिकी मृतक के पिता ने पालीगंज थाने में शुक्रवार को दर्ज कराया है। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है एक ओर महिलाओ की सुरक्षा को लेकर सरकार की ओर से दहेज उन्मूलन अभियान तथा महिला सषक्तिकरण अभियान चलाई जा रही है तो दूसरी ओर विवाहिता को दहेज के लिए हत्या का शिलशिला जारी है। ऐसा ही मामला शुक्रवार को पालीगंज थाने में एक पीड़ित पिता ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी के अनुसार किंजर थाना क्षेत्र के अंगारी गांव निवासी सत्यनारायण सिंह दो वर्ष पूर्व अपनी बेटी प्रीति कुमारी की शादी खपुरा गांव निवासी प्रेमचंद सिंह के पुत्र नीरज कुमार के साथ



हिन्दू रीति रिवाज से किया था। वही छह माह बाद से ही ससुराल वालों की ओर से दहेज के रूप में एक लाख रुपये, मोटरसाइकिल व सोने की चेन की मांग करते हुए प्रीति को प्रताड़ित किया जा रहा था। जिससे तंग आकर इसकी शिकायत पीड़ित ने अरवल स्थित महिला हेल्पलाइन में कई थी। तब से वह अपने मायके में रह रही थी। जहां प्रीति ने एक बच्चा को जन्म दिया। उजके बाद ससुरालवालों ने 25 जुलाई 2023 को समझौता करवाकर खपुरा गांव लाया। तब से प्रीति से उसके मायकेवालों से सम्पर्क नही हो पा रहा था। लेकिन गुरुवार की रात मायकेवालों को गुप्त सूचना मिली कि प्रीति व उसके सात माह के बच्चे की हत्या कर ससुरालवालों ने शव को गायब कर दिया है। वही सूचना पाकर प्रीति कुमारी के मायकेवाले शुक्रवार की सुबह खपुरा गांव स्थित प्रीति के घर पहुंचा तो घर का दरवाजा बाहर से बन्द पाया व सभी ससुरालवाले गायब थे। जिसे देख मायकेवाले पालीगंज थाने पहुंचे। जहां प्रीति के पिता सत्यनारायण सिंह ने पति नीरज कुमार, भसुर गौतम कुमार व सास सहित पांच लोगो के खिलाफ पुत्री प्रीति कुमारी व सात माह के प्रीति के पुत्र की हत्या कर शव गायब करने की प्राथमिकी दर्ज कराया है। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# एयर मार्शल नागेश कपूर ने एयर ऑफिसर-इन-चार्ज कार्मिक (एओपी) के रूप में पदभार ग्रहण किया

एयर मार्शल नागेश कपूर ने 01 सितंबर, 23 को एयर ऑफिसर-इन-चार्ज कार्मिक (एओपी) के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज और नेशनल डिफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र, एयर मार्शल को 06 दिसंबर 1986 को भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग



ब्रांच की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन दिया गया। 36 साल से अधिक के करियर में, एयर मार्शल अनेक प्रमुख फील्ड और स्टाफ अपाइंटमेंट्स पर रहे। अपनी वर्तमान नियुक्ति से पहले वह मध्य वायु कमान के मुख्यालय, प्रयागराज में सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर थे।

उनकी सराहनीय सेवाओं के सम्मान में उन्हें माननीय राष्ट्रपति द्वारा 2008 में वायु सेना पदक और 2022 में अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

# अररिया लोकसभा की जनता की ओर से रंजीत यादव ने सभी नवनियुक्त बिहार भाजपा प्रोटोकॉल पदाधिकारियों को दिया बधाई

**अररिया।** भाजपा के कद्दावर युवा नेता सह जोकीहाट विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी रहे युवा दिलों के धड़कन भाई रंजीत कुमार यादव ने अररिया लोकसभा की जनता की ओर से सभी नवनियुक्त बिहार भाजपा प्रोटोकॉल पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए 2024 लोकसभा और 2025 विधानसभा विजयी टीम बनाने के लिए प्रदेश नेतृत्त्व के प्रति आभार भी जताया। रंजीत यादव ने भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के नवमनोनीत मोर्चा अध्यक्षों सहित सभी पदाधिकारियों को नये दायित्व के लिए हार्दिक बधाई दी । उन्होंने भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर जनाब कमरुज्जमा अंसारी साहब, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर भाई भारतेंदु मिश्रा जी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




# पूर्व राज्य मंत्री सह सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल को ब्रह्म कुमारी संस्था की सदस्याओं ने बांधी राखी की मंगल कामना

**कुसार्कांटा**

गुरुवार को रक्षाबंधन के अवसर पर सिकटी विधायक सह पूर्व राज्य मंत्री विजय कुमार मंडल जी के निज निवास बटराहा में महिलाओं की भीड़ राखी



बांधने के उमड़ पड़ी। इस मौके पर ब्रह्म कुमारी संस्था (ओम शांति) के सदस्यों के द्वारा मंत्री जी को राखी बांधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घ जीवन की मंगल कामना की गई। वहीं पूर्व राज्य मंत्री ने भाई बहन के पवित्र रिश्ते को अक्षुण्ण रखने की बात कही। विधायक जी के आवास पर राखी बांधने आने वाली बहनों के लिए भी एक भाई की तरह अच्छी व्यवस्था की गई थी। भाजपा के युवा नेता सह विधायक जी के सुपुत्र आगत अतिथियों की सेवा के लिए तत्पर दिखे।

# रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य रामनाथ प्रसाद ने विधान पार्षद डॉ.राजेंद्र गुप्ता को उत्तर बिहार के प्रांत संयोजक बनाने पर दी बधाई

**फारबिसगंज ।**भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष, विधान पार्षद फारबिसगंज निवासी डॉक्टर राजेंद्र गुप्ता जी को भाजपा के प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व ने उत्तर बिहार के प्रांत संयोजक का बड़ी जिम्मेदारी दिया है। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य रामनाथ प्रसाद ने इस बाबत केंद्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व को आभार एवं बड़े भाई राजेंद्र जी को अनंत अशेष शुभकामना एवं बधाई। श्री प्रसाद ने कहा कि श्री राजेंद्र जी के मनोनयन से उत्तर बिहार खास कर सीमावर्ती क्षेत्रों में संगठन को मजबूती एवं राष्ट्रवादियों शक्तियों को बल मिलेगा, इनके नेतृत्व में इन क्षेत्रों में आने वाले चुनाव में भाजपा जीत का नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।आप स्वस्थ, दीघार्यु और यशस्वी हों।



# अररिया में होटल के बाहर पूर्व सांसद सरफराज आलम पर हमला, साले की दूसरी शादी कराने का आरोप

**अररिया।**अररिया में एक शादी समारोह में शामिल होने गए पूर्व सांसद सरफराज आलम को भीड़ ने घेर लिया. इस बात की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें बचाकर अपने साथ थाने ले गई. होटल के बाहर खींचतान कर रहे लोगों ने पूर्व सांसद पर अपने साले की दूसरी शादी कराने का आरोप लगाया है.अररिया के एक होटल में चल रहे शादी समारोह में राजद के पूर्व सांसद सरफराज आलम शामिल होने गए थे. जहां उन पर हमला हो गया. इस दौरान उनके साथ धक्का-मुक्की की गई. हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उन्हें वहां से सुरक्षित निकाल लिया है. यह घटना अररिया नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेव चौक स्थित एक होटल में गुरुवार शाम घटित हुई।

# सीबीडीटी ने पांचवीं वार्षिक एपीए रिपोर्ट जारी की

सीबीडीटी का अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौता (एपीए) कार्यक्रम भारत में निवेशक-अनुकूल और गैर-प्रतिकूल टैक्स व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए इसकी सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है। अपनी शुरूआत के बाद से, भारतीय एपीए कार्यक्रम ने कारोबार करने में आसानी को बढ़ावा देने से जुड़े भारत सरकार के मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने हाल ही में चौथी और पांचवीं वार्षिक एपीए रिपोर्ट जारी की है। ये रिपोर्टें, एपीए कार्यक्रम से संबंधित प्रमुख डेटा और आँकड़े प्रस्तुत करती हैं। इनमें आवेदकों का क्षेत्र-वार वितरण, कवर किए गए लेनदेन की प्रकृति, लागू स्थानांतरण मूल्य निर्धारण पद्धतियां आदि शामिल हैं।

# कार्यक्रम :सेवानिवृत्ति पर होमगार्ड जवान को दी गई विदाई, थानाध्यक्ष ने की प्रशंसा

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफ़जलगढ सेवानिवृत्ति पर होमगार्ड जवान को दी गई विदाई,विदाई समारोह के दौरान सेवानिवृत्त हमगार्ड जवान काफी भावुक दिखाई पड़े। थानाध्यक्ष ने की थाना में विदाई समारोह में मौजूद थानाध्यक्ष व अन्य। छाता फूल माला, बुके, शॉल, अंग वस्त्र देकर किए गए सम्मानित किया। जानकारी अनुसार शुक्रवार थाना परिसर में होमगार्ड कंपनी 18 होमगार्ड जवान के सेवानिवृति होने पर थानाध्यक्ष हम्बीर सिंह की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर थानाध्यक्ष ने कहा कि इनके साथ कार्य करने के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला। हर सरकारी कर्मी के जीवन में यह क्षण आता



है ।सभी सरकारी कर्मी को कभी न कभी सेवानिवृत होना है। वहीं सेवानिवृत्त होमगार्ड जवान राजपाल सिंह ने कहा कि अपने कार्य काल के दौरान हमें भी काफी कुछ सीखने को मिला। यह तो परंपरा है कि 60 साल के बाद हर किसी को सेवानिवृत्त होना है इस अवसर पर थाना अध्यक्ष हम्बीर सिंह के अलावा,एस आई अनोखेलाल लाल गंगवार, एस आई सोहन सिंह पुण्डीर, एस आई कस्बा इंचार्ज गोपाल सिंह, एस आई मुकेश कुमार, पीसी नौबहार सिंह, सुशील कुमार, राजकुमार, गजेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, तेजवीर सिंह, भरत सिंह, कैलाश सिंह, ताराचंद, धर्मवीर सिंह, वीर सिंह, आदेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दो बाइक आमने-सामने भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौत।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़/रेहड़ गांव बादीगढ़ कल्लूवाला मार्ग पर स्थित माड़ी भट्टे के समीप दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर बाइक सवार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर धारा निवासी कमलेश देवी ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया की बीतीं रात शुक्रवार को पीड़िता का पति महेन्द्र सिंह पुत्र डोरीलाल निवासी फतेहपुर धारा अपनी बाइक से रेहड़ की ओर से आ रहा था। जैसे ही उसकी बाइक गांव बादीगढ़ कल्लुवाला मार्ग पर



स्थित माडी भट्टे के नजदीक पहुंची तो तभी सामने से आ रहे बाइक सवार सुहैल पुत्र अंजार अहमद निवासी छत्रीपट्टा थाना रेहड ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार महेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से पीएचसी कासमपुरगढ़ी में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान घायल महेन्द्र सिंह की मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक की पत्नी कमलेश देवी की तहरीर पर बाइक सवार सुहैल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर रेहड़ कोतवाल सुनील कुमार ने बताया कि मृतक का शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया गया है। मृतक की पत्नी कमलेश देवी की तहरीर पर बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर भारी मात्रा में मरीजों की जांच कर निःशुल्क औषधि का वितरण किया ।



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण के मेघपुर मोड़ स्थित प्रतिष्ठ एमटी मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल ने थाना क्षेत्र के ग्राम मीरपुर मोदीवाला में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। एम टी अस्पताल के एमडी डॉक्टर ताजीम की टीम में शामिल डॉक्टर प्रदीप कुमार व डॉक्टर जावेद अहमद ने लगभग 184 मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क औषधि का वितरण किया। अस्पताल मैनेजमेंट ने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, यूरिकऐसिड, कैल्शियम आदि की निःशुल्क जांच की।

डॉक्टर ताजीम के द्वारा गांव-गांव में शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने का सुझाव दिया जा रहा है उन्होंने बताया कि इस समय वायरल फीवर बहुत तेजी से फैल रहा है इसमें मरीज को तुरंत बुखार होने पर आवश्यक उपचार करना चाहिए। यह लीवर को हानि पहुंचता है। कैंप में एमटी अस्पताल के स्टाफ मौहम्मद तालिब, मौहम्मद वासिल, जावेद अहमद, शाजिया परवीन, शाहनवाज, शोएब, सिदरा ने पूर्ण रूप से सहयोग

# करीमुद्दीनपुर के पवन राय (ऋषभ) का चयन UP T20 लीग में हुआ, कानपुर सुपरस्टार्स की टीम में हुआ चयन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील के करीमुद्दीनपुर के पवन राय ने कड़ी मेहनत और अदम्य उत्साह से अपनी सफलता की कहानी को लिखा ,पवन के यूपी टी ट्वेंटी लीग में चयन होना यह बताता है कि तैयारी में ईमानदारी से किया गया मेहनत एक दिन रिटर्न जरुर देता है।

पवन राय ऋषभ गाजीपुर के करीमुद्दीनपुर गाँव के निवासी हैं। पवन के पिता आनंद बिहारी राये मध्यम वर्गीय किसान हैं बचपन से ही पवन की क्रिकेट में रूचि रही है`पवन राय ने सहवाग इंटरनेशनल क्रिकेट अकादमी दिल्ली से ट्रेनिंग लेने के बाद से हीअपनी तैयारी में लगे हुए थे और गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तहत विगत 4-5 वर्षों से क्रिकेट खेल रहे थे।

पवन राय ने बताया कि शाश्वत सिंह जो कि वर्तमान में गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं, ने क्रिकेट के प्रति मेरे रुझान को देखते हुए शुरू से ही क्रिकेट के बारीकियों से अवगत कराते हुए निरन्तर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहे हैं` उनके इस कार्य के लिए मैं आजीवन आभारी रहूँगा` साथ ही में वैभव भैया, जो कि क्रिकेट परफॉरमेंस सेण्टर के अध्यक्ष हैं, को भी धन्यवाद देता हूँ जिनकी एकेडमी मैंने निरंतर अभ्यास किया` एकेडमी के कोच रंजन सिंह के प्रति कृतार्थ व्यक्त करता हूँ जिन्होंने समय-समय



पर अपना बहुमूल्य समय निकाल कर मेरा मार्गदर्शन किया` इन सबसे ऊपर गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन सहित पूर्वांचल के संरक्षक संजीव कुमार सिंह के प्रति भी कृतज्ञ हूँ जिनके शुभाशीष से आज मैं क्रिकेट जगत में अपने नए सफर का शुरूआत करने के अग्रसर हूँ उनकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है` उनके अथक प्रयास व समर्पण के कारण ही न केवल मेरा बल्कि मेरे मेरे अतिरिक्त कई क्रिकेट खिलाडियों को नयी पहचान मिली है` उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ियों का आर्थिक रूप से सहयोग किया है जिससे की किसी कि प्रतिभा दब न सके` यूपी टी20 में मेरा चयन होना उनके अथक प्रयास का सकारात्मक परिणाम है, जिसके लिए मैं पुनः अपने परिजन सहित आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ"

पवन राय ऋषभ के पिता आनंद बिहारी राय एक किसान है एक मध्यम वर्गीय परिवार से निकलकर पवन राय का यहां तक पहुंचना निस्संदेह एक बड़ी उपलब्धि है। आज भी हमारे समाज में डाक्टर इंजीनियर आईएएस पीसीएस बनने की होड़ में अगर आपके बच्चे खिलाड़ी बनने की बात करें तो ये एक सपने जैसा लगता है ।इस सपने को पूरा करने के पीछे एक परिवार की कई सालों का परिश्रम, त्याग ,अटूट विश्वास और भरोसा है जो ऐसे सपनों को सच करा सकता है ।पवन राय ऋषभ गांव के दोस्तों के साथ भी क्रिकेट खेलते रहते हैं, पवन के दोस्त अपने साथी दोस्त की कामयाबी पर उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया दे रहे।

षभ के यूपी टी ट्वेंटी लीग में चयन होना सफलता की ओर उसका पहला कदम है ।

पवन राय ऋषभ सहवाग इंटरनेशनल क्रिकेट अकादमी से ट्रेनिंग ले कर अपनी राह बनाने में दिन रात पसीना बहा रहे थे ,समय बदला जुनून और जिद ने ऋषभ को एक अवसर दिया और युवा जुझारू खिलाड़ी ने इस अवसर का पुरा फायदा उठाया,और चयनित होकर सफलता का स्वाद चखा।

# ताजपुर(डेहमा)का लाल स्वर्णिम राज सिंह सक्षम मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट कालेज सैफई मे लगायेगा अब

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुरझजनपद के बाराचवर विकास खण्ड अन्तर्गत ताजपुर( डेहमा )ग्राम पंचायत निवासी भासपा के राष्ट्रीय महासचिव शक्ति सिंह के पुत्र स्वर्णिम राज सक्षम सिंह का क्रिकेट खेलने के लिए( बैटसमैन )के रूप मे मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट कालेज सैफई मे हुआ है।

बालक अपने ननिहाल मे रहकर सिसवार खुर्द रसड़ा जनपद बलिया स्थित आर्दश अंबेडकर प्राथमिक विद्यालय मे पांचवी मे पढ़ रहा था।एवं क्रिकेट खेल के कोचिंग के लिए पिछले वर्ष 16जुलाई 2022से बी एच यू ब्रोचा ग्राउंड स्थित दृष्टि क्रिकेट एकेडमी के अनुभवी कोच विकास सोनकर के देखरेख मे क्रिकेट का प्रशिक्षण ले रहा था।पहले ही प्रयास मे स्वर्णिम राज सिंह सक्षम का चयन क्रिकेट खेल मे(बैटसमैन)मेजर ध्यानन्द स्पोर्ट कालेज सैफई मे होने पर परिजनो तथा शुभचिंतकों मे खुशी की लहर



दौड़ गयी।

लोग स्वर्णिम राज सक्षम को इस सफलता के लिए बधाईया दे रहे है।बधाईयां देने वालो मे जहूराबाद विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर,राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविन्द राजभर,भासपा के राष्ट्रीय मुख्य प्रवकता अरूण राजभर,ताजपुर निवासी सुनील गुप्ता,फिरोज अंसारी,आलोक वर्मा,रविन्द्र राजभर,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरल राजभर,अफजाल,कैसर मकसूद आलम,डा०शाहिद अफरोज,पूर्व प्रधान महमूद अंसारी,ग्रामप्रधान वेद यादव,राणा सग्राम क्रिकेट क्लब के संस्थापक डा०हरिमोहन गिरि,सरफराज अहमद, मेहदी, जफरूल्लाह अंसारी,आर्दश क्रिकेट क्लब के रिजवान अंसारी,क्षेत्रपंचायत मनोज गुप्ता,गोपाल गुप्ता,पूर्व प्रधान निसार अंसारी, भाजपा नेता विपिन बिहारी सिंह टुनटुन, देवेन्द्र सिंह देवा, शिवजी वर्मा, ग्रामप्रधान डेहमा अवधेश राम,ग्रामप्रधान गोशलपुर प्रतिनिधि मदुसुदन विंद,पूर्व प्रधान राजू सिंह, ग्रामप्रधान पतार मून्ना राम,पूर्व प्रधान सूखराम सिंह,सदस्य जिलापंचायत रामसागर यादव,सुरेश राजभर, ग्रामप्रधान प्रतिनिधि भरौली आला पृथ्वीराज सिंह,पूर्व प्रधान अनन्त सिंह,ग्रामप्रधान भाटसराय मन्नू यादव ने उभरते युवा क्रिकेटर बालक स्वर्णिम राज सक्षम के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# जमीनी विवाद में बदमाशो ने की वृद्ध की सिर कूचकर निर्मम हत्या

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के तिरछी गांव में सिर कूंचकर वृद्ध की अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनाथ चौहान पुत्र बेचू चौहान उम्र 70 वर्ष निवासी तिरछी थाना दुल्लहपुर जो अपने घर में दरवाजा खोलकर सो रहे थे। उनकी बच्ची व पत्नी दूसरे मकान पर गये हुए थे। रात में अज्ञात बदमाशों ने उनका सिर कूचकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही एसपी ओमवीर सिंह, एसपी सिटी, सीओ,



एसओ सहित भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच कर लोगों से पूछताछ किया।मृतक के घर वालों का कहना है कि जमीनी विवाद में यह हत्या की गयी है। एसओ दुल्लहपुर ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर मिल गयी है। एफआईआर दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# सत्यदेव डिग्री कॉलेज के प्राचार्य को भातृ शोक

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

सत्यदेव डिग्री कालेज फदन पुर , बोरासिया ,गाजीपुर के प्राचार्य डॉ राम चन्द्र दूबे जी के छोटे भाई 57 वर्षीय श्री कृष्ण चंद्र दुबे जी की मृत्यु हृदय गति रुक जाने से 19 अगस्त के हो गई।शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने सत्यदेव ग्रुप ऑफ कालेजेज के प्रबंध निदेशक प्रो O सानंद सिंह जी प्राचार्य जी के पैतृक निवास हरिहर पुर बलिया पहुंचे।उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए हर समय उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। 31अगस्त को श्राद्ध कार्य में कालेज प्रतिनिधि के रूप में सत्यदेव डिग्री कालेज के निदेशक अमित सिंह रघुवंशी सहित कई विद्वान प्राध्यापको ने सहभागिता की।इस दुखद अवसर पर निदेशक अमित सिंह रघुवंशी ने मृतात्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



# रामपुर नगर पालिका नहीं मान रही कोर्ट के आदेश

**शावेज अहमद**

रामपुर। रामपुर नगर पालिका परिषद प्रशासन माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों को भी नहीं मान रहा हैं। एक बुजुर्ग पिछले एक साल से कोर्ट के आदेश लेकर नगर पालिका के चक्कर काट रहा हैं लेकिन उसकी सुनने वाला कोई नहीं हैं।

शहर के मौहल्ला नालापार निवासी परवेज खान एक बुजुर्ग व्यक्ति हैं। उनका कहना हैं कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा शिवि सिनेमा हाल के आगे की दुकानों को तोड़ दिया गया था। जिसके बाद वह कोर्ट चले गये। हाईकोर्ट ने करीब एक साल पहले नगर पालिका को उनकी दुकान देने के आदेश कर रखे हैं लेकिन आज तक नगर पालिका प्रशासन उन्हे दुकान नहीं दे पाया हैं जो कोर्ट के आदेशों की अवमानना भी हैं। उन्होने आरोप लगाया कि नगर पालिका परिषद में तैनात कर अधीक्षक मयूरी शर्मा ने उन्हे दुकान



देने की एवज में 50 हजार रुपए की मांग की थी जो वह अपनी आर्थिक स्थिति के कारण पूरी नहीं कर पाये अब मयूरी शर्मा का भी तबादला दूसरे जिले में हो गया हैं। पीडित बुजुर्ग अपनी रोजी रोटी के लिए नगर पालिका के चक्कर काट रहा हैं लेकिन पालिका कर्मचारियों को उसपर तरस नहीं आ रहा हैं। वहीं परवेज खां का कहना हैं कि आम आदमी पार्टी ने अपना प्रत्याशी रामपुर में उतारकर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की बात कही थी और रामपुर की अवाम ने नगर निकाय चुनाव में आप प्रत्याशी को बंपर वोटो से जिताया लेकिन इसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन का रवैया नहीं बदला हैं जिसका जीतता जागता सबूत वह स्वयं हैं। उन्होने कहा कि यदि उन्हे शीघ्र इंसाफ नहीं मिला तो वह पूरे मामले की शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री से करेंगे। इस मामले में जब कार्यवाहक ईओ से बात करनी चाही तो उन्होने फोन रिसीव नहीं किया।

# रेलवे लाइन के किनारे वृद्ध महिला का शव मिला

**समाज जागरण**

**अमेठी**मुसाफिरखाना क्षेत्र के पूरे लुसई गांव के पास रेलवे लाइन के किनारे लगभग 60 वर्षीय अज्ञात महिला का शव पड़ा मिला सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए औपचारिकता पूर्ण की।

शुक्रवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के पूरे लुसई गांव के पास लगभग 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध महिला का शव पड़ा मिला आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए औपचारिकता पूर्ण की महिला के सिर पर चोट के निशान पाए गए समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक का हुआ आयोजन

**शावेज अहमद**

रामपुर। टैक्स बार एसो.की बैठक का आयोजन एक होटल में किया गया।बैठक में आशीष कमथानिया एड. द्वारा केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर दूसरा संशोधन नियम 2023 में प्रमुख संशोधन के बारे में सभी सदस्यों को विस्तार से बताया गया। उन्होने बताया कि नियम 10ए के अनुसार पंजीकरण प्राप्त करने के 30 दिन या जीएसटीआर 1 भरने से पहले आपको अपनी फार्म का बैंक अकाउंट अपलोड करना होगा अन्यथा आप जीएसटीआर 1 नहीं भर पाएंगे। नियम 9 में अब फर्म के भौतिक सत्यापन के समय व्यापारी की उपस्थिति को समाप्त कर दिया गया हैं अब व्यापारी की अनुपस्थिति में फर्म का भौतिक सत्यापन जीएसटी अधिकारी कर सकेंगे। एक नया नियम 88डी जोड़ा गया हैं जिसमे आईटीसी अधिक लेने या आईटीसी के अंतर पर व्यापारी को डीआरसी 01सी के




पार्ट अ में नोटिस ऑनलाइन ऑटोमैटिक जायेगा। जिसमे अन्तर स्पष्ट लिखा होगा जिसके लिए आपको सात दिन का समय होगा। टैक्स व्याज सहित जमा करते हुए जवाब डीआरसी 01सी के पार्ट ब में देना होगा। नियम 23 में कैंसल फर्म के रिवोक की एप्लीकेशन के लिए समय सीमा 30 दिन से बढ़ाकर 90 दिन कर दी गई हैं और विशेष परिस्थिति में यदि अधिकारी आपके कारण से संतुष्ट हैं तो यह अवधि 180 दिन तक बढ़ाई जा सकती हैं।

बैठक में अंकुर अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, पीके अग्रवाल, पीके चावला, मोहम्मद आरिफ, आशीष अग्रवाल, अतुल कुमार सक्सेना, नासिर अली, सौरभ अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, रोहित लाठे, नदीम खान, राजीव सक्सेना, गुलरेज खान आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

# बी पैक्स सदस्यता महा अभियान का आज वर्चुअल शुभारंभ

रामपुर। उप्र सहकारिता विभाग द्वारा एक से 30 सितंबर तक चलाये जाने वाले बी पैक्स सदस्यता महा अभियान का आज वर्चुअल शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। जिला सहकारी बैंक के सभागार में लगाये गये विशेष बड़े स्क्रीन द्वारा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, भाजपा जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता, सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिला पंचायत चेयरमैन ख्याली राम लोधी, पैकफेड के पूर्व चेयरमैन सूर्य प्रकाश पाल, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह, ब्लाक प्रमुख अर्चना गंगवार मौजूद थे। कार्यक्रम में राम चन्द्र, सुन्दर लाल, तेजपाल, केदार, राजेन्द्र को अजीतपुर बी पैक्स की सदस्यता प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख द्वारा प्रदान कर जिले में



सदस्यता महा अभियानकी शुरूआत की गई। कार्यक्रम में पूरे जिले से आये लगभग ढाई सौ कृषक व सहकारिता के पदाधिकारी व अधिकारी मौजूद थे। जिला सहकारी बैंक चेयरमैन मोहन लाल सैनी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता गणेश गुप्ता, बैंक के सचिव उपेन्द्र कुमार सारस्वत द्वारा आये हुए लोगों का स्वागत किया गया। जिले में प्रत्येक बी पैक्स को अभियान के दौरान कम से कम पांच सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं तथा प्रत्येक समिति मुख्यालय से इस कार्यक्रम की आज ही शुरूआत की गई।

# मारपीट में महिला सहित तीन घायल

**समाज जागरण**

**अमेठ** ीमुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के पलिया चन्दापुर गांव के पास किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी देखते देखते लाठी डंडे चलने लगे जिसमें दोनों पक्षों के महिला सहित तीन लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस विधिक कार्यवाही करते हुए घायलों को मेडिकल हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया।

शुक्रवार को क्षेत्र के पूरे साहब बक्स मजरे पिंडरा निवासी रीना यादव पत्नी सुदर्शन यादव व दीपचंद रामचंद्र पुत्रगण सोमई निवासी पलिया चन्दापुर के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी देखते-देखते दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडों से लैस होकर आमने-सामने आ गए लाठी डंडे चलने लगे जिसमें रीना यादव व दूसरे पक्ष के दीपचंद व रामचंद्र चोटहिल हो गए पक्षों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस विधिक कार्यवाही करते हुए घायलों को मेडिकल हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया एवं मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर पोषण रैली को रवाना किया

**शावेज अहमद**

शासन से प्राप्त निदेशों के क्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सितम्बर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रुप में मनाया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल ने विकास भवन प्रागंण से हरी झण्डी दिखाकर पोषण रैली को रवाना किया और जनपद में पोषण माह का शुभारम्भ किया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीम विभाग द्वारा ह्णह्णसुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारतह्णह्ण निर्धारित की गयी है।




पोषण माह में विभिन्न कर्वजेन्स विभागों के सहयोग से जनपद के समस्त ऑगनबाडी केन्द्रों पर 0 से 5 वर्ष के बच्चे, गर्भवती मातायें, धात्री मातायें एवं किशोरी बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु विभिन्न जनजागरुकता के कार्यक्रम के माध्यम से पोषण माह को जन आन्दोलन का रूप देना है। ऑगनबाडी केन्द्रों पर जन जागरुकता कार्यक्रम के तहत प्रभावी स्तनपान व सम्पूरक आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा,पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाईफ के माध्यम से पोषण में सुधार, एनीमिया स्तर में सुधार हेतु परीक्षण उपचार, संवाद, मेरी माटी मेरा देश जैसे कार्यक्रम चलाए जायेंगे।

# पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**शावेज अहमद**

रामपुर। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला द्वारा रामपुर पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। रामपुर रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार द्वारा परेड की सलामी ली गयी। परेड में लगे पुलिस कर्मियों का टर्न आउट चैक किया गया। परेड के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित आदेश कक्ष में कर्मचारियों का ओआर व भोजनालय, कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, एमटी शाखा, जिम, अतिथि गृह, नव-निर्माण आदि का निरीक्षण कर



पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चैक किया गया तथा सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर सभी सीओ मौजूद थे

# पदाधिकारियों का हुआ जोरदार स्वागते

**समाज जागरण**

**अमेठी**बुधवार को अमेठी विधानसभा में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में अमेठी विधानसभा अध्यक्ष शिवम तिवारी तथा व्यापार मंच वेद प्रकाश तिवारी का जोरदार स्वागत किया गयो विधानसभा अमेठी के उपाध्यक्ष राम उजागिर यादव ने इस स्वागत समारोह का आयोजन किया थोइस दौरान समारोह में सोहनलाल शुक्ला (भूतपूर्व दरोगा),चंद्रशेखर तिवारी ( भारतीय रेल गार्ड ),राम सहाय कौशल (कौशल समाज उत्तर प्रदेश अध्यक्ष),पंकज पांडे व्यापार यूनियन अध्यक्ष अमेठी, अखिलेश,आशीष वर्मा, विनय कौशल आदि भी मौजूद रहे



# सुपोषित भारत – साक्षर भारत – सशक्त भारत की थीम पर जिले में 30 सितंबर तक मनाया जायेगा राष्ट्रीय पोषण माह

- कुपोषण के खिलाफ चलेगा राष्ट्रीय पोषण अभियान

- आंगनबाड़ी सेविका पोषण के संदेश को पहुंचायेंगी घर-घर

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिलेवासियों को कुपोषण से बचाने को 1 से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा. इस दौरान कुपोषण के खिलाफ राष्ट्रीय पोषण अभियान चलाया जाएगा. जिसमें आंगनबाड़ी सेविकाएँ मुख्य भूमिका निभाएंगी. उनके द्वारा घर-घर पोषण के संदेश को पहुंचाया जाएगा. जिले के आईसीडीएस की डीपीओ जया मिश्रा ने बताया कि निदेशक, आईसीडीएस द्वारा जिलाधिकारी को जिले में राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत गतिविधियों को आयोजित करने से संबंधित निर्देश जारी किया गया है. पत्र में बताया गया है कि कुपोषण मुक्त भारत बनाने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय पोषण अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है. जिसके अंतर्गत जन आंदोलन, समुदाय आधारित गतिविधि व संबंधित विभागों में समन्वय से तय सीमा के अंदर माता एवं बच्चों के कुपोषण में प्रतिवर्ष कमी लाए जाने को लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

**जारी कैलेंडर के अनुसार होगा गतिविधियों का आयोजन :**

समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) की जिला प्रोग्राम पदाधिकारी जया मिश्रा ने बताया, आईसीडीएस निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के तहत पूरे माह गतिविधियों का आयोजन जारी कैलेंडर के अनुसार किया जाएगा. जिसमें केवल स्तनपान एवं ऊपरी आहार हेतु परामर्श एवं जागरूकता गतिविधि का आयोजन, स्वस्थ बालक, बालिका प्रतिस्पर्धा का आयोजन,



पोषण भी पढाई भी, मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण स्तर में सुधार के लिए जागरूकता गतिविधि का आयोजन, मेरी माटी मेरा देश, जनजातीय केन्द्रित क्षेत्रों में पोषण संवेदीकरण के उन्मुखीकरण व परामर्श, एनीमिया प्रबंधन पर परीक्षण, उपचार, परामर्श/चर्चा आदि कार्यक्रम किये जायेंगे. साथ ही इसकी प्रतिदिन के प्रतिवेदन आंकड़ों को जन आन्दोलन डैश बोर्ड पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाएगा.

पोषण परामर्श डेस्क की स्थापना कर दी जाएगी जानकारी :

पूरे पोषण माह के दौरान सदर अस्पताल, जिला प्रोग्राम कार्यालय परिसर, प्रखंड कार्यालय परिसर में पोषण परामर्श केन्द्रों को संचालित किया जाएगा. जिससे जन-समुदाय को सेवाएं प्रदान की जा सके. पोषण परामर्श डेस्क के माध्यम से मां-बच्चे और संपूर्ण परिवार के पोषण से संबंधित दुविधाओं का निराकरण किया जाएगा. जिसमें छह वर्ष तक के बच्चों की प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा संबंधी गतिविधियों की जानकारी, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना की जानकारी दी जाएगी. उपयुक्त स्तनपान अभ्यासों पर सभी गर्भवती और धात्री माताओं के साथ उनके परिजनों को आमंत्रित कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा.

**गतिविधियों के माध्यम से लोगों को किया जाएगा जागरूक :**

राष्ट्रीय पोषण मिशन के जिला समन्वयक मंजूर आलम ने बताया कि पोषण का कैलेंडर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध करा दिया गया है. ताकि, वार्ड स्तर तक गतिविधियों का प्रचार-प्रसार किया जा सके। इस अभियान में पोषण रैली, प्रभात फेरी, जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा. साथ ही, इसमें आशा, एएनएम, वीएचएसएनडी के सदस्य, पोषण पंचायत के सदस्य, शिक्षक, विकास मित्र, जीविका समूह सदस्य एवं अन्य स्थानीय वयस्क सदस्य को शामिल किया जाएगा. ताकि, इसमें जनभागीदारी को सुनिश्चित की जा सके.

**एनीमिया के प्रति महिलाओं को किया जाएगा जागरूक–**

राष्ट्रीय पोषण मिशन के जिला समन्वयक मंजूर आलम ने बताया कि अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका आदि द्वारा एनीमिया की रोकथाम के लिए एनीमिया कैंप का आयोजन, हीमोग्लोबिन की जांच, माहवारी स्वच्छता पर परामर्श, गृह भ्रमण , किशोरी बालिकाओं को आईएफए वितरण एवं पम्पलेट वितरण, पोषण रैली, प्रभात फेरी, साइकिल रैली, आयरन युक्त भोजन पर परामर्श दिया जायेगा. गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल, सामदुयिक स्वास्थ्य केंद्र में परामर्श शिविर आयोजित कर परामर्श दिया जायेगा. आईसीडीएस एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से स्कूलों में पोषण मेला का आयोजन किया जायेगा तथा कुपोषण से बचाव व पोषण जागरूकता पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा. ताकि स्कूलों में छात्रों को पोषण के सम्बंध में जागरूक किया जा सके.

# नए कचरा ढोने वाले वाहनों और सौर ऊर्जा संचालित पेयजल परियोजनाओं का उद्घाटन।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

नक्सलबाड़ी : शुक्रवार को नक्सलबाड़ी और खोरीबाड़ी प्रखंड में आम लोगों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और पेयजल सेवाओं के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन को महत्व देने के लिए नए कचरा ढोने वाले वाहनों और सौर ऊर्जा संचालित पेयजल परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। सिलीगुड़ी महकमा परिषद सभाधिपति अरुण घोष ने नक्सलबाड़ी बीडीओ कार्यालय में दो प्रखंडों में 2 अपशिष्ट प्रबंधन वाहनों और चार सौर ऊर्जा संचालित पेयजल सेवाओं का उद्घाटन किया।



महकमा परिषद सभाधिपति अरुण घोष ने कहा महकमा क्षेत्रों को साफ सुथरा रखने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का काम चल रहा है। कहा कि आने वाले दिनों में 22 ग्राम पंचायतों में ई-कार्ड सेवाएं और ट्रैक्टर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर महकमा परिषद अधिकारी नलिनी रंजन रॉय, नक्सलबाड़ी पंचायत समिति के सभापति आनंद घोष, खोरीबाड़ी पंचायत समिति के सभापति रत्ना रॉय सिंह और अन्य उपस्थित थे।

# झाड़ग्राम : जिलाधिकारी सुनील अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया "दुआरे सरकार" योजनाओं की जानकारी

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

राज्य सरकार की विशेष पहल "दुआरे सरकार " के सातवें चरण के गतिविधियों को लेकर जिलाधिकारी सुनील अग्रवाल ने शुक्रवार अपने कार्यालय कक्ष में संवाददाता सम्मेलन कर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया सातवें चरण मे कुल 2196 शिविर लगाए जाएंगे। जिसमें 409 चलन्त शिविर होगा। आज 250 शिविर आयोजित की गई है। इसके अलावा 41 चलन्त शिविर शामिल है। जिसके अंतर्गत कुल 35 योजनाओं को शामिल किया गया है। जिलाधिकारी श्री अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया प्रत्येक स्थान पर दो बार सिविर लगाए जाएंगे। सातवें चरण के इस शिविर में चार नए सेवा प्रदान की जा रही है। जिसमें वृद्धावस्था पेंशन, प्रवासी श्रमिकों, कलाकारों एवं शिल्प समाधान से जुड़े लोग इसमें पंजीकरण कर पाएंगे। प्रत्येक प्रखंड स्तर पर एकदिवसीय चिकित्सा सेवा



हेतु शिविर लगाए जा रहे हैं। जिले के छह जगह पर बैंक व डाकघरों में आधार सेवा मुहैया कराया जा रहा है। शिविरों में बैंक द्वारा ग्राहक सेवा केंद्र स्थापित कर नए खाता खुलवाने सहित खाताधारक को अन्य बैंकिंग सेवा प्रदान की जा रही है। आवेदन करने वाले लाभार्थियों को शिविर परिसर में ही सेवा प्रदान किया जा रहा है। संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रूप से अतिरिक्त जिला अधिकारी ( डेवलपमेंट ) प्रसनजीत चक्रवर्ती, अतिरिक्त जिला अधिकारी ( भूमि )धीमान बरुई, जिला सूचना एवं सांस्कृतिक अधिकारी संतु बिश्वास उपस्थित थे।

इसके पश्चात जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में डिजिटल प्रचार वाहन को जिलाधिकारी सुनील अग्रवाल, अतिरिक्त जिला अधिकारी धीमान बरुई, अतिरिक्त जिला अधिकारी प्रसनजीत चक्रवर्ती, जिला सूचना एवं सांस्कृतिक पदाधिकारी संतु विश्वास के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जिले भर में प्रचार प्रसार हेतु रवाना किया गया।

# जिले में जनसंख्या नियंत्रण के उपायों की मजबूती को ले चलेगा विशेष अभियान

*– 04 से 26 सितम्बर तक दो चरणों में संचालित होगा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा*

*–छोटे परिवार के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक कर उपलब्ध करायी जायेगी जरूरी सेवाएं*

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

समुदाय स्तर पर जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूकता, परिवार नियोजन से संबंधित सेवाओं की जानकारी व योग्य दंपतियों को इच्छानुसार संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 04 से 26 सितम्बर तक जनसंख्या स्थिरिकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम की सफलता को लेकर संबंधित अन्य विभागों से जरूरी मदद ली जायेगी. आमजनों को परिवार नियोजन सेवाओं के इस्तेमाल के लिये प्रेरित करने में संबंधित क्षेत्र की आशा, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी व विकास मित्रों का सहयोग लिया जायेगा.

सामूहिक प्रयास से होगा कार्यक्रम सफल -

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि 04 से 10 सितम्बर तक दंपति संपर्क व 11 से 26 सितम्बर तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा.इस दौरान परिवार नियोजन के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाओं जैसे कॉपर टी, गर्भ निरोधक सुई, बंध्याकरण व नसबंदी के साथ गर्भ निरोधक गोलियों व अन्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जायेगा. कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित कराने में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्था सहित संबंधित सरकारी विभागों से अपेक्षित सहयोग की अपील सिविल सर्जन ने की है.

**कार्यक्रम की सफलता के लिए जिले के जनप्रतिनिधियो को दिया गया है प्रशिक्षण –**

सिविल सर्जन डॉ किशोर ने बताया कि परिवार नियोजन संबंधित सेवाएं व्यक्ति और समाज दोनों के लिए महत्वपूर्ण है. इसी लिए बारी-बारी से सभी मुखिया एवं सरपंचों को प्रशिक्षण दिया गया है. जिससे अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचायी जा सके. ताकि कम बच्चों पर व्यक्ति उनका अच्छे से पालन-पोषण कर सकेगा जो आगे अच्छे नागरिक बनेंगे. कहा कि इस कार्यक्रम में समुदाय एवं स्थानीय स्तर के पंचायत जनप्रतिधियों की सहभागिता से ही प्रभावी रूप में लागू करने पर देश का आर्थिक रूप से तीव्र विकास संभव है. गरीबी, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता को कम किया जा सकता है. विकसित भारत की कल्पना कर सकते हैं. इसलिए मिशन परिवार विकास अभियान को सफल बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में जागरूकता फैलानी होगी. ताकि परिवार नियोजन अन्तर्गत लाभार्थी को सभी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराकर यह अभियान शत प्रतिशत सफल हो सके.

**छोटे परिवार के महत्व से कराया जायेगा अवगत –**

जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ मुनाजिम ने बताया कि अभियान का उद्देश्य हम दो हमारे दो के लक्ष्य को हासिल करना है. इस दौरान आम लोगों को जनसंख्या स्थिरीकरण की जरूरत, सही उम्र में शादी का महत्व, दो बच्चों के बीच पर्याप्त अंतर, छोटे परिवार का लाभ, मां व शिशु स्वास्थ्य की बेहतरी के लिये गर्भनिरोधक उपाय अपनाने को लेकर जरूरी परामर्श के प्रति जागरूक किया जाना है. साथ ही सुलभतापूर्वक लोगों को इससे जुड़ी सेवाएं उपलब्ध करानी है.

परिवार नियोजन के उपाय अपनाने पर लाभुक व उत्प्रेरक को दी जाती है प्रोत्साहन राशि -

जिला योजना समन्वयक विश्वजीत कुमार ने बताया कि सभी सरकारी चिकित्सा संस्थानों में परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी संसाधन से जुड़ी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं. इतना ही नहीं, इन उपायों को अपनाने पर लाभुक को सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि का भुगतान भी किया जाता है. उन्होंने बताया कि पुरुष नसबंदी के लिये लाभुक को 3000 रुपये व उत्प्रेरक को 400 रुपये बतौर प्रोत्साहन राशि दी जाती है. वहीं महिला बंध्याकरण के लिए लाभार्थी को 2000 व उत्प्रेरक को 300 रुपये देने का प्रावधान है. इसी तरह प्रसव के उपरांत बंध्याकरण के लाभार्थी को 3000 रुपये, उत्प्रेरक को 400 रुपये दिये जाते हैं. प्रसव उपरांत कॉपर-टी लगाने के लिये लाभार्थी को 300 व उत्प्रेरक को 150, गर्भपात के उपरांत कॉपर-टी लगाने के लिये लाभार्थी को 300 व उत्प्रेरक को 150 रुपये व गर्भनिरोधक सुई लगाने पर लाभार्थी को 100 रुपये व उत्प्रेरक को 100 रुपये बतौर सहायता राशि दी जाती है.

# ठाकुरगंज: पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी को महज 12 घंटे के अन्दर किया गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

31 अगस्त को ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के जैनुल पिता फजलुर्रहमान साकिन दुधऔटी ठाकुरगंज के द्वारा अपने बहन निगरजा को मो. सुलेमान पिता इमाम ,चमकीला पति मो. सुलेमान,खोतेजा पति इमाम, इमाम , दिलदार पिता इमाम पांचो साकिन गफारटोला, दुधऔटी, तबस्सुम पति शोएब साकिन मोन्ना बस्ती, दुधऔटी सभी थाना ठाकुरगंज जिला किशनगंज एवं अन्य के द्वारा दहेज के लिए मारपीट कर हत्या कर उनके शव को फांसी के फंदे में लटका देने की सूचना पुलिस को मिली। इसी सूचना पर पुलिस त्वरित कार्रवाई



करते हुए घटनास्थल पर चहुँचकर शव को अपने कब्जे में लिया और मृतिका के भाई जैनुल के लिखित आवेदन के आधार पर ठाकुरगंज थाना कांड संख्या-193/23, दिनांक 31.08.2023 धारा-341 ,304B,302/379,34 भा. द.वि.के अन्तर्गत दर्ज किया गया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

उक्त कांड में हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में 31 अगस्त को मुख्य आरोपी मो. सुलेमान पिता इमाम साकिन गफारटोला, दुधऔंटी ठाकुरगंज को महज 12 घंटे के अन्दर उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया तथा उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। काण्ड का अनुसंधान जारी है।

# स्वर्णरिखा क्षेत्र की भाषा एवं संस्कृति में अखिल भारतीय छाप दिखाई पड़ता है

## आमारकार भाषा आमारकार गोरबो ( स्वर्णरेखिक भाषा एवं संस्कृति)

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

झाड़ग्राम : व्यापक स्वर्णरेखा क्षेत्र के साथ-साथ स्वर्णरेखा नदी किनारे बसनेवाले लोग अपनी खुद की एक भाषा बोलते हैं। इस बोलचाल की भाषा को विभिन्न नाम से पुकारा जाता है। लेकिन स्वीकृत नाम स्वर्णरेखिक भाषा है। एवं स्वर्णरेखा क्षेत्र की संस्कृति में अखिल भारतीय छाप भी देखी जा सकती है। विशेष कर तत्कालीन कालिंग वर्तमान उड़ीसा और बंगाल की सीमा स्वर्णरेखा नदी से जुड़ती है। तथा तत्कालीन बिहार वर्तमान झारखंड राज्य संगम स्थल पर होने के कारण प्राकृतिक विविधता भी ध्यान देने योग्य है। दैनिक समाज जागरण संवाददाता के साथ एक मुलाकात के दौरान आमारकार भाषा आमारकार गरबो गोपीबल्लभपुर ग्रुप के अनिमेष सिंघा एवं तनमय बक्शी ने इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया। स्वर्णरेखा नदी के दोनों किनारो पर एक समय सेना तैनात हुआ करता था । यहां तक की मुगलों एवं अली वर्दी खान की सेना की लड़ाई भी इसी नदी पर लड़ी गई थी। मल्ल राजाओं की सेना में उत्कल पाइक खंडाईत के साथ-साथ मूल निवासी सबर मुंडा संथाल और दंडक्षत्र तथा धीबर व मछुआरे समुदाय के लोग आज भी नदी के दोनों किनारो पर विस्तार से



रहते हैं। बाद में अन्य आर्य जातियों का विस्तार भी होने लगा, जो मुख्यतः शाही धार्मिक कारणों से रहने लगे। जिसके फलस्वरुप यहां भाषाई और सांस्कृतिक मिश्रण देखने को मिलता है। स्वर्णरेखिक भाषा एवं सांस्कृतिक को ध्यान में रखते हुए कोरोना महामारी के दौरान मुख्य रूप से सोशल मीडिया पर एक ग्रुप बनाया गया। जिसका नेतृत्व खड़गपुर रेल मंडल में कार्यरत रेलकर्मी विश्वजीत पाल ने किया। वर्तमान इस ग्रुप में पचीस हजार से भी अधिक सदस्यों की संख्या है। दिन प्रतिदिन इस ग्रुप में लोग जुड़ रहे हैं। जो एक जुनून की तरह अपने भाषा के प्रति अगाध प्रेम को दशार्ता है। इस समूह या संगठन का नाम आमारकार भाषा आमारकार गोरबो ( स्वर्णरेखा भाषा एवं संस्कृति )है। इस संगठन के लोग देश-विदेश में फैले हुए हैं तथा इस क्षेत्र के लोग सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्य करते हुए अपनी टीम बनाते हैं। तथा अपने शहरों एवं क्षेत्रो के नाम के साथ प्रथम स्वर्ण शब्द जोड़कर टीम स्वर्ण नाम देते हैं। इस टीम के द्वारा देश के विभिन्न प्रमुख शहरों में आम लोगों की जरूरत के लिए रक्तदाताओं को इकट्ठा करते हैं। साथ ही किसी विशेष अवसर पर विभिन्न तरीकों से लोगों को मदद करते हैं। संगठन द्वारा इस वर्ष गोपीबल्लभपुर क्षेत्र में रक्तकोष के लिए 400 इकाई रक्तदाताओं से रक्त संग्रह करने का कृतिमान हासिल किया। क्षयरोग मित्र परियोजना में टीम स्वर्णरेखा गोप्पीबल्लभपुर के सदस्यों ने क्षेत्र में बढ़ रहे डेंगू संक्रमित के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए 15 लोगों के लिए 6 माह का पौष्टिक भोजन के साथ-साथ लर्विसइट्स और मच्छर निरोधकों के छिड़काव की जिम्मेदारी ली। शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं के मदद करने के अतिरिक्त घटना दुर्घटना व आपदा के समय सहयोग को हमेशा तत्पर रहते हैं। इतना ही नहीं संगठन द्वारा स्वर्णरेखा साहित्य पर भी दिलचस्पी रखा जाता है। साहित्य अभ्यास के साथ स्वर्ण रैखिक भाषा में पुस्तकों के प्रकाशन को प्रोत्साहित करता है। साथ ही इस क्षेत्र के स्वर्णिम उत्सव आदि भी सामूहिक रूप से मिलजुल कर मनाते हैं। इस बार रक्षाबंधन अर्थात गमहापुनेई के अवसर पर क्षेत्र के समस्त लोगों को रक्षा सूत्र बांधा गया। वृक्षों को भी राखी बांधी गई। नदी में डोंगा प्रभावित करके तथा इस आंचलिक भाषा में गीत संगीत के साथ हर्षोल्लाह से रक्षाबंधन मनाया गया। तथा टीम स्वर्ण गोपीबल्लभपुर के ओर से स्वर्णरेखा नदी में मछलियां छोड़ी गई। मीनमंगल उत्सव के जरिए या विशेष दिन को विशेष रूप से मनाया गया।

# प्रभारी जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

समाहारणालय स्थित सभा कक्ष में प्रभारी जिला पदाधिकारी अस्पर्श गुप्ता की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई. बैठक में विभागीय निदेश के आलोक में पदाधिकारियों / कर्मियों से विद्यालयों का निरीक्षण कराने एवं अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन कटौती का निदेश दिया गया. साथ ही सभी विद्यालयों में 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निदेश प्रभारी जिला पदाधिकारी के द्वारा दिया गया. निरीक्षण के दौरान शौचालय की साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों का भी अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया. निरीक्षण के दौरान सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं की उपस्थिति शत प्रतिशत कराने का निदेश दिया गया. Housekeeping से संबंधित कार्यों का सतत अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया. चिन्हित विद्यालयों में Prefab Structure निर्माण हेतु यथाशीघ्र अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया. सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण मध्याहन



भोजन सुनिश्चित कराने एवं किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध अविलम्ब उचित कार्रवाई करने का निदेश दिया गया. विद्यालयों में किचेन गार्डन' के निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया.

# पौधों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

श्रावणी पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर आर्दश ग्राम मोहन मारी में संचालित बाल संस्कार शाला में पौधारोपण जैसे श्रेष्ठ कार्य एवं पर्यावरण की महत्ता पर चर्चा किया और पेड़ पौधे को भाई समान मानकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इसी मौके पर पौधारोपण जैसे श्रेष्ठ कार्य कर युग धर्म श्रेष्ठ कार्य में अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सभी छात्र- छात्राओं द्वारा पौधा में रक्षासूत्र बांध कर सुरक्षा का संकल्प लिया। साथ ही बाल बालसंस्कार शाला के मुख्य आचार्या श्री लालचंद जी के द्वारा रक्षा बन्धन का सभी बहनों एवम् उपस्थित अतिथियों शुभकामनाएं देते हुए बताया कि बाल संस्कार शाला संचालन हेतू प्रेरित करने वाले अधिवक्ता कमलेश कुमार के अगुवाई में इस प्रकार का प्रथम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित अधिवक्ता कमलेश कुमार को बाल संस्कार शाला के सभी बहनों द्वारा रक्षा बांध कर इस पुनीत त्यौहार को यादगार बनाया। कमलेश कुमार अधिवक्ता ने सभी बच्चियों को अपना बहन मानते हुए परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित साहित्य भेट किए। उन्होंने कहा कि रक्षा बन्धन का त्यौहार एक दूसरे को सरंक्षण करने का सन्देश देता है। हमे भी इस पृथ्वी पर बसने वाले सभी प्राणियों को सरंक्षण का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर स्थानीय ग्राम के सभी सम्मानित अतिथियों एवम् बच्चियों को बहुत बहुत धन्यवाद अभार प्रकट करते हैं कार्यक्रम को सानन्द सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के विजय कुमार सिंह, बीना देवी, विक्रम सिंह, नंदिता कुमारी, रोशनी कुमारी आदि उपस्थित थे।

# नाबालिगा छात्रा हत्याकांड: कड़ी सुरक्षा के बीच कातिल एमडी अब्बास को किया गया अदालत में पेश

**उत्तम सिंह:संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):**

माटीगाड़ा छात्रा हत्याकांड का कातिल एमडी अब्बास को 10 दिनों की पुलिस रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद आज एक बार फिर पुलिस ने सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया। आरोपी को कड़ी सुरक्षा के बीच सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया।

बताया जा रहा है कि आरोपी अब्बास की पेशी को लेकर आज सुबह से ही अदलात परिसर को सुरक्षा किले में तब्दील कर दिया गया था। ताकि आरोपी के पेशी को दौरान किसी तरह की गड़बड़ी न हो। आपको बता दें कि इससे पहले जब 22 अगस्त को आरोपी अब्बास को गिरफ्तार कर सिलीगुड़ी अदालत में पेश करने के दौरान अदालत परिसर में माहौल काफी बिगड़ गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार 10 दिनों की रिमांड पर आरोपी ने पुलिस को पूरी घटना बताई है। आरोपी ने बताया



कि छात्रा से उसकी करीब चार माह से दोस्ती थी। घटना वाले दिन वह सिलीगुड़ी पुलिस कमिश्नरेट के पास छात्रा को स्कूल से निकलने का इंतजार कर रहा था।

छात्रा के आने के बाद उसे अपनी साइकिल पर बैठाकर माटीगाड़ा स्थित घटनास्थल पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश किया। जिसका प्रतिवाद करने पर उसने ईट से छात्रा के चेहरे पर हमला कर दिया। उसके बाद वह अपने घर चला गया। पुलिस ने एमडी अब्बास पर हत्या करने के साथ पोस्को एक्ट भी दर्ज की है। इधर,आज 10 दिनों की रिमांड के पूरी होने के बाद सिलीगुड़ी अदालत में आरोपी को दोबारा पेश किया। जिसके बाद न्यायाधीश ने फिर से चार दिनों के लिए पुलिस रिमांड पर रखने का निर्देश दिया।

# किशनगंज:आजादी के 75 साल बाद ठाकुरगंज के बंदरझूला, सोनामनी में बनी पीसीसी सड़क

*मनरेगा के तहत 10 लाख की लागत से बनी है यह पीसीसी सड़क*

*भारत और नेपाल की हजारों की आबादी के आर्थिक समृद्धि के खुले रास्ते*

**पियुष रंजन सिंह समाज जागरण विशेष संवाददाता,पूर्णियां प्रमंडल**

माननीय मुख्यमंत्री,बिहार नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से बिहार में पंचायत स्तर तक सड़कों व गलियों का जाल बिछाया जा रहा है वहीं,कुछ ऐसे भी सुदूरवर्ती गांव हैं जहां,आजादी के 75 साल के बाद भी ग्रामीण एक अदद पक्की सड़क को तरस रहे थे। ऐसे में किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत बंदरझुला पंचायत के सोनामनि गांव,वार्ड नंबर 07 में तकरीबन 10 लाख की लागत से ढउउ सड़क निर्माण कार्य से भारतीय सीमावर्ती क्षेत्र के अलावा नेपाल के सीमावर्ती इलाकों के लोगों को स्थानीय मुखिया इकरामुल हक ने एक बड़ी सौगात दी है। स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि इस सड़क के निर्माण से सैकड़ो की संख्या में बसे आदिवासी समुदाय के लोगों के अलावा सीमा पर स्थित एसएसबी कैंप के जवानों और



पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के हजारों लोगों को अब सहज और सरल आवागमन की सुविधा प्राप्त हुई है।अब तक जो रास्ता था,वह सिर्फ कच्ची पगडंडी और गड्ढे की शक्ल में था,जिससे आवाजाही करने में आए दिन लोगों को अनेकों दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चों,महिलाओं, बुजुर्गों और बीमार तथा गर्भवती को यहां से लाने ले जाने में था।नेपाल सीमा सटे होने के कारण वहां के लोगों को भी भारत में रोजगार एवं सामान खरीद बिक्री करने में तरह तरह की परेशानियां होती थी।यह सड़क बनने के बाद लोगों में काफी उत्साह है। ग्रामीण मुखिया इकरामुल हक को शुभकामनाएं देते हुए बोले कि उनके कार्यकाल में बना यह पीसीसी सड़क हम लोगों के लिए एक बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है, इससे हमारी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी और बच्चों का भविष्य भी उज्जवल होगा।इस बाबत मुखिया इकरामुल हक ने बताया कि सीमांचल के अंतिम छोर पर बसे इस पंचायत के वार्ड नंबर 7 में आदिवासी बहुल आबादी है। अत्यंत गरीब और पिछले तबके के लिए किसी भी नुमाइंदे ने कोई काम नहीं किया था। मुखिया पद में जीतने से पहले ही यह उनकी प्राथमिकता सूचि में रहा जो,उन्होंने जीतने के बाद बनवाकर लोगों को सौंपा है। इससे पहले उन्होंने इसी सोनामनी धार पर एक पुलिया भी बनवाया,जिससे सड़क का निर्माण सहज और सरल हो गया।यह निर्माण कार्य महात्मा गांधी के सपनों को धरातल पर उतारने के लिए मनरेगा के तहत हुआ है।

# आंगनबाड़ी केंद्र मल्हार गणेशचौक में बच्चों का वजन त्यौहार मनाया गया

समाज जागरण ब्यूरो

बिलासपुर । नगर पंचायत मल्हार में कुपोषण को खत्म करने के लिये आंगनबाड़ी केंद्रो में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में नगर पंचायत मल्हार में शुक्रवार को गणेशचौक केंद्र आंगनबाड़ी में मल्हार जोन अध्यक्ष गणेशदत्त राजू तिवारी की उपस्थित में वजन त्यौहार मनाया गया।जहाँ बच्चों के वजन,लंबाई और उनके शारीरिक मापदंड का अवलोकन किया गया।और इसके महत्व के विषय में जानकारी दी गयी।

आंगनबाडी कार्यकर्ता पंकजलता ठाकूर ने बताया कि बच्चों के खान पान और स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। ये केंद्र बच्चे के सही मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास की नींव रखने का काम करते हैं। इन सुविधाओं में बाल सुधार को ध्यान में रखते हुए बच्चों को पढ़ाई के लिए जागरूक भी किया जाता है।

आंगनबाड़ी की सेवाएं



मृत्यु दर, बीमारी, कुपोषण को कम करने के लिए।

0-6 वर्ष की आयु के बच्चों के खान पान और स्वास्थ्य को सही करने के लिए।

शिशु के शारीरिक और सामाजिक सुधार की नींव रखना।

माँ को लगभग सही पोषक तत्व और अच्छे स्वास्थ्य के लिए जागरूक करना ।

बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देना।

आंगनबाड़ी से मिलने वाले लाभ, आंगनबाड़ी में क्या-क्या मिलता है

छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों का टीकाकरण

सभी गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व देखभाल और टीकाकरण

छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों का पोषण , गर्भवती एवं अन्य महिलाओं का पोषण सभी महिलाओं को पोषण और अच्छे स्वास्थ्य और शिक्षा का बंदोबस्त करना

शिशुओं और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की देखभाल करना।

इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सहायिका लक्ष्मी साहू के साथ बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# कानपुर के ट्रांसपोर्ट भवन में पेंटर की बेरहमी से हत्या, वजह अवैध संबंधों से जुड़ी होने की आशंका

## - चौकीदारों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी बाबू पुरवा पुलिस

सुनील बाजपेई कानपुर । यहां एक पेंटर की धारदार हथियार से बहुत बेरहमी से हत्या कर दी गई। आज शुक्रवार की सुबह उसकी लाश बाबूपुरवा थाने के सामने ट्रांसपोर्ट भवन परिसर में क्यारियों के बीच नग्नावस्था में मिली। अब तक की छानबीन से निकले निष्कर्ष के मुताबिक हत्या की वजह अवैध संबंधों से जुड़ी बताई जाती है। फिलहाल पुलिस दो चौकीदारों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है सूचना मिलने पर मौके पर एडीसीपी दक्षिण समेत अधिकारी व फोरेंसिक टीम पहुंची। आशंका है कि धारदार हथियार से हत्या की गई है। जांच के दौरान पुलिस ने दोनों चौकीदारों को थाने ले जाकर पूछताछ शुरू की। प्राप्त विवरण के मुताबिक मुंशीपुरवा निवासी (40) पेंटर संतोष कुमार ऊर्फ कलाकार के परिवार में पत्नी अंजली, बेटी गुनगुन, सानवी और बेटा लकी हैं। नशेबाजी के चलते करीब चार साल से पत्नी अपने बच्चों को लेकर संतोष से अलग जूही बंबूरहिया में मायके में रह रही है। संतोष की बहन राधा ने बताया कि नशेबाजी के कारण भाई कई साल पहले मकान भी बेच चुका था। वह बाबूपुरवा थाने के सामने यूपी ट्रांसपोटर्स एसोसिएशन के भवन परिसर में दोस्त चौकीदार अशोक और भाटे के साथ रहता था। फिलहाल पुलिस हत्यारे का पता लगाने में लगातार जुटी हुई है

# गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंची राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

बिलासपुर । दीक्षांत समारोह में शोभायात्रा के साथ राष्ट्रगान के पश्चात राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु सहित अन्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी और गुरु घासीदास के छायाचित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम स्थल पर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का हुआ भव्य स्वागत।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में सत्र 2021-22 की विभिन्न परीक्षाओं स्नातक, स्नातकोत्तर, पत्रोपाधि आदि में उत्तीर्ण 2 हजार 9 सौ 46 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी।




समारोह में प्रमुख रूप से राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल, केंद्रीय जनजाति विकास राज्यमंत्री श्रीमती रेणुका सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, नगर निगम बिलासपुर के महापौर रामशरण यादव, बिलासपुर सांसद अरुण साव, दुर्ग सांसद विजय बघेल, बिलासपुर विधायक शैलेश पाण्डेय, तखतपुर विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक रजनीश सिंह, राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष नन्द कुमार साय, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, बिलासपुर संभागायुक्त के. डी. कुंजाम, आईजी आनंद छाबड़ा, कलेक्टर संजीव कुमार झा, पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह उपस्थित हैं।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायत का निराकरण नहीं होने एवं आवास पूर्ण नहीं करने को लेकर ग्राम पंचायत भादनेर के पंचायत सचिव गोविंद शर्मा निलंबित

रायसेन। प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में रूचि नहीं लेने तथा लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया द्वारा सांची जनपद की ग्राम पंचायत भादनेर के पंचायत सचिव गोविंद शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में पंचायत सचिव गोविंद शर्मा का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत सांची नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

ग्राम पंचायत भादनेर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अपूर्ण आवासों के संबंध में जनपद कार्यालय द्वारा समय-समय पर अवगत कराने के उपरांत भी पंचायत सचिव गोविंद शर्मा द्वारा आवास पूर्ण नहीं कराए जा रहे हैं। जिस कारण जनपद पंचायत व जिला पंचायत का प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति बाधित हुई है। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन, सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण तथा समय-समय पर सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में रूचि नहीं लिया जाना घोर लापरवाही एवं उदासीनता का प्रतीक है, जिस कारण पंचायत सचिव श्री गोविंद शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# भोजली प्रतियोगिता का आयोजन, त्यौहार को जीवंत करने की कोशिश, ग्रामीणों में दिखा उत्साह।

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

मस्तुरी। ग्राम पंचायत वेद परसदा में भोजली प्रतियोगिता रखा गया । जिसमें बहुत सारे पुरुस्कार रखा गया था। यह प्रतियोगिता अपने छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण त्यौहार भोजली को जीवंत करने के लिए रखा गया था। इसको लेकर के ग्रामीणों के बीच में बहुत ही उत्साह एवं उत्सुकता देखा गया। इसके



अलावा टोकन भी रखा गया था। जिसके अंतर्गत महिलाओं को साड़ियां और बच्चे को कुछ पुरुस्कार रासी देकर उनका सम्मान किया गया। जिसमें प्रथम पुरुस्कार कविता कैवर्त,द्वितीय अंजनी नेताम, तृतीय सोनी रजक,चतुर्थ अवनी कैवर्त,पंचम द्रोपती यादव एवं सभी को प्रोत्साहन राशि देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। भोजली त्यौहार को छत्तीसगढ़ में मित्रता दिवस के रूप में देखा जाता है। यह प्रतियोगिता गुढ़ियारी तालाब माताचौरा वेद परसदा में संपन्न हुआ। जहां बहुत ही संख्या में ग्रामीण जन के साथ-साथ महिला, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे। वहां का महौल देखने लायक था। गांव में पहली बार आयोजित भोजली प्रतियोगिता को देखकर सभी का मन खुशियों से भर रहा था। गांव की हर गलियों पर "देवी गंगा, देवी गंगा, लहरा तुरंगा भोजली गीत बाजे के साथ गुंज रहा था। जो देखने व सुनने में बहुत ही मनमोहक लगा।

# जिले भर में पटवारीयो की कलम बंद हड़ताल से कामकाज हो रहा प्रभावित किसान हो रहे परेशान

रायसेन। मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर रायसेन जिले के पटवारी संघ द्वारा अपनी पुरानी न्याय चित्र मांगों का निराकरण सरकार द्वारा समय पर नहीं किए जाने पर पटवारी विगत 28 अगस्त से कलम बंद हड़ताल पर चल रहे हैं है। हड़ताल को एक सप्ताह होने जा रहा है इसके बावजूद पटवारी की मांगों को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सुना नहीं गया है और ना ही ध्यान दिया जा रहा है जिस जिले भर के पटवारी में नाराजगी देखी जा रही है



। जिला मुख्यालय सहित जिले की सभी तहसील मुख्यालय पर पटवारी कलमबंद हड़ताल कर रहे हैं और तहसील प्रांगण में धरना दे रहे हैं जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय प्रांगण में पटवारी संघ के तत्वाधान में प्रतिदिन पटवारी धरने पर बैठ रहे हैं कलम बंद हड़ताल होने के कारण राजस्व संबंधी कामकाज नहीं हो पा रहा है आसपास के ग्रामीण किसान भी पटवारी की हड़ताल के कारण अपने कामों को लेकर परेशान हो रहे हैं । इसके बाद जो सरकार ने अभी तक पटवारी की मांगों को नहीं माना है जिससे पटवारी का गुस्सा और ज्यादा बढ़ता जा रहा है इस संबंध में धरने पर बैठे पटवारी संघ के भगवान सिंह, गोविंद सिंह चौधरी, फूल सिंह लोधी आदि अनेक का कहना है कि सरकार द्वारा हमारी मांगों को अभी तक नहीं माना गया है इससे पूर्व भी हमने कई बार सरकार को अपनी मांगों से अवगत कराया परंतु सरकार द्वारा समय पर हमारी मांगों का निराकरण नहीं किया गया है इसके फल स्वरुप हम मध्य प्रदेश पटवारी संघ के हवन पर बना कलम बंद हड़ताल करने को लेकर मजदूर हुए हैं उनका कहना है कि जब तक प्रदेश सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं कर देती तब तक हमारी कलम बंद हड़ताल लगातार जारी रहेगी। पूरे जिले भर में पटवारी के हड़ताल पर होने के कारण राजस्व संबंधी कामकाज प्रभावित हो रहा है सभी तहसीलों पर पटवारी हड़ताल कर रहे हैं जिसके कारण किसानों का कामकाज भी नहीं हो पा रहा है और ना ही वर्तमान में चुनाव प्रक्रिया का ही काम हो पा रहा है अब देखना है कि मध्य प्रदेश सरकार कलम बंद हड़ताल पर गए पटवारी की मांगों को कब तक पूरा करती है यह तो आगामी समय ही बताएगा।

# वन्दे मातरम् तथा राष्ट्रगान का हुआ सामूहिक गायन

रायसेन। सितम्बर माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह सहित अनेक अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान ह्यह्यजन-गण-मनह्यह्य एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्ह्यह्य का सामूहिक गायन किया गया।

# दो आदतन अपराधी को कलेक्टर ने किया जिलाबदर

रायसेन। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी प्रहलाद उर्फ बबलू शर्मा पिता हरप्रसाद शर्मा निवासी गढ़ोईपुरा बेगमगंज थाना बेगमगंज जिला रायसेन एक साल के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 1990 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 22 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी प्रहलाद उर्फ बबलू शर्मा को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से एक साल के लिए निष्कासित किया गया है।

इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी ब्रजेश कुर्मी पिता रघुवीर सिंह निवासी चांदोनी गंज गैरतगंज जिला रायसेन को तीन माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2005 से लगातार अपराध घटित करता चला आ रहा है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 08 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी ब्रजेश कुर्मी को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से तीन माह के लिए निष्कासित किया गया है।

# सामान्य भविष्य निधि अदालत 12 से 14 सितम्बर तक

रायसेन। शासकीय कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिये महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी द्वितीय) द्वारा 12 से 14 सितम्बर तक सामान्य भविष्य निधि अदालत का आयोजन विंध्याचल भवन भोपाल में किया जा रहा है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि 14 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक रायसेन जिले के शासकीय सेवकों के जीपीएफ से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। जिन शासकीय सेवकों के जीपीएफ राशि में गुमशुदा कटौत्रा है उनका त्वरित निराकरण, वांछित चालान/व्हाउचर्स के साथ लोक अदालत में उपस्थित होने पर किया जाएगा। इसके अतिरक्त जीपीएफ खाते में नाम या जन्मतिथि में त्रुटि होने की स्थिति में सही आईडी प्रूफ के साथ लोक अदालत में सुधार हेतु अभिदाता प्रस्तुत कर सकते है

# पोलीटेक्निक में 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रथम वर्ष में एवं आईटीआई लेटरल एन्ट्री से उत्तीर्ण विद्यार्थी द्वितीय वर्ष में प्रवेष का सुनहरा अवसर

रायसेन। शासकीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय रायसेन में वर्तमान में सीएलसी द्वारा प्रथम वर्ष में 10वीं के आधार पर संस्था में संचालित सिविल इंजी., इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेली कम्युनिकेषन इंजी., मैकेनिकल इंजी और इलेक्ट्रीकल इंजी. ब्रांच में 15 सितम्बर तक प्रवेष चल रहे है। संस्था के प्राचार्य डॉ. एसपी कोरी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त प्रवेष प्रक्रिया के साथ-साथ आई0टी0आई उत्तीर्ण विद्यार्थियों का डिप्लोमा द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेष हेतु सीएलसी द्वारा 28 अगस्त से 05 सितम्बर तक प्रथम चरण की काउंसलिंग चल रही है। संस्था में सभी ब्रांच में द्वितीय वर्ष आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये पार्याप्त सीटें है। विद्यार्थियों को न्यूनतम फीस में समस्त सुविधाओं सहित इंजीनियर बनने का सुनहरा अवसर है। उक्त अवसर का लाभ लेने हेतु विद्यार्थी एम0पी0 ऑनलाइन के कियोस्क से रजिस्ट्रेषन उपरांत समस्त दस्तावेजों एवं फीस सहित उपस्थित होकर प्रवेष ले सकते है।

# पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिये आवासीय सुविधा किराये के छात्रावास भवन के लिये बजट में प्रावधान

रायसेन। प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर संस्थान में शिक्षा दिलाये जाने के मकसद से पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इन वर्गों के विद्यार्थियों के लिये जिला मुख्यालय पर 100 सीटर कन्या छात्रावास एवं 50 सीटर बालक छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। ब्लाक मुख्यालय में किराये के भवन में छात्रावास संचालित करने की योजना भी चलाई जा रही है। वर्ष 2023-24 में कन्या छात्रावास भवन के लिये 12 करोड़ रुपए और बालक छात्रावास भवनों के लिये 5 करोड़ 70 लाख रुपए का विभागीय बजट में प्रावधान किया गया है।

# नेशनल लोक अदालत 9 सितम्बर को

## बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से किया जाएगा निराकृत

रायसेन। म.प्र.मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 9 सितम्बर (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 126 एवं135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्ये क छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

कंपनी ने कहा है कि लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी। आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता/उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आकलित सिविल दायित्व राशि 50 हजार रू तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल ह्यह्यलोक अदालतह्यह्य 9 सितम्बर 2023 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी।

# विधायक रामपाल सिंह के मंझले भाई के निधन से छाया शोक, दी श्रद्धांजलि

रायसेन। पूर्व कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) रामपाल सिंह के मंझले भाई समाजसेवी रुद्रपाल सिंह का लंबी बीमारी के चलते निधन हो जाने से क्षेत्र में शोक छा गया। जानकारी लगते ही भारी संख्या में लोग उनके निज निवास ग्राम केवट पिपरिया में पहुंचना शुरू हो गए, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, कलेक्टर अरविंद कुमार दुबे व प्रशासनिक अधिकारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी वहां पर पहुंचे , शुक्रवार की सुबह 11 बजे उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई तो विधायक रामपाल सिंह भाई के विछोह में हिचकियों से रोते नजर आए।

उल्लेखनीय है कि रामपाल सिंह तीन भाइयों में सबसे छोटे हैं बड़े भाई का पूर्व में निधन हो चुका है और अब मंझले भाई ने भी उनके साथ छोड़ दिया जिसका उन्हें गहरा सदमा लगा है। लोग उन्हें ढांढस बंधाते नजर आए। ग्राम केवट पिपरिया में धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें भारी संख्या में पहुंचे।जनप्रतिनिधि क्षेत्र के राजनीतिक दलों के पदाधिकारी कार्यकताओं साहित्य विभिन्न सामाजिक संगठनों और सभी वर्गों के लोगों ने शोक श्रद्धांजलि दी।

# जिले भर में रक्षाबंधन से लेकर श्री कृष्ण जन्माष्टमी तक चलेगा रक्षा सूत्र बांधने का क्रम जारी

रायसेन। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी जिले भर में भाई एवं बहन के बीच अटूट प्रेम का प्रतीक पवित्र रक्षाबंधन का त्यौहार आगामी श्री कृष्ण जन्माष्टमी तक चलेगा रक्षाबंधन के बाद भी कई बहन है जो रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर अपने भाइयों के घर नहीं पहुंच पाई और किसी कारण बस रक्षा सूत्र नहीं बढ़ सकी ऐसी कई बहाने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बढ़ रही हैं वह कम सनातन धर्म परंपरा के अनुसार लगातार जारी है और श्री कृष्ण जन्माष्टमी तक बहाने अपने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधेगी।

# एक ही घर से निकली दो अर्थी, पूरा गांव शोक में डूबा

## जहरीले सांप के काटने से इलाज के दौरान आजी नाती की हुई थी मौत

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बिरसा/बालाघाट।(02 सितम्बर )बीती रात खाना खाकर जमीन पर सो रहें 12 वर्षीय बालक और 65 वर्षीय वृद्धा को सांप ने काट लिया, जिसे आनन फानन से बिरसा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी।मौके पर पहुंची बिरसा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करा कर परिजनों को सौंप दिया।इस हादसे से पूरा गांव शोक में डूब गया,



एक ही घर से निकली दो अर्थी को देख सभी की आंखे नम हो गयी।

जानकारी अनुसार बिरसा पुलिस थाना अंतर्गत मछुरदा ग्रामपंचायत के ग्राम कोरका निवासी 65 वर्षीय अंकलहिन बाई व 12 वर्षीय बालक जो आपस में आजी नाती थे। रात का खाना खाकर भूमि पर ही सो गए थे, रात करीब नौ बजे बालक व वृद्धा को जहरीले सांप ने काट लिया जिन्हे आनन फानन में बिरसा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहाँ इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। बिरसा पुलिस थाना प्रभारी भारत नोटिया ने बताया कि नक्सल प्रभावित ग्राम कोरका निवासी बैगा आदिवासी वृद्धा व बालक को जहरीले सांप ने काट लिया जिनका इलाज के दौरान मौत हो गयी, जिनका पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# रायसेन जिले में अनूठी एकता एवं भाईचारे की मिसाल, बहन फौजिया फारूकी भाई मंगेश नामदेव को 38 वर्षो से बांधते आ रही रक्षा सूत्र

रायसेन। भाई एवं बहन के बीच अटूट प्रेम का प्रतीक पवित्र रक्षाबंधन का त्यौहार जिले भर में उत्साह के वातावरण में मनाया गया वहीं भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के ठीकरी ग्राम निवासी मंगेश नामदेव ने धर्म मजहब से ऊपर उठकर एकता एवं भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश करते हुए अपनी बहन फोजिया फारूकी से रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर राखी बंधवाई इतना ही नहीं श्री नामदेव पिछले 38 वर्षों से लगातार हर वर्ष रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर फोजिया फारूकी से राखी बंधवाते आ रहे हैं यह अपने आप में एक बहुत बड़ी मिसाल है और समाज के लिए बहुत बड़ा संदेश भी है इससे समाज को शिक्षा लेना चाहिए। इसके साथ ही मंगेश नामदेव हर वर्ष अपनी ओर से अपनी बहन फोजिया फारूकी के लिए मिठाई और उपहार भी ले जाते हैं राखी बांधने के पश्चात बहन फोजिया



फारूकी द्वारा अपने भाई मंगेश नामदेव को तिलक लगाकर और उनके हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर आशीर्वाद देती हैं और रक्षाबंधन त्यौहार की शुभकामनाएं देने के साथ उन्हें मिठाई भी खिलाती हैं, इस प्रकार के उदाहरण बहुत ही कम देखने को मिलते हैं। आज के इस दौर में भी एकता एवं भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिलती है और सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा, हिंदू ,मुस्लिम, सिख, इसाई आपस में है भाई भाई की भावना के साथ लोग जात पात से ऊपर उठकर समाज में एकता एवं भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश करते हैं जो सराहनीय है।

# बहुचर्चित लाँजी डबल मनी कांड की जाँच जल्द कर सकती हैं सीबीआई

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(02 सितम्बर )बहुचर्चित लाँजी डबल मनी कांड की जाँच जल्द ही सीबीआई शुरू कर सकती हैं।मई 2022 लांजी,किरनापुर में दोगुनी रकम मामले का खुलासा हुआ था। इसके तार महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ से भी जुड़े होने के चलते ही बालाघाट पुलिस इसकी रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय भेजी थी। तीन एफआइआर पर राज्य शासन ने सीबीआइ जांच के लिए अनुशंसा की है। इसके बाद से ही इस बात उम्मीद अधिक बढ़ गई है कि सीबीआइ इस मामले की जांच जल्द ही शुरू कर सकती है। इस बात की पुष्टि भी पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने की है।

## बहुचर्चित डबल मनी कांड की जाँच सीबी आई के हवाले?

दोगुनी रकम मामले की सर्वप्रथम एफआइआर लांजी थाना में 17 मई 2022 को सोमेन्द्र कंकरायने समेत अन्य के विरुद्ध अनियमित जमा योजना अधिनियम के तहत हुई थी। लांजी थाना में ही हेमराज आमाडारे समेत अन्य व किरनापुर थाना में अजय तिरके समेत अन्य के विरुद्ध अपराध दर्ज हुआ था। पुलिस ने करीब 13 करोड़ रुपये की राशि के साथ ही अन्य राशि को जब्त किया था जो कि 30 करोड़ के आसपास की है। वहीं कुछ संपति को भी कुर्क करने की कार्रवाई पुलिस के द्वारा की गई है। वहीं इस मामले में 40 से अधिक एफआइआर दर्ज है और बालाघाट पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जा रही हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये बालाघाट जिले के लोगों के लिए भी अच्छी बात है कि इस मामले की जांच सीबीआई करें, क्योकि सीबीआई देश की सर्वोत्तम एजेंसी है। इनकी जांच जो बालाघाट पुलिस से कमी रह गई होगी तकनीक व बल की कमी के कारण वह भी पूरी हो जाएगी और बारीक-बारीक पहलू पर से ऐसी परते भी खुलेगी जो अब तक सामने नहीं आ सकी है।वहीं इतने बड़े कारोबार की राशि का लेन-देने कैसे व किस तरह से होता था इसकी भी जानकारी मिल सकेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीबीआई की जांच से आरोपितों को सजा जल्द दिलाने में मदद मिलने के साथ ही लोगों के लगाए गए रुपये भी जल्द मिल सकेंगे।सीबीआई द्वारा जाँच की खबर निश्चित ही डबल मनी के चक्कर में पड़कर अपना सब कुछ लूटा चुके निवेशकों की रकम वापसी की आस की उम्मीद बढ़ गयी हैं।

# जिलाधिकारी ने किया ग्राम बघेवा स्थित अस्थाई गौवंश संरक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण

## -कहा, गौवंशी पशुओं की देखभाल में किसी प्रकार की नहीं हो लापरवाही

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार शुक्रवार को हनुमानगंज ब्लाक के ग्राम बघेवा स्थित अस्थाई गौवंश संरक्षण केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशुओं की संख्या और उनकी देखभाल करने वाले एवं रात्रि के प्रकाश की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

खंड विकास अधिकारी ने बताया कि यहां पर कुल 23 गौवंशी पशु हैं। पशुओं की देखभाल के लिए दो लोगों को रखा गया। रात्रि में प्रकाश के लिए एक सोलर पैनल की व्यवस्था है। जिलाधिकारी ने पशुओं की स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि पशुओं को रोजाना मानक के अनुसार भूसा, चोकर, हरे चारे और खली की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। पशुओं को पौष्टिक चारा उपलब्ध कराने एवं देखभाल करने में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए, अन्यथा संबंधित पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने भूसा रखे जाने वाले कमरे का भी निरीक्षण किया और पास सटे कमरे में अभिलेख रखने के लिए एक आलमारी और पशुओं की चिकित्सा के लिए आवश्यक दवाएं रखने का निर्देश दिया। खंड विकास अधिकारी



ने बताया कि स्वालंबन योजना से जुड़े स्वयं सहायता ग्रुप की महिलाएं गाय के गोबर से गमले का निर्माण कर रही है। अब तक 114 गमलों की बिक्री हो चुकी है। जिलाधिकारी ने कहा कि गाय के गोबर और धान एवं अन्य फसलों से उपलब्ध होने वाली पराली के उपयोग से कंपोस्ट खाद बनाने की प्रक्रिया को शुरू किया जाए। जिलाधिकारी ने गौवंश संरक्षण केंद्र के बाहर बने मॉडल शौचालय में पानी की व्यवस्था एवं संबंधित जगह पर घास और झाड़ियां उगने पर ग्राम पंचायत अधिकारी को फटकार लगाई और साफ सफाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौवंश संरक्षण केंद्र की दीवारों पर गौवंश पशुओं की लोगों में जागरूकता के लिए बनाई जा रही वृत्ति चित्र की सराहना की। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि मेन गेट के सामने एवं गांव से आने वाली सड़क के किनारों पर उगी हुई घास एवं अन्य खरपतवार की सफाई करवाएं। उन्होंने गौवंश संरक्षण केंद्र के पास स्थित तालाब के सुंदरीकरण करने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह मौजूद थे।

# हृदय की बीमारी ने ली वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौरसिया की जान

## -शोक सभा आयोजित कर पत्रकारों ने जताया दुःख, अर्पित की श्रद्धांजलि

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : हृदय की गंभीर बीमारी ने जनपद के वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार चौरसिया की जान असमय ले ली। प्रदीप भैया के नाम से विख्यात पत्रकार के निधन की बात सुन पूरे जनपद का मीडिया जगत पूरी तरह मर्माहत रहा। सभी ने श्रद्धांजलि दी।



प्रदीप चौरसिया के निधन की जानकारी के बाद जनपद के पत्रकारों ने पीडब्ल्यूडी के डाक बंगले में एक शोक सभा आयोजित की। जिसमें दो मिनट का मौन रख ईश्वर से गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके पूर्व एक दो वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौरसिया का हृदयघात होने से 31 अगस्त को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को महावीर घाट पर किया गया। प्रदीप चौरसिया की तबीयत पहले से ही खराब चल रही थी। जिनका इलाज पीजीआई लखनऊ एवं कानपुर से चल रहा था। बृहस्पतिवार को उनकी अचानक तबीयत पुनः खराब हो गई। जिन्हें परीजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। जिसकी लखनऊ जाते समय रास्ते में मऊ में मौत हो गई। इसकी जैसे ही जानकारी पत्रकारों को हुई वह हतप्रद हो गए। शोक सभा में सुधीर ओझा, शशिकांत ओझा, मधूसूदन सिंह, डीडू सिंह, नरेन्द्र मिश्र, अनिल अकेला, धनंजय सिंह, रोशन जयसवाल, राजू दुइ, सुरेंद्र गुप्ता, श्याम प्रकाश, प्रभाकर सिंह, मनोज राय, श्रवण पांडेय सहित सभी पत्रकार मौजूद थे।

# शिक्षा क्षेत्र की भव्यता की ओर स्थापित हो रहा जेएनसीयू

## -जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय

## -विश्वविद्यालय में प्रारंभ हुआ बीबीए का कोर्स, हुआ प्रवेश आरम्भ

## -कुलपति प्रो. संजीत गुप्त ने प्रेसवार्ता कर मीडिया को दी जानकारी

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : प्रदेश के अंतिम छोर पर बसे बलिया जनपद में स्थापित जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय अब धीरे धीरे शिक्षा क्षेत्र के भव्यता की ओर स्थापित हो रहा है। विश्वविद्यालय में अब बीबीए का कोर्स भी प्रारंभ हो गया है। बीबीए का प्रवेश भी 15 हजार प्रति सेमेस्टर शुल्क दर से प्रारंभ हो गया है। शुक्रवार को कुलपति ने यह जानकारी दी।

कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता और कुलसचिव एसएल पाल की उपस्थिति में प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विकास पर विस्तार से चर्चा की गयी। 22 दिसम्बर, 2016 को स्थापित हुए विश्वविद्यालय परिसर में 2018 से अध्ययन-अध्यापन कार्य प्रारम्भ है। वर्तमान में नवीन सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। विश्वविद्यालय परिसर में पूर्व संचालित पाठ्यक्रमों एमए हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, प्राचीन इतिहास, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास, भूगोल, संगीत गायन, संगीत तबला, एमएसडब्लू, एमकाम, एमएससी गणित, एमएससी भौतिक विज्ञान, बीएफए के साथ पीजीडीसीए, पीजी डिप्लोमा इन टूरिज्म एण्ड हास्पीटैलिटी मैनेजमेन्ट, पीजी डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्युनिकेशन, पीजी डिप्लोमा इन योगा एण्ड नैचुरोपैथी, पीजी डिप्लोमा इन गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स में खुला प्रवेश लिया जा रहा है। बीएससी कृषि, एमएससी कृषि एग्रोनामी एवं हार्टीकल्चर तथा एमकाम पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन कर परिणाम घोषित किया जा चुका है और प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की काउन्सिलिंग की जा रही है।

### बीबीए में प्रवेश आरम्भ

विश्वविद्यालय परिसर में इस सत्र से व्यावसायिक पाठ्यक्रम बैचलर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) में प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम में कुल 60 सीटें हैं। प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की अर्हता किसी भी अनुशासन से इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण है। यह पाठ्यक्रम चार वर्षों व आठ सेमेस्टर में पूरा होगा। एनईपी-2020 के आधार पर बने इस पाठ्यक्रम में मल्टीपल इंट्री एवं मल्टीपल एक्जिट की सुविधा रहेगी। यदि कोई विद्यार्थी एक वर्ष का पाठ्यक्रम पूरा कर पढ़ाई छोड़ता है तो सर्टिफिकेट, यदि दो वर्ष का पाठ्यक्रम पूरा कर पढ़ाई छोड़ता है तो उसे डिप्लोमा, यदि तीन वर्ष का पाठ्यक्रम पूरा कर पढ़ाई छोड़ता है तो उसे ग्रेजुएशन की डिग्री दी जाएगी। पाठ्यक्रम की पूरी अवधि चार साल पूरा करने के पश्चात विद्यार्थी को बीबीए (रिसर्च) की डिग्री दी जाएगी। बीच में पाठ्यक्रम छोड़ने वाला विद्यार्थी चाहे तो कुछ समय बाद भी अपना शेष/अधूरा पाठ्यक्रम पूरा कर सकता है। यह एक रोजगारपरक पाठ्यक्रम है और इसे पूरा करने के पश्चात विद्यार्थी विभिन्न कम्पनियों, कारपोरेट सेक्टर आदि जगहों पर सरलता से नौकरी प्राप्त कर सकता है और उसे साधारणतः 35,000 से 40,000 रू0 प्रतिमास की नौकरी सरलता से प्राप्त हो सकती है। यदि विद्यार्थी आगे पढ़ना चाहता है तो वह केवल एक वर्ष में ही एम0बी0ए0 की पढ़ाई पूरी कर सकता है, जो दो वर्ष का पाठ्यक्रम है। विद्यार्थी किसी अच्छे संस्थान जैसे आई0आई0एम0 (इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट) आदि में भी सरलता से प्रवेश पा सकता है, जहाँ के विद्यार्थी बहुत अच्छे वेतन और पैकेज की नौकरी प्राप्त करते हैं। यदि विद्यार्थी बाहर अध्ययन करने में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है तो वह यही से एम0बी0ए0 कर सकेगा क्योंकि विश्वविद्यालय अतिशीघ्र अपने परिसर में एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम भी आरम्भ करेगा। इस पाठ्यक्रम का शुल्क रू0 15000/- प्रति सेमेस्टर है।



### विश्वविद्यालय परिसर में इनक्यूबेटर की स्थापना

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्टार्ट अप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश स्टार्ट अप नीति-2020 में बनाई गई, जिसे 2022 में संशोधित किया गया है। इस नीति के अंतर्गत पूरे प्रदेश में 100 तथा प्रत्येक जनपद में एक इनक्यूबेटर स्थापित किया जाना है। इस संदर्भ में जिलाधिकारी, बलिया के द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, बलिया को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जिनके निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक, बलिया तथा जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रमुख प्राचार्य/प्राध्यापकों के एक समूह की बैठक 29 अगस्त, 2023 को हुई। इस बैठक में विश्वविद्यालय परिसर में इनक्यूबेटर स्थापित करने की संस्तुति की गई है। यह इनक्यूबेटर स्टार्ट अप्स को बढ़ावा देने के लिए भौतिक कार्यालय, स्थान, कोचिंग, परामर्श और कानूनी और कारपोरेट सेवायें तथा नेटवर्क कनेक्शन प्रदान करेगा। इनक्यूबेटर के अनुमोदन के पश्चात ही कोई भी स्टार्ट अप वित्तीय प्रोत्साहन हेतु किसी नोडल एजेंसी को आवेदन कर सकेगा। इस इनक्यूबेटर द्वारा स्टार्ट अप शुरू करने वाले व्यक्तियों को अपने विचार को मूर्त रूप प्रदान करने तथा उसे बाजार तक पहुँचाने में सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए इनक्यूबेटर के अंतर्गत मीटिंग रूम, सम्मेलन कक्ष, रिफ्रेशमेंट जोन, को वर्किंग स्पेस आदि सुविधायें उपलब्ध करायी जायेंगी। शासन की इस महत्वाकांक्षी इस योजना के अंतर्गत इनक्यूबेटर की स्थापना, परिचालन, स्टार्ट अप प्रोत्साहन, प्रोटोटाइप अनुदान, सीड कैपिटल/विपणन सहायता आदि के रूप में शासन द्वारा पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। यहाँ तक कि स्टार्ट अप शुरू करने वाले व्यक्ति के स्टार्ट अप सफलतापूर्वक कार्य करने लगे के पूर्व उसके परिवार का भरण पोषण उचित रूप से हो सके इसके लिए भी सरकार द्वारा भरण पोषण भत्ता प्रदान किया जायेगा।

### कवि सम्मेलन का आयोजन

विश्वविद्यालय तथा उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान (संस्कृति विभाग, उ0प्र0) के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी दिवस के अवसर पर दिनांकः 14 सितम्बर, 2023 को हिन्दी, अवधी, भोजपुरी, बघेली, ब्रज एवं संस्कृत के कवियों का एक कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जनपद में अपने आप में अनूठा यह पहला आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न भाषाओं एवं बोलियों के कवि अपनी-अपनी कवितायें प्रस्तुत करेंगे।

### विश्वविद्यालय परिसर में हाईटेक नर्सरी की स्थापना

विश्वविद्यालय के कृषि विभाग द्वारा हाईटेक नर्सरी की स्थापना के लिए शासन को लगभग 01 करोड़ रू0 का प्रस्ताव भेजा गया था। इस संदर्भ में जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती अलका श्रीवास्तव द्वारा विश्वविद्यालय परिसर का स्थलीय पर्यवेक्षण कर मुख्य विकास अधिकारी, बलिया को रिपोर्ट भेज दी गई है। शीघ्र ही शासन द्वारा इसके स्वीकृति की उम्मीद है। इस नर्सरी की स्थापना से बलिया के सब्जी उत्पादकों को अच्छी गुणवत्ता के रोग रहित पौधों की नर्सरी रोपने के लिए उपलब्ध होगी।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा नवम्बर मास के अन्तिम सप्ताह में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्रस्तावित है। इस संगोष्ठी की रूपरेखा निर्मित हो चुकी है और इसे शीघ्र ही उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ के पास स्वीकृति/अनुदान के लिए भेजा जाना है।

### विश्वविद्यालय परिसर में निर्माण कार्य

विश्वविद्यालय परिसर में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण पूर्ण होने वाला है। शीघ्र कार्यदायी संस्था से इसका हस्तांतरण हो जाएगा और यह विश्वविद्यालय परिसर में पढ़ने वाली अनुसूचित जाति एवं जनजाति की छात्राओं को आवंटित किया जायेगा। विश्वविद्यालय परिसर के भवनों के निर्माण के लिए एन0जी0टी0 द्वारा स्वीकृति दी जा चुकी है। शासन स्तर से युद्ध स्तर पर प्रयत्न किए जा रहे हैं। अतिशीघ्र विश्वविद्यालय परिसर में निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जाएगा।

# इंटर कालेज के प्रधानाचार्य की हृदयाघात से मौत

**अमित सिंह, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया) : पीएन इंटर कालेज दुबेछपरा के प्रधानाचार्य हल्दी थाना क्षेत्र के बादिलपुर निवासी श्रीप्रकाश मिश्र की मौत गुरुवार की शाम हृदयघात से मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही चहुंओर शोक की लहर दौड़ गई। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी प्रधानाचार्य श्रीप्रकाश मिश्र के असमय निधन से हर कोई आवाक है।

बताया जा रहा है कि प्रधानाचार्य श्रीप्रकाश मिश्र की तबीयत कुछ दिनो से खराब थी। डाक्टर से चेक कराने के लिए वे बीएचयू वाराणसी गए थे। वहीं, पर गुरुवार की शाम करीब पांच



बजे उनकी हृदयगति रूकने से मौत हो गयी। वे 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत होने वाले थे। उनका अन्तिम संस्कार वाराणसी में ही किया जायेगा। प्रधानाचार्य के निधन से मर्माहत पीएन इंटर कालेज दुबेछपरा में शुक्रवार को विद्यालय परिवार द्वारा शोक सभा अयोजित कर गतात्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गई। शोक सभा में शिवदत्त चौबे, दिलीप पांडेय, अंजनी पांडेय, डॉ. लाल बाबू चौधरी, राजेश तिवारी, सूर्य कुमार सिंह, रिंकू चौबे, संजय उपाध्याय, विनोद तिवारी, कुलंजय शर्मा, मुनीष कुमार, संगीता यादव, साक्षी सहित अन्य लोगमौजूद रहे।

# शौर्य दिवस पर शनिवार को निकलेगा भव्य महावीरी झंडा जुलूस

## -हनुमानजी की प्रतिमा हुई स्थापित, सांसद नीरज शेखर रहे अतिथि

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : महावीरी पूजन समिति द्वारा शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को निकलने वाले भव्य महावीरी झंडा शोभायात्रा के निमित्त शुक्रवार



को रामलीला मंच पर भगवान महावीर की मूर्ति के पट्ट का अनावरण वैदिक मंत्रोच्चार विधि द्वारा राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने किया।

भगवान महावीर की मूर्ति की स्थापना की गई। पूजन अर्चन का कार्य पंडित संतोष तिवारी ने किया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में मूर्ति के पट्ट के अनावरण के उपरांत चौबीस घण्टे का सुंदर कांड पाठ की शुरूआत भक्तों ने की। वहीं शनिवार को हांथी, घोड़े, ऊंट व गाजे बाजे के साथ विशाल व भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर रणजीत सिंह, मन्नू सिंह, मुन्ना चौरसिया, कीनू सिंह, ऋषि वर्मा, धनन्जय सिंह, ददन राम, अंजनी गुप्ता, करन साहनी, राकेश सिंह सहित तमाम व्यापारी बन्धु व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिलाध्यक्ष बने शत्रुघ्न गिरि, व महामंत्री ददन भारती

**शकील खान, समाज जागरण**

सुरेमनपुर (बलिया) : अखिल भारतीय गोस्वामी महासभा जनपद बलिया का गठन गिरजा होटल



बहेरी में हुआ। नव नियुक्त पदाधिकारियो के गठन से जिले भर के गोस्वामी समाज में हर्ष है।

जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न गिरि को बनाया गया और महामंत्री ददन भारती (गिरि बाबा) और सचिव शैलेश गोस्वामी को बनाया गया। इस अवसर पर गोस्वामी बंधुओं ने एकजुटता और समाज में समर्पण की भावना रखते हुए समाज हित और राष्ट्र हित में अपने योगदान देने की शपथ ली। इस अवसर पर जनार्दन गिरि, बैजनाथ भारती, श्रीराम गिरि आदि लोग मौजूद रहे।

# बिजली की समस्या को गड़हा विकास मंच ने डीएम को दिया ज्ञापन, धरने की चेतावनी

**शंकर सिह, समाज जागरण**

लक्ष्मणपुर (बलिया) : बिजली की आंख मिचौली से त्रस्त गड़हांचल के लिए गड़हा विकास मंच ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई। बिजली की समस्या से अवगत कराया और 10 दिनों में सुधार नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

छह माह पूर्व भी गड़हा विकास मंच द्वारा बसन्तपुर विद्युत उपकेंद्र का घेराव किया था तब एसडीओ और जेई ने आश्वासन दिया था कि 20 दिनों में जर्जर तारों को बदल कर व्यवस्था सही कर दी जाएगी, लेकिन 6 माह बाद भी समस्या जस की तस रहने पर आज गड़हा विकास मंच ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई।

गड़हा विकास मंच के अध्यक्ष चन्द्र मणि राय और महासचिव बृजेन्द्र राय ने बताया कि क्षेत्र के किसानों और आम लोगों के हित को देखते हुए अगर बिजली व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो भरौली स्थित स्वामी सहजानंद सरस्वती पार्क में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# जनचौपाल में खंड विकास अधिकारी ने सुनी समस्या

**डीके पांडेय, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : जन चौपाल के माध्यमम से शुक्रवार को बीडीओ ने सिसवार व डिहवां में ग्राम सभा के लोगों की समस्यायों को सुनकर निराकरण का निर्देश संबंधित सचिव को दिया।



सिसवार में खंड विकास अधिकारी आफताब अहमद के समक्ष दिनेश सिंह,अनिल कुमार ने गांव में साफ सफाई का मुद्दा उठाया जिस पर उन्होंने सचिव को निर्देश देते हुये कहा कि हर हाल मे सफाई व्यवस्था ठीक होनी चाहिए।वहीं गीता देवी व लहसिया ने आवास तथा व्यक्तिगत शौचालय की बात कही। डिहवां मे कंचन देवी, प्रमोद कुमार व जितेन्द्र ने आवास लाभार्थियों से पैसे मांगने की शिकायत की। जिस पर उन्होंने संबंधित सचिव को चेतावनी देते हुये कहा कि यह क्षम्य नही है। जनचौपाल मे बीडीओ ने कहा कि सरकारी योजनाएं आमजन को विकासोन्मुख करे व सबको योजनाओं का लाभ मिले। इस मौके पर एडीओ पंचायत प्रमोद सिंह, प्रधान रामकठिन राजभर,संजय राजभर,इंदु देवी आदि उपस्थित रहीं।

# मॉडल स्कूल चुनाव में किसी प्रत्याशी ने नहीं लिया नाम वापस

## 17 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आठ सितम्बर को होगा

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र,डेहरी आन सोन रोहतास**

मॉडल स्कूल डालमियानगर विद्यालय प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर शुक्रवार को किसी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। विभिन्न पदो के लिए 17 प्रत्याशी मैदान में डटे रहे। निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के अनुसार समान्य पद में 11, शिक्षाविद पद में तीन, शिक्षक प्रतिनिधि पद में तीन प्रत्याशी है। जिसमें आठ सितंबर को मतदान होगा। जिसका परिणाम इसी दिन देर शाम तक करने के बाद कमेटी का गठन भी कर दी जाएगी।

# स्वच्छता पखवाड़े का बच्चों ने किया आगाज

**समाज जागरण**

बलिया : प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने किया स्वच्छता पखवाड़ा का आगाज करते हुए बेहतर संदेश दिया।



शिक्षा क्षेत्र दुबहड के प्राथमिक विद्यालय अमृतपाली के बच्चों ने शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा का आगाज किया। इस दौरान पखवाड़े की प्रथम दिन बच्चों ने स्वच्छता से संबंधित नारा स्लोगन कर समाज को जागरूकता किया। राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रधानाध्यापिका प्रतिमा उपाध्याय पीहू के निर्देशन में बच्चों ने समाज को स्वच्छता का बेहतर संदेश देकर जगाने का प्रयास किया।

# पूर्व शराब केस का आरोपी गया जेल

**दैनिक समाज जागरण, रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले के काराकाट थाने की पुलिस ने पूर्व शराब केस के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के केंचुआ निवासी मनोज पासवान को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार उक्त आरोपी के विरुद्ध स्थानीय थाना में पूर्व शराब कांड का मामला दर्ज था।

# सिलीगुड़ी से दबंगई के आरोप में दो गिरफ्तार

**उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग )**

सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और भक्तिनगर थाना की पुलिस ने सेवक रोड से दबंगई के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम राहुल तामंग उर्फ पेंबा और अर्जित बारूई है। दोनों को बीती रात शालुगाड़ा बाजार से गिरफ्तार किया गया है।

आरोप है कि गत 14 अगस्त को एनजेपी इलाके में नवारून दे के पत्नी के साथ पेंबा और उसके गिरोह के लोगों ने धक्का मुक्की किया था। वहीं, घटना के एक दिन बाद शास्त्री नगर तिरंगा मोड़ के पास नवारून दे के उपर पेंबा के लोगों ने जानलेवा हमला किया। जिसमे नवारून गंभीर



रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद थाने में पेंबा और उसके गिरोह के लोगों के खिलाफ एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई।

दर्ज शिकायत के बाद से पेंबा और उसके गिरोह के लोग फारार हो गया। आखिरकार एसओजी और भक्ति नगर थाना की पुलिस ने पेंबा और उसके एक साथ अर्जित बारूई को बीती रात शालुगाड़ा बाजार से गिरफ्तार कर लिया। आज दोनों को जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया है।

# स्वच्छता अभियान के लिए बच्चों ने लिया शपथ

**डीके पांडेय, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : उच्च प्राथमिक विद्यालय खरुआंव में सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने स्वच्छता आधारित संकल्प को ग्रहण करने हेतु शपथ ग्रहण किया जिसमें बच्चों एवं शिक्षकों ने 2 घंटे प्रतिदिन समाज में स्वच्छता हेतु श्रमदान करने का संकल्प लिया।

भारतीय समाज में पर्यावरणीय गंदगी एवं आसपास की कूड़ा करकट संबंधी



गंदगी से देश को मुक्ति दिलाई जा सके भारत स्वच्छ रहेगा तभी हम स्वच्छ रहेंगे और हमारे देश के बच्चे रोग मुक्त होकर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षकों ने बच्चों से लंबी परिचर्चा किया तथा उन्हें इसके लाभ एवं दूरगामी प्रभाव से भी अवगत करवाया बच्चों में इस तरह के संस्कार विकसित करने के उद्देश्य से इसे व्यक्तिगत जीवन से जोड़ने का भी संकल्प लिया गया कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका कृष्णा देवी राम प्रताप गौतम एवं रामकृष्ण मौर्य सक्रिय रूप से प्रतिभाग किए अंत में बच्चों ने वंदे मातरम और भारत माता की जय उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# सीबीडीटी ने पांचवीं वार्षिक एपीए रिपोर्ट जारी की

सीबीडीटी का अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौता (एपीए) कार्यक्रम भारत में निवेशक-अनुकूल और गैर-प्रतिकूल टैक्स व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए इसकी सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है। अपनी शुरूआत के बाद से, भारतीय एपीए कार्यक्रम ने कारोबार करने में आसानी को बढ़ावा देने से जुड़े भारत सरकार के मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने हाल ही में चौथी और पांचवीं वार्षिक एपीए रिपोर्ट जारी की है। ये रिपोर्टें, एपीए कार्यक्रम से संबंधित प्रमुख डेटा और आँकड़े प्रस्तुत करती हैं। इनमें आवेदकों का क्षेत्र-वार वितरण, कवर किए गए लेनदेन की प्रकृति, लागू स्थानांतरण मूल्य निर्धारण पद्धतियां आदि शामिल हैं। पांचवीं रिपोर्ट में 31 मार्च, 2023 तक दाखिल किए गए आवेदनों की वर्तमान स्थिति शामिल है। आंकड़े वर्तमान में वित्त वर्ष (वित्त वर्ष) 2022-23 तक अद्यतन किए गए हैं।

# हरियाणा के करनाल शहर हर मंगलवार रहेगा 'कार फ्री डे', सभी सरकारी अधिकारी साइकिल से ही करेंगे यात्रा

समाज जागरण

चण्डीगढ़, 1 सितम्बरः ( विनोद कश्यप )। आजादी के अमृत महोत्सव काल में उदय हरियाणा अभियान के तहत दानवीर कर्ण की नगरी करनाल से साइक्लोथॉन रैली में हजारों युवाओं की भागीदारी से ड्रग फ्री हरियाणा का शानदार आगाज हुआ। यह बात हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज कही।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल शहर में साइक्लोथॉन रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश द्वारा साइ-किल रैली में करीब 37 हजार प्रतिभागियों के साथ रिकॉर्ड बनाया गया है। हम इस रिकॉर्ड को तोड़ कर आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस शुरू आत के साथ हरियाणा 3 लाख युवाओं की भागीदारी के साथ मध्य प्रदेश के इस रिकॉर्ड को तोड़कर साइक्लोथॉन रैली में विश्व रिकॉर्ड बनाने जा रहा है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल शुक्रवार को साइक्लोथॉन रैली को हरी झंडी दिखाने से पूर्व भारी संख्या में पहुंचे युवाओं को संबोधित कर रहे थे।

**हरियाणा के करनाल में हर मंगलवार रहेगा 'कार फ्री डे ' सभी सरकारी अधिकारी साइकिल से करेंगे यात्रा करने के लिए तैयार हो गये हैं।**

आजादी के अमृत महोत्सव काल में उदय हरियाणा अभियान के तहत दानवीर कर्ण की नगरी करनाल से साइक्लोथॉन रैली में हजारों युवाओं की भागीदारी से ड्रग फ्री हरियाणा का शानदार आगाज हुआ।

उन्होंने कहा कि दानवीर कर्ण की नगरी करनाल से नशे के खिलाफ एक बहुत बड़ी मुहिम की शुरूआत की जा रही है, जोकि प्रदेश के जिलों से होते हुए 25 सितम्बर को सायं के समय करनाल में ही युवाओं की एक बहुत बड़ी रैली के साथ समाप्त होगी।

ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के तहत निकाली जा रही साइक्लोथॉन रैली के संदेश की गूंज



देश के चप्पे- चप्पे तक जाएगी और युवा पीढ़ी का जीवन सुरक्षित रहेगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान ' के तहत जहां बेटियों को बचाने और बेटियों को पढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाई है, वहीं अब हम ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के तहत युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रखते हुए उनके जीवन को बचाएंगे और उनको पढ़ाएंगे भी। यह बात किसी से छुपी नहीं है कि खेल से लेकर सेना में हर जगह हरियाणा के युवा का विशेष महत्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा का युवा धाकड़ है। यहां के युवाओं ने खेलों के माध्यम से दुनिया में अपना सिक्का जमाया है और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पदक हासिल करके देश का गौरव बढ़ाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा की बात करें तो सेनाओं में 10 से 11 प्रतिशत तक नौजवान हरियाणा के हैं, जोकि हम सबके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान 3 की सफलता में भी युवाओं के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। यहां के युवा विज्ञान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

श्री मनोहर लाल ने साइक्लोथॉन रैली को झंडी दिखाने से पूर्व युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत निकाली गई मेगा साइक्लोथॉन रैली के सफल आयोजन में खेल विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा। वहीं दूसरी ओर सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मुख्यमंत्री ने मेगा साइक्लोथॉन रैली में भाग लेकर युवाओं को किया प्रेरित

मुख्यमंत्री ने साइक्लोथॉन रैली को झंडी दिखाने के उपरांत स्वयं भी युवाओं के साथ रैली में साईकिल चलाई। मेगा साइक्लोथॉन रैली में अधिक से अधिक संख्या में प्रदेश के युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सा-ईकिल पर सवार होकर साइक्लोथॉन रैली में शामिल हुए और युवाओं से भारत माता की जय तथा ड्रग फ्री हरियाणा के नारों से आकाश को गूंजयमान किया। उन्होंने कहा -" युवा शक्ति आगे बढ़ो और नशे जैसी बुराई से दूर रहो।" प्रशासन द्वारा सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एम्बुलेंस की सेवा भी साथ-साथ चलेगी। इसके अलावा जगह-जगह रिफ्रेशमेंट की भी व्यवस्था रहेगी। साइक्लोथॉन रैली आज शाम तक पानीपत जिला में प्रवेश कर जाएगी। साइक्लोथॉन रैली में सांसद श्री संजय भाटिया, विधायक श्री हरविन्द्र कल्याण, विधायक श्री रामकुमार कश्यप ने भी साइकिल चलाई और नशा मुक्ति का संदेश दिया।



### कलाकारों ने बांधा समा, नशा मुक्त हरियाणा बनाने का दिया संदेश

मेगा साइक्लोथॉन रैली के शुभारंभ अवसर पर एथलीट एवं प्रसिद्ध कलाकार नवीन पुनिया ने अपनी लोक गायकी के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्त हरियाणा बनाने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि "हम गांव, शहर मिलकै एक मुहिम चलावैंगे, प्यारे हरयाणा तै नशे को दूर भगावैंगे।" इसी प्रकार से प्रसिद्ध कलाकार एमडी ने भी युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया और कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा बनाने के लिए सीएम साहब ने ये मुहिम चलाई है। हम इसको आगे लेकर जाएंगे और हरियाणा को नशा मुक्त बनाएंगे। प्रसिद्ध कलाकार आरजे रॉकी ने भी अपनी गायकी से उपस्थित लोगों के मन को मोह लिया। वहीं दूसरी ओर सूचना जन संपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के लोक कलाकारों ने भी अपनी गायकी के माध्यम से नशे जैसी बुराई पर कड़ा प्रहार किया और नशा मुक्ति का संदेश दिया।

इस मौके पर सांसद श्री संजय भाटिया, घरौंडा के विधायक श्री हरविन्द्र कल्याण, इंद्री के विधायक श्री रामकुमार कश्यप, मुख्यमंत्री के विशेष अधिकार, कम्युनिटी पुलिसिंग एवं आउटरीच श्री पंकज नैन, उपायुक्त श्री अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक श्री शशांक कुमार सावन, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक मीणा, सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल 3 सितम्बर को भिवानी सर्कल शपथग्रहण समारोह में होंगे शामिल

समाज जागरण

चण्डीगढ़, 1 सितम्बरः ( विनोद कश्यप ) । आमआदमी पार्टी के सर्वेसर्वा और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने 3 सितम्बर को हरियाणा का दौरा करने की योजना बनाई है। अरविन्द केजरीवाल के साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी आएंगे।यह जानकारी हरियाणा आम आदमी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक तंवर ने आज यहाँ दी।

अशोक तंवर ने बताया कि 3 सितम्बर को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल भिवानी में पार्टी के सर्कलस ईंचार्ज और अन्य नव



नियुक्त पदाधिकारियों को आयोजित किये जा रहे शपथग्रहण समारोह में शपथ दिलवाने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी तेजी से एक मजबूत संगठन का निर्माण कर रही है। इस समारोह में पार्टी के जमीन से जुड़े लोगों को नई जिम्मेदारी भी दी जा रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा के उन सभी लोगों की प्रदेश कार्यकारिणी आभारी है जिन्होंने बिजली आन्दोलन के दौरान पार्टी को जबरदस्त सहयोग दिया और प्रदर्शन की कामयाबी में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस दौरान हरियाणा में 2024 में आ रहे लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए एजेण्डा और पार्टी की और से नीति का निर्धारण करने की भी योजना है।

अशोक तंवर ने कहा कि हरियाणा में कल ही 1400 से भी अधिक पदाधिकारियों की घोषणा की गई थी।

# हरियाणा में बिजली उपभोक्ताओं के गलत बिलों दर संबंधित मामले, खराब मीटर , सिक्योरिटी जैसे मामलों के निपटान संबंधित शिकायतों का होगा निवारण

## उत्तर हरियाणा बिजली निगम पंचकूला जोन के जिलों की शिकायतों के निवारण के लिए सैक्टर- 6 स्थित मुख्यालय में करेगा सुनवाई

समाज जागरण

चण्डीगढ़,1 सितम्बरः( विनोद कश्यप)। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। ह्यपूर्ण उपभोक्ता संतुष्टिह्न के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके।

बिजली निगम के प्रवक्ता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में एक लाख रुपये से अधिक और तीन लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शि-ाकायतों की सुनवाई करेगा।

पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वालेजिलों नामतः कुरुक्षेत्र, अंबाला,

**इस सितम्बर माह की 4,11,18 और 25 तिथि को होगी सुनवाई और निवारण**

पंचकूला, कैथल और यमुनानगर के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 04, 11, 18 और 25 सितंबर,2023 को पंचकूला में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से संबंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से संबंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निपटान किया जाएगा।

इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरुपयोग और घातक गैर-घातक दुर्घटना आदि मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा।

उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छः महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी।

इस दौरान उपभोक्ता को प्रमाणित करना होगा कि यह मामला अदालत, प्राधिकरण या फोरम के समक्ष लंबित नहीं है क्योंकि इस न्यायालय या फोरम में विचाराधीन मामलों पर बैठक के दौरान विचार नहीं किया जाएगा।

## हरियाणा की बेटी देवयानी ने आईआरएस बनने का लक्ष्य किया हासिल
# देश भर में रैंकिंग में पाया 11वाँ स्थान

समाज जागरण

चण्डीगढ़, 1 सितम्बरः( विनोद कश्यप)। देश भर में आईएएस पर-ीक्षा में 11वॉ रैंक हासिल करके हरियाणा का नाम चमकाने वाली हरियाणा की बेटी देवयानी सिंह ने एक भेंट में बताया कि उन्होंने अपनी कक्षा 10वीं व 12वीं की पढ़ाई चंडीगढ़ के स्कूल से की है। कक्षा 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद देवयानी ने साल 2014 में बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड सा-इंस, पिलानी के गोवा कैंपस के इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन लिया था। वहॉ से उन्होंने अपनी ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की थी।

### देवयानी इंटरव्यू राउंड तक जाकर चूक गई

इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद देवयानी ने यूपीएससी की परीक्षा देने का मन बनाया, जिसके लिए उन्होंने तुरंत तैयारी भी शुरू कर दी। देवयानी ने बताया कि उन्हें हालांकि इतनी आसानी से सफलता हासिल नहीं हुई और इंटरव्यू राउंड





तक जाकर चूक कर गई। बल्कि संघर्ष जारी रखने के बावजूद ही वो इस मुकाम तक पहुँच पाई हैं।

उन्होंने बताया कि लगातार तीन बार साल 2015, 2016 और 2017 के यूपीएससी एग्जाम में फेल होने के बाद चौथे प्रयास में जाकर उन्होंने यह सफलता हासिल की।

यहाँ यह बताना भी आवश्यक है कि देवयानी शुरूआती दो प्रयासों में यूपीएससी प्रीलिम्स भी क्लियर नहीं कर पाई थी। जबकि तीसरे प्रयास में वो इंटरव्यू राउंड तक तो पहुंच गई, लेकिन फाइनल लिस्ट में उनका नाम नहीं आया।

### अंत में हासिल की 11वीं रैंक

इसके बावजूद देवयानी ने हार नहीं मानी और संघर्ष जारी रखते हुए साल 2018 में अपना चौथा अटेंप्ट दिया। इस बाद उन्होंने यूपीएससी परीक्षा क्रैक कर डाली और ऑल इंडिया में 222वीं रैंक हासिल की।

देवयानी को उनकी रैंक के मुताबिक, सेंट्रल ऑडिट विभाग में नियुक्त किया गया। नियुक्ति के बाद उनकी ट्रेनिंग शुरू हो गई । यहाँ भी देवयानी अपनी रैंक से खुश नहीं थी, इसलिए उन्होंने



एक बार फिर यूपीएससी की परीक्षा देने का मन बनाया।

देवयानी ने कहा कि हालांकि, वह ट्रेनिंग के कारण परीक्षा की तैयारी के लिए ज्यादा समय नहीं दे पा रही थीं। ऐसे में वह केवल वीकेंड यानि शनिवार और रविवार को ही परीक्षा के लिए पढ़ पाती थी।

हफ्ते में दो दिन की तैयारी के परिणामस्वरूप देवयानी ने साल 2019 में परीक्षा पास कर ऑल इंडिया में 11वीं रैंक हासिल कर डाली और आईआरएस ऑफिसर का पद हासिल किया है।

## हरियाणा सरकार ने 1 आईएएस और 1 आईआरएस के तुरंत प्रभाव से जारी किए स्थानांतरण आदेश

चण्डीगढ़, 1 सितम्बर :( विनोद कश्यप) । हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से 1 आईएएस, 1 आईआरएस समेत 8 एचसीएस अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। इनमें 7 एसडीएम (सब डिविजनल अधिकारी) भी इधर से उधर किए गए हैं।

नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे आईएएस ललित कुमार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला का प्रशासक (मुख्यालय) नियुक्त किया है, जबकि आईआरएस विवेक अग्रवाल को उनके वर्तमान कार्यभार के कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक एवं सचिव का कार्यभार सौंपा गया है। वहीं एचसीएस अधिकारियों में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, हिसार के जोनल प्रशासक जगदीप सिंह को सहकारी चीनी मिल पानीपत का प्रबंध निदेशक और नगर निगम, मानेसर की संयुक्त आयुक्त अलका चौधरी को नगर निगम, एनआईटी फरीदाबाद का संयुक्त आयुक्त लगाया है। बहादुरगढ़ के उपमंडल अधिकारी (नागरिक) अनिल कुमार यादव को कृषि विभाग का उप सचिव लगाया गया है।

सोनीपत के एसडीएम निर्मल नागर को गन्नौर, अमित कुमार-क्कको रादौर से सोनीपत, वीरेंद्र सिंह को बाढ़ड़ा से सिवानी, महेंद्रगढ़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार-क्कको तोशाम, सुरेश कुमार को सिवानी से बाढ़डा का एसडीएम नियुक्त किया है। एचसीएस हरबीर सिंह को तोशाम से भिवानी सिटी मजिस्ट्रेट तैनात किया है।

## हरियाणा के करनाल स्थित बस्ताड़ा टोल प्लाजा पर टोल टैक्स में वृद्धि

चण्डीगढ़, 1 सितम्बरः( निशा शर्मा ) । पहले से महंगाई की मार झेल रहे आम आदमी को एक और महंगाई का झटका लगा है। क्योंकि एनएचएआई ने करनाल का बस्ताडा टोल प्लाजा के चार्ज बढ़ा दिए हैं। ये नई दरें लागू हो चुकी हैं। यह टोल प्लाजा घरौंडा में स्थित है। जीटी रोड़ होने के कारण यहाँ से अमृतसर कश्मीर,पंजाब और हिमाचल प्रदेश जाने और आने वाली हजारों गाड़ियां रोजाना 24 घंटे गुजरती हैं। प्रदेश के अन्य हिस्सों से भी यहां से रोजाना हजारों गाड़ियां आती जाती हैं। ये टोल एनएचएआई के अंडर आता है। एनएचआई के इस फैसले से आम आदमी की चिंताएं बढ़ गई हैं।` बता दें घरौंडा टोल प्लाजा से कार, वैन जीप के लिए पहले एक तरफ यात्रा का 145 रुपये टोल लगता था जो बढ़कर 155 रुपये हो गया है। डेली पास वालों को 215 से 235 रुपये तो मासिक पास के लिए 4305 के स्थान पर 4710 रुपये का भुगतान करना होगा। इसी प्रकार हल्के वाहनों को एक तरफ यात्रा के लिए 250 से 275 रुपये, डेली पास के लिए 375 से 410 रुपये, मासिक पास वालों को 7530 से 8240 रुपये का भुगतान करना होगा। इसी के साथ आपको जानकारी दे दें कि इस टोल प्लाजा पर पहले` ट्रक-बस के लिए एक तरफ की यात्रा का 500 रुपये टोल लगता था जो अब 550 रुपये होगा । इसी प्रकार रोजाना यात्रा करने के लिए पास पर अभी तक 755 देना होता था अब 825 रुपये देना होगा। मासिक पास में 15065 रुपये लगते थे और अब 16485 रुपये लगेंगे। इसी प्रकार बड़े ट्रॉले के लिए 805 से 885, डेली पास पर 1210 से 1325 रुपये व मासिक पास पर 24210 से बढ़कर 26490 रुपये का भुगतान करना होग। एनएचएआई ने टोल के दाम बढ़ाकर आम जनता को तगड़ा झटका दिया है।

## हरियाणा के यमुनानगर जिले की कशिश का उत्तर प्रदेश में सिविल जज जूनियर डिवीजन के लिए हुआ चयन

चण्डीगढ़, 1 सितम्बरः( विनोद कश्यप ) । हरियाणा के यमुनानगर जिले की एक बेटी ने अपने माता पिता का ही नहीं बल्कि पूरे हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। बता दें यमुनानगर की रहने वाली कशिश शर्मा का चयन उत्तर प्रदेश में पीसीएसजे के माध्यम से सिविल जज जूनियर डिविजन के रूप में हुआ है।

कशिश ने अपने पहले प्रयास में पीसीएसजे परीक्षा पास की है। उन्होंने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अपने साक्षात्कार की तैयारी अंबाला के मुलाना स्थित महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय के अपने शिक्षकों की मदद से 10 दिन में की।

वहीं कशिश ने बताया कि उनके पिता 'राजन अग्रवाल राइस मिल' के प्रबंधक हैं और माता शिवानी गृहिणी हैं। उनकी शुरूआती पढ़ाई यमुनानगर के डीपीएस स्कूल से हुई है। 12वीं में उन्होंने ह्युमेनिटी विषय ले लिया, और 88 प्रतिशत के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की।

इसके बाद बीए एलएलबी की पढ़ाई करने मुलाना स्थित महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय चली आईं। यहां पर एलएलबी के आखिरी वर्ष में यूपी पीसीएसजे के बारे में पता चला और उन्होंने इसके लिए आवेदन कर दिया। चडीगढ़ से कोचिंग लेने के साथ खुद भी समय सारिणी बनाकर तैयारी की। उन्होंने सहायक प्राध्यापिका गायत्री शर्मा व अन्य प्राध्यापकों के नेतृत्व में साक्षात्कार की ऑनलाइन व ऑफलाइन तैयारी की। कशिश के चयन पर उनके परिजनों और शिक्षकों ने खुशी जताई है।

कशिश बताती हैं कि प्री और मेंस परीक्षा में उनके लिए कई चुनौतियां थी। उत्तर प्रदेश के बारे में पहले उन्होंने अधिक पढ़ा नहीं था। इसके बाद इस परीक्षा को लेकर उन्होंने सिलेबस मंगाया और तैयारी करनी शुरू की। सामान्य ज्ञान की पढ़ाई की। यह सभी मेहनत आज कामयाब हो गई।

## आमआदमी पार्टी ने अपने हरियाणा संगठन में किया विस्तार

AAM AADMI PARTY

चण्डीगढ़, 1 सितम्बरः( विनोद कश्यप) । आम आदमी पार्टी हरियाणा ने एक बार फिर प्रदेश में अपने संगठन का विस्तार किया है। पार्टी ने 164 नए पदाधिकारियों की सूची जारी की है। आमआदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने शुक्रवार को नए संगठन विस्तार का ऐलान किया. नई घोषणा के तहत हरियाणा में सर्कल लेवल, डिस्ट्रिक्ट वाइस प्रधान, स्टेट ज्वाइंट सेक्रेटरी, लीगल और डॉक्टर विंग के 164 पदाधिकारियों के नाम शामिल हैं।

आम आदमी पार्टी ने नई सूची में मुख्य विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष, सह सचिव, जिला उपाध्यक्ष, जिला सह सचिव और जिला स्तर पर विभिन्न विंग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सह सचिव के अलावा ब्लॉक अध्यक्ष और सर्कल अध्यक्षों के नाम भी शामिल है। आम आदमी पार्टी हरियाणा में अभी तक 4 हजार से ज्यादा पदाधिकारियों के नामों की घोषणा कर चुकी है।

नए पदाधिकारियों में प्रदेश विंग में पंचकुला के जगपाल सिंह, अंबाला के मनीष अजमानी उपाध्यक्ष और फरीदाबाद के रणजीत सिंह चौहान, फरीदाबाद के महेंद्र सिंह मावी, अंबाला के

**इसके अलावा पंचकुला के संदीप सिंह सांगवान को लीगल हाई कोर्ट सेल के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।**

इसके साथ ही पंचकुला एडवोकेट मनिंदर सिंह, सोनीपत के महावीर सिंह शर्मा, जींद के विकास चौधरी, सिरसा के अर्पणदीप नरूला उपाध्यक्ष और चरखी दादरी के जगजीत बेनीवाल, रोहतक की मनीषा मग्गू, झज्जर के प्रमोद कुमार परमार, पंचकुला की पूजा अरोड़ा, सोनीपत के विनय सिंह राठी, फतेहाबाद के मोहन सिंगला, हिसार के जसदेव सिंह थिंद संयुक्त सचिव बनाए गये हैं। मुख्य विंग में पलवल के सचिन बंसल, भिवानी के पवन पंघाल को जिला उपाध्यक्ष और फरीदाबाद के लक्ष्मी नारायण सैनी जिला संयुक्त सचिव नियुक्त किए गए हैं।

दलजीत सिंह ढींडसा, कैथल के जगमोहन नरवाल, कुरुक्षेत्र के रजनी धारीवाल प्रदेश विंग में संयुक्त सचिव नियुक्त किए गए हैं।

## पंजाब में मान सरकार ने 2 आईएएस अधिकारियों को किया सस्पेंड

चण्डीगढ़, 1 सितम्बरः( विनोद कश्यप) । पंजाब में मान सरकार का बड़ा एक्शन देखने को मिला है। यहां बड़े औहदे पर बैठे दो आईएएस अधिकारी सस्पेंड कर दिए गए हैं। एक आईएएस का नाम धीरेन्द्र कुमारी तिवारी है। जिनकी तैनाती पंचायत विभाग के प्रमुख सचिव के रूप में थी। वहीं दूसरे आईएएस का नाम गुरप्रीत सिंह खैरा है। जिनकी तैनाती पंचायत विभाग में बतौर निदेशक थी। बताया जा रहा है कि, पंचायत भंग करने के मामले में दोनों अधिकारियों पर यह बड़ी गाज गिरी है। इससे पहले आज सुबह ही पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट में मान सरकार ने जानकारी दी थी कि पंचायत भंग नहीं की जा रही है।

# हरियाणा सरकार ने सोलर एनर्जी प्लांट लगाने के लिए तैयार की सोलर होम सिस्टम योजना



चण्डीगढ़, 1 सितम्बरः( विनोद कश्यप । हरियाणा राज्य सरकार अपने नागरिको की ऊर्जा की आव-श्यकता को पूरा करने के लिए सोलर होम सिस्टम योजना को जल्द शुरू करने जा रही है।इस योजना के तहत एक एलईडी,2 एलईडी लैंप,ट्यूब लाइट` और साथ में एक डीसी सीलिंग फैन` मोबाइल चार्जिंग के लिए 200 वाट सोलर पैनल और इसके साथ ही 12Vx150MAh बेटरी प्रदान करायी जाएगी। सोलर वाटर पंप सब्सिडी स्कीम योजना के लिए हरियाणा सरकार सभी तरह की सब्सिडी प्रदान करेगी।

सरकार ने किसानों को हरियाणा सोलर जल पंप सब्सिडी योजना के लाभों बारे जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा राज्य में सिमित बंजर भूमि को ध्यान रखते हुए, राज्य सरकार का जोर नेट मेटिरिंग के साथ रूफटॉप सोलर को लोकप्रिय बनाने के लिए है। वो केवल उपभोक्ता को बिजली का बिल बचाने में मदद करेगा। बिजली` उपभोक्ताओं को अन्य छेत्रो की बिजली` मदद करेगा। इस में पांच अकड़ भूमि के लिए` 1 मेगावाट सोलर संत्यंत्र की आवश्कता होगी।

**हरियाणा ऊर्जा विभाग ने राज्य में 70 मेगावाट का रूफटॉप और सौर ऊर्जा परियोजनाओं का लक्ष्य रखा है।**

**यह परियोजनाएं 40 फीसदी सब्सिडी के साथ अधिकतम 22000 हजार रुपया प्रति किलोवाट तक होगी। जिसके लिए सब्सिडी के अनुमोदन और विवरण ऑनलाइन प्रणाली उपयोग होगी। हरियाणा सोलर ऊर्जा पैनल सब्सिडी के तहत ऑनलाइन आवेदन करने के लिए नीचे लिंक दिया गया है।**

इच्छुक किसानों को हरियाणा सोलर जल पंप सब्सिडी योजना 2023 में आवेदन करना चाहिए। इच्छुक नागरिक जो अपने खेतो में सोलर पंप लगवाना चाहते है,और इसके साथ वह सब्सिडी भी पाना चाहते हैं वो नीचे दिए संबंधित वेबसाइट पर विभिन्न चरणों में दिये गये नामों में अपने नाम देख सकते हैं। इस के लिए लगाए गये चरणों का पालन करना अनिवार्य है। जारी आदेशों के अनुसार किसानों को हरियाणा सोलर जल पंप की आधिकारिक वेबसाइट www.hareda.gov.in पर जाना होगा। जैसे ही आप क्लिक करते हैं आपके सामने हरेडा का होम पेज खुल जायेगा।अब आपको "सौर जल पंप प्रणाली योजना विस्तार"का विकलप दिखाई देगा।

# मुख्यमंत्री के आदेश के खिलाफ विधायकों के बजाया बिगुल

## विधायकों द्वारा बुलाई गई अधिकारियों की बैठक पर रोक लगाना नियमानुसार गलत

चण्डीगढ़, 1 सितम्बरः( विनोद कश्यप) । हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के एक आदेश के खिलाफ विधायक आ गए हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री ने जिला स्तर के अधिकारियों की विधायकों के द्वारा बुलाई जाने वाली बैठक पर रोक लगाई है। इस फैसले पर कांग्रेस और इन्डियन नेशनल लोकदल के विधायकों ने आपत्ति बताई है। विधायकों का कहना है कि सीएम का यह आदेश असंवैधानिक है। इससे ब्यूरोक्रेसी में तानाशाही बढ़ेगी।

इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला का कहना है कि एक विधायक लोगों का निर्वाचित प्रतिनिधि होता है, इसलिए सरकार को विधायकों को अधिकारियों के साथ बैठकें करने की अनुमति देनी चाहिए ताकि उन्हें लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया जा सके।

### मुख्य सचिव से बड़ा होता है विधायक का प्रोटोकॉल

राज्य के विधायकों ने सीएम के फैसले पर अफसोस जताया कि एक तरफ विधायकों को प्रोटोकॉल में मुख्य सचिव के पद से ऊपर माना जाता है, वहीं दूसरी तरफ उन्हें लोक कल्याण से संबंधित बैठक बुलाने के उनके लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित किया जा रहा है। यह उचित फैसला नहीं है। इससे जनता के अधिकारों का सूबे के ब्यूरोक्रेट्स हनन करेंगे।

### विधायकों के पास संवैधानिक अधिकार

रोहतक से कांग्रेस विधायक बीबी बत्रा का कहना है कि विधायक संवैधानिक पद रखते हैं जबकि अधिकारी-कर्मचारी कार्यपालिका का हिस्सा होते हैं। उनके पास कोई संवैधानिक पद नहीं होता है। हरियाणा सरकार द्वारा 'विधायक अधिकारियों की बैठक बुलाने या खुले दरबार की अध्यक्षता नहीं करने का फैसला अलोकतांत्रिक है।

### अभय बोले- मिलनी चाहिए अनुमति

इनेलो विधायक अभय चौटाला ने कहा कि चूंकि विधायक लोगों का निर्वाचित प्रतिनिधि है, इसलिए राज्य सरकार को विधायकों को अधिकारियों की बैठकें आयोजित करने की अनुमति देनी चाहिए ताकि उन्हें लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया जा सके। निर्वाचित प्रतिनिधियों की लंबे समय से मांग रही है कि उन्हें लोगों की शिकायतों के निवारण के लिए जिला-स्तरीय अधिकारियों की बैठकें आयोजित करने या 'खुले दरबार' की अध्यक्षता करने की अनुमति दी जाए।

### इस आदेश का विधायक कर रहे हैं विरोध

प्रदेश सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि कई बार विधायक अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर जिले के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक बुला लेते हैं, जो कि उचित नहीं है। इसके अलावा, हर जिले में हर माह में एक बार लगने वाले खुले दरबारों की अध्यक्षता (चेयर) करने का अधिकार भी सिर्फ डीसी के पास है, जबकि विधायक ऐसे खुले दरबारों को चेयर नहीं कर सकते। यदि कोई विधायक अपने किसी काम से अथवा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए या फिर किसी भी चर्चा के लिए अधिकारी खासकर डीसी-एसपी के कार्यालय में जाता है तो उन्हें पूरे सम्मान और शिष्टाचार के साथ आदर देना होगा।

# आगामी लोकसभा चुनावों में भिवानी-महेन्द्रगढ़ सीट पर टिकटें पाने को लेकर जबरदस्त मुकाबला अभी से शुरू

## भाजपा और कांग्रेस की टिकटों के लिए राजनीतिक दिग्गज मैदान में

चण्डीगढ़,1 सितम्बरः( विनोद कश्यप )। देश में लोकसभा चुनावों के लिए अभी काफी लम्बा समय होने के बावजूद भी राजनैतिक क्षेत्रों में चर्चा इस बार पहले ही चुनावों के होने की है। ये चुनाव जब भी होंगे इनमें हरियाणा के भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा सीट भी हॉट-सीटों में शामिल मानी जा सकती है । जिसके कई ऐसे कारण बनने शुरू हो गए हैं।अभी से विभिन्न पार्टियों में टिकट के लिए दावेदारी भी ठोकी जाने लगी है। भाजपा और कांग्रेस में टिकट पर सबसे अधिक मारामारी है।

भिवानी-महेन्द्रगढ़ सीट से अब वर्तमान में भाजपा के कथित रेडमैन धर्मबीर सिंह सांसद हैं। वें 2019 में दूसरी बार चुने गए थे। 'रेडमैन' के नाम से चर्चित धर्मबीर सिंह की 4 लाख 44 हजार 463 वोटों से जीत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत माना जाता है। क्योकि चुनाव प्रचार अभियान में क्षेत्र के कई गांव ऐसे थे, जहाँ इनको घुसने तक नहीं दिया गया था। परन्तु चुनाव में उन सभी गांवों में उनको बढ़त मिली थी। कई गांवों में हुई ऐसी घटनाओं के बाद रेडमैन और उनकी प्रचार टीम ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए वोट की अपील करनी शुरू कर दी थी, जो कामयाब हुई।

राजनीतिक गलियारों में जोरदार चर्चा है कि अबकी बार रेडमैन धर्मबीर सिंह लोकसभा की बजाए विधानसभा का चुनाव लडड़ा चाहते हैं। साथ ही वें अपने बेटे मोहित चौधरी के लिए भी टिकट मांगेंगे।

वैसे अबकी बार भिवानी-महेन्द्रगढ़ सीट से भाजपा के प्रदेश प्रधान ओम प्रकाश धनखड़ और पूर्व सांसद सुधा यादव का नाम भी सामने आ रहा है। इन दोनों नेताओं को अपने केंद्रीय नेताओं से सम्बंधों पर विश्वास है।

सुधा यादव से जुड़े सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनको भिवानी-महेन्द्रगढ़ सीट से चुनाव लड़वाने को बोला हुआ है। दूसरी ओर ओम प्रकाश धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समीपी सम्बंध जगजाहिर हैं। ऐसे में भाजपा में चुनाव से पहले टिकट पर ही कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

उधर,इस हॉट सीट से कांग्रेस के भी दो दिग्गज टिकट के लिए अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। पिछले 2014 और 2019 के दो चुनाव हार चुकी श्रुति चौधरी की विधायक मां किरण चौधरी का दावा है कि श्रुति अब की बार फिर भिवानी-महेन्द्रगढ़ से चुनाव लड़ेगी। किरण चौधरी हर हाल में अपनी बेटी के लिए टिकट पक्की मान रही हैं। किरण चौधरी को अपने उच्च स्तरीय राजनैतिक सम्बंधों पर पूरा भरोसा है। पर बताया जा रहा है कि इस बार किरण विरोधी खेमा श्रुति चौधरी की टिकट पर दो बार लगातार हार का मुद्दा अवश्य उठायेंगे। पर इसके लिए रणदीप सुरजेवाला और कुमारी सैलजा भी अपना पूरा जोर लगायेंगे। श्रुति चौधरी ने पहला चुनाव 2009 में कांग्रेस की टिकट पर लड़ा था और वें 55577 वोटों से इनेलो के अजय चौटाला के मुकाबले चुनाव जीती थी। परन्तु इसके बाद 2014 और 2019 का चुनाव श्रुति चौधरी कांग्रेस से भाजपा में आए रेडमैन धर्मबीर सिंह से हार गई थी। श्रुति चौधरी 2019 का चुनाव तो 4 लाख 44 हजार 463 वोटों से हारी थी। चचार्कारों का कहना है कि इस बार किरण चौधरी की राजनीति भी उनके बेटी श्रुति चौधरी की जीत-हार पर टीकी हुई है। श्रुति चौधरी के लिए चार लाख से अधिक वोटों की हार को जीत में बदलना बड़ा ही मुशकिल होगा। ऐसे में अगर एक बार फिर अगर किन्ही कारणों से लोकसभा चुनाव हार जाती है तो इसके बाद होने वाले विधानसभा चुनाव जीतना किरण चौधरी के लिए एक बड़ी गम्भीर चुनौती होगा। इसलिए इस बार श्रुति चौधरी अपनी मां के लिए एक यक्ष प्रश्न बन गई है। अब श्रुति चौधरी के मुकाबले टिकट की दावेदारी की प्रथम पंक्ति में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के विश्वसनीय महेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे राव दान सिंह हैं।

*कांग्रेस में टिकट के लिए श्रुति के मुकाबले दानसिंह, तो भाजपा में ओपी धनखड़ और सुधा यादव होंगे आमने -सामने*

*चुनाव में बेटी श्रुति की जीत को लेकर मां किरण चौधरी का राजनैतिक भविष्य दांव पर*

*टिकट पाने की लाइन में खड़े नेता हर हाल में टिकट पाने की जुगत में*

उनको लोकसभा की टिकट मिलने का पूरा भरोसा है। उनसे जुड़े सूत्र कहते हैं कि हुड्डा ने आलाकमान से राव दानसिंह की टिकट की हामी करवाई हुई है। वहीं हुड्डा समर्थकों के पास श्रुति चौधरी की लगातार दो बार हार का बड़ा मुद्दा है।

राव दान सिंह पहली बार लगातार चार बार महेन्द्रगढ़ से भाजपा की टिकट से विधायक बने दिग्गज नेता रामबिलास शर्मा को 2000 के चुनाव में हराया था। उस समय राव दानसिंह को 68472 वोट मिले थे। इसके बाद इन्होने 2005 और 2009 का चुनाव जीता परन्तु 2014 का चुनाव भाजपा के रामबिलास शर्मा से ही हार गए। उन्होने फिर अपनी हार का बदला 2019 के चुनाव में रामबिलास शर्मा को हरा कर चुका दिया। इस बार उन्होने 46478 वोट मिले थे। लेकिन इस बार राव दान सिंह विधानसभा का चुनाव न लड़ कर लोकसभा का चुनाव लडड़ा चाहते हैं। साथ ही वें अपने बेटे अक्षत सिंह के लिए महेन्द्रगढ़.क्षेत्र से विधानसभा की टिकट भी मांगेंगे। उनको अपने जनाधार और राजनैतिक सम्बंधों पर पूरा भरोसा है। राव दानसिंह ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने कार्यकताओं और समर्थकों को भी मानसिक रूप से तैयार की लिया है। ऐसे में भाजपा की तरह कांग्रेस में भी टिकट के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

## इनकम बढ़ने पर पहले लोन चुकाएं या SIP में इन्वेस्टमेंट बढ़ाएं, आपको कहां होगा ज्यादा फायदा, क्या कहते हैं एक्सपर्ट?

नई दिल्ली. इंक्रीमेंट होने, नौकरी बदलने या किसी अन्य सोर्स से इनकम में बढ़ोतरी होने से कई लोग इस कंफ्यूजन में रहते हैं कि पहले उन्हें प्री-पेमेंट के जरिए लोन चुकाने चाहिए या एसआईपी (SIP) में इन्वेस्टमेंट बढ़ाना चाहिए. इन दिनों ज्यादातर लोगों को कंपनियों की ओर से इंक्रीमेंट मिल चुका है. ऐसे में सैलरी बढ़ने से कई लोगों को इनकम भी बढ़ गई है.

अगर आप भी इसी उलझन में है तो हम यहां आपको पूरी कैलकुलेशन के साथ इस समस्या का समाधान बता रहे हैं. आइए जानते हैं कि लोन प्री-पेमेंट और एसआईपी में इन्वेस्टमेंट बढ़ाने में से आपके लिए कौन से ऑप्शन को चुनना ज्यादा फायदेमंद साबित होगा.

आपको कहां होगा ज्यादा फायदा?

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर किसी की सैलरी बढ़ गई है तो उसके लिए एसआईपी में इन्वेस्टमेंट बढ़ाना ही ज्यादा फायदेमंद होगा. आप एस-।आईपी में जो पैसा लगाते हैं वह शेयर मार्केट निवेश होता है. लॉन्ग टर्म में इस पर आपको जो रिटर्न मिलता है, वह होम लोन की ब्याज दर से काफी ज्यादा होता है.

# हरियाणा की पीड़िता किन्नर ने लगाई इंसाफ की गुहार , मरणव्रत पर बैठेंगी यदि 40 दिन में न मिला न्याय

## मेरी गुहार है प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री हरियाणा, चीफ जस्टिस पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ,डीजीपी हरियाणा पुलिस से ,चाहें तो मेरी जान बचा लें

चंडीगढ़,1 सितम्बर :( विनोद कश्यप) । चंडीगढ़ प्रेस क्लब में समाज सेविका मालो देवी संग प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हरियाणा की पीड़िता किन्नर ने इंसाफ की गुहार लगाई है । उन्होंने कहा कि वैसे भी मृत समान शरीर ढो रही हूं इसलिए मरणव्रत पर ही बैठूँगी , यदि 40 दिन में न मिला न्याय ।

गौरतलब है कि एफआईआर , मजिस्ट्रेट के समक्ष 164 के बयान, राष्ट्रपति ,प्रधानमंत्री ,गृहमंत्री को खुद जाकर चिट्ठी भी दे चुके हैं, व दर्जनों बार हरियाणा के डीजीपी/आई जी से मुलाकात के बावजूद एक भी आरोपी को गिरफ्तार न किये जाने से पूरी तरह निराश पीड़िता किन्नर अब अपनी जान देने को आतुर है ।

### क्या है मामला

एफआईआर 0498/22 के मुताबिक पीड़िता किन्नर को उनके घर से गन पॉइंट पर अगवा कर 2 ट्रांसजेंडर व 5-7 अन्य लड़कों ने सामूहिक दुष्कर्म व अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए ,व 55 तोले सोना व नगदी भी छीन ली। लेकिन हर प्रयास के बावजूद कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है ।

# जंगल पर कब्जे को लेकर बाघों के बीच जंग, एक की मौत

उमरिया । उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 4 साल की एक बाघिन की मौत हो गई. वन विभाग के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है. बाघिन की मौत को लेकर आशंका जताई जा रही है कि आपसी लड़ाई में बाघिन जख्मी हो गई जिस वजह से उसकी मौत हो गई. इस क्षेत्र के रेंजर मुकेश अहिरवार ने बताया कि बाघिन का शव बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर रेंज के बफर जोन में मिला.उन्होंने कहा, च्घटनास्थल की परिस्थिति को देखकर पता चलता है कि बाघिन की मौत दूसरे बाघों से लड़ाई में हुई है. हम खोजी कुत्तों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. विसरा को भी जांचने के लिए 'भेज दिया गया है. अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीयबाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशानिदेर्शों के अनुसार शव को दफनाया गया है।

### कितनी है देश में बाघों की संख्या

बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है, भारत ने ऐसा समय भी देखा है जब देश में बाघों की कुल संख्या घटकर सिर्फ 268 रह गई थी. हालांकि बाघों को बचाने के लिए सरकारों की मेहनत रंग लाई और साल 2022 में इनकी संख्या बढ़कर 3167 तक पहुंच गई. बाघों की कुल वैश्विक संख्या का 75 फीसदी सिर्फ भारत में है. चार सालों में देश में 200 से ज्यादा बाघ बढ़े हैं। एक सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, 1973 में देश में 18,278 वर्ग जी किमी जमीन पर 9 टाइगर रिजर्व थे जिनकी बे संख्या बढ़कर अब 53 हो गई है. वहीं इन अ टाइगर रिजर्व का क्षेत्रफल 75, 796.83 वर्ग है। किमी तक फैल चुका है. ये देश के भौगोलिक पर क्षेत्र का लगभग 2.3 प्रतिशत है. आं मुताबिक देश में 2018 में बाघों की 2967, 2014 में 2226, 2010 में तो 2006 में 1411 थी। अफ्रीका से आई मादा चीता दक्षा का कूनो राष्ट्रीय उद्यान के अंदर अन्य चीतों से लड़ाई हो गई थी. रिपोर्ट के मुताबिक नर चीता फिंडा, वायु और अग्नि से मादा चीता दक्षा और धीरा की भिड़ंत हुई थी. इसी में दक्षा की मौत हो गई. दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से लाए गए ये तीसरे चीते की मौत है. इसकी पुष्टि पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ जसवीर सिंह चौहान ने की है.

## उमरिया पुलिस द्वारा 16 गुम बालक-बालिकाओं को प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर से सकुशल खोजकर परिवार से मिलाया

उमरिया पुलिस अधीक्षक उमरिया श्रीमति निवेदिता नायडू द्वारा मुस्कान अभियान के तहत समस्त थाना प्रभारियों को गुम बालक-बालिकाओं की जल्द से जल्द दस्तयाबी हेतु ठोस कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही पुलिस राजपत्रित अधिकारियों को इनकी लगातार समीक्षा करने हेतु कहा गया जिसके परिणामस्वरूप उमरिया पुलिस को दिनांक 01.08.2023 से 31.08.2023 तक कुल 16 गुम बालक-बालिकाओं को प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर से सकुशल खोजकर परिवार से मिलाने में सफलता प्राप्त हुई ।थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक उमरिया के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया व अनु. अधि. पुलिस उमरिया/पाली के मार्गदर्शन में दस्तायाबी हेतु टीम का गठन किया गया गठित टीम द्वारा गुम बालक-बालिकाओं के संबंध में बारीक से बारीक जानकारी एकत्रित की गई एवं प्राप्त तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यो के आधार पर उनके मिलने के प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर के संभावित स्थानो पर पता-तलाश कर 15 बालिकाओं एवं 01 बालक कुल 16 गुम बालक-बालिकाओं की अलग-अलग दिनांक को सकुशल दस्तयाबी में सफलता प्राप्त की, जिससे कि मासूमो को बापिस मिलने पर मायूस परिवारो के चेहरों पर मुस्कान वापिस लौटी । संपूर्ण कार्यवाही में जिले के थाना प्रभारी एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा ।

## विशाल आमसभा का आयोजन 3 सितंबर को

अनूपपुर। पुष्पराजगढ़ स्व सहायता मैदान ग्राउंड में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशन मेंराष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी, अनूप राष्ट्रीय महासचिव आशीष शुक्ला राजू भैया का आगमन होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला 3 सितंबर 2023 को अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ स्व सहायता मैदान ग्राउंड में विशाल आमसभा को संबोधित करेंगी।भारतीय शक्ति चेतना पार्टीजिला मीडिया प्रभारी अमित कुमार यादव ने क्षेत्र की जनता जनार्दन से आवाहन किया है कि इस आम सभा में अपनी सहभागिता प्रदान करें।

### पर्यावरण प्रेमियों ने पेड़ों पर राखी बांध लिया रक्षा का संकल्प

उमरिया- बहन की रक्षा के साथ पेड़ों की सुरक्षा भी बहुत जरूरी है। पर्यावरण ही जीवन का आधार है स्वस्थ शरीर के लिए शुद्ध वातावरण की असली दवा है। इसी सिद्धांत को अपना कर पर्यावरण प्रेमी व युवा टीम उमरिया की बहनो सदस्यों ने गुरुवार की सुबह श-।सकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में लगाए दर्जनों पौधों में राखी बांधी। तिलक लगाया, आरती उतारी इसके बाद पौधों की रक्षा का संकल्प लिया। युवा हिमांशू तिवारी ने बताया कि राखी को यूं तो भाई-बहन का अटूट प्रेम का बंधन के रूप में माना जाता है. भाई बहन का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन को लेकर देशभर में तैयारियां शुरू हो गई है. इस पावन पर्व पर बहन अपने भाई के कलाई पर राखी बांधती है और उसकी लंबी आयु का कामना करती हैं वहीं भाई भी बहन की सदैव रक्षा करने का वचन देता हैं. हमें एक संकल्प और लेना चाहिए जो पेड़-पौधे पर्यावरण को अनुकूल बना रहे हैं और ऑक्सीजन प्रदान कर रहे हैं उनकी देखरेख की जिम्मेदारी भी हमारी बनती है. जबकि पेड़ पौधों की सुरक्षा का भी हमारा ही दायित्व है।खुशी सेन ने कहा कि पेड़ पौधों को तिलक लगाकर उनकी आरती उतार अपना भाई मानकर राखी बांधी है इन्हें बचाने का संकल्प लिया।इस दौरान हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,अमृता सिंह,अंकित गौतम,राहुल सिंह,राम चारण उपस्थित रहे।



# पार्टी की मजबूती के लिए भाजपा समय-समय पर करती कार्यक्रम : मनीष ग्रोवर

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) : भाजपा जिला प्रभारी एवं पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा है कि पार्टी की मजबूती के लिए समय-समय पर कार्यक्रम किए जाते हैं। एक विधानसभा क्षेत्र से दूसरे विधानसभा क्षेत्र में विस्तारकों को भेजकर केन्द्र सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार करना पार्टी की इसी नीति का हिस्सा है।

मनीष ग्रोवर अपने हिसार प्रवास के दूसरे दिन जिला कार्यालय में हिसार विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए कार्यक्रम होते रहते हैं। इससे पहले पन्ना प्रमुख सम्मेलन भी हुए हैं। हर कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी व कार्यक्रर्ता अग्रणी रहकर उसे सफल बनाते हैं। विस्तारकों को एक विधानसभा क्षेत्र से दूसरे विधानसभा क्षेत्र में भेजे जाने का मकसद यही है कि वे अपने क्षेत्र की जानकारी से दूसरे क्षेत्र के पदाधिकारियों को अवगत करवाएं और वहां की जानकारी लेकर खुद भी अपडेट हों। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज न केवल बूथ स्तर पर, बल्कि पन्ना स्तर पर मजबूत है। दूसरी पार्टियां तो अभी संगठन बनाने के बारे में भी नहीं सोच पा रही है। उन्होंने कहा कि एक विधानसभा क्षेत्र से दूसरे में जाकर केन्द्र सरकार की नीतियों का प्रचार प्रसार करना विस्तारकों व पार्टी कार्यकताओं काम है। उन्होंने बताया कि हिसार लोकसभा क्षेत्र का अल्पकालीन प्रशिक्षण शिविर 10 सितंबर को हिसार के अग्रसेन भवन में लगेगा जो अगले दिन सुबह पहले सत्र के साथ समापन होगा। समापन पश्चात विस्तारक संगठन द्वारा आवंटित किए गए बूथों पर जाकर केंद्र सरकार की 9 साल की उपलब्धियां के बारे में जानकारी देंगे। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने भी पदाधिकारियों को संबोधित किया और कहा कि वरिष्ठ नेताओं के निदेर्शानुसार पार्टी कार्यक्रम सिरे चढ़ाए जाएंगे।



जिला मीडिया प्रमुख राजेंद्र सपड़ा ने बताया कि जिला प्रभारी के प्रवास के दूसरे दिन हिसार, उकलाना, नारनौद एवं हांसी में विस्तारको के साथ बैठक की गई। हिसार विधानसभा की बैठक में उपरोक्त के अलावा हिसार मेयर गौतम सरदाना, महामंत्री प्रवीण पोपली, मनदीप मलिक, रवि सैनी, प्रवीण जैन, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बिश्नोई, जिला सचिव संजीव रेवड़ी, जिला मीडिया प्रमुख राजेंद्र सपड़ा, कोषाध्यक्ष तरुण जैन, प्रवीण केडिया, मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा, सुशील बुड़ाकिया, विकास जैन, पवन खारिया, पार्षद सतीश सुरलिया, वेद गौड़, संजय सैनी, आर आहुजा, वीरेंद्र यादव, शंकर गोस्वामी एवं सोशल मीडिया से नवीन डेंबला, सहित अन्य अल्पकालीन विस्तारक, मंडल प्रभारी, मंडल पालक व भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रिंकू सिंह भाजपा में शामिल

विजय तिवारी शहडोल। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीधी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत व्यवहारी विधानसभा के समाजसेवी
विरेश सिंह (रिंकू दादा) का एवं सभी साथियों सहित भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उन्हें भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश विधानसभा के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। वीरेशसिंह पूर्व में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष थे और भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रह चुके हैं। सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2018 के चुनाव में उन्होंने शरद कल का विरोध किया था और अपने समर्थकों के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचकर उनके टिकट का विरोध भी किया था। लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण उन्हें भारतीय जनता पार्टी से निलंबित भी कर दिया गया था जिसमें उनके साथी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष उज्जवल केसरी भी शामिल रहे।



## टिकट मिली तो सेवा को तैयार हूं- राजीव सिंह

अनूपपुर। विधानसभा चुनाव को अभी लगभग दो माह का समय है। लेकिन टिकिट के दोवेदार अपनी अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। इसी क्रम में अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र से युवा तरुणाई राजीव सिंह ने भी कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने की अपनी मंशा जाहिर की। उन्होंने साफ कहा कि में जनता के बीच लगातार जा रहा हूं जनता से ही मुझे पहचान मिली है। मैं वर्तमान में जनपद पंचायत जैतहरी का अध्यक्ष हूं और लगातार ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु अग्रसर हूं। अगर कांग्रेस पार्टी मुझ पर विश्वास करती है और मुझे टिकिट देती है तो में सेवा करने के लिए तैया हूं। राजीव सिंह ने कहा कि मेरा मुख्य काम जनता की सेवा करना है राजनीति में आने और चुनाव लडड्े की बात पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी से मेरा पुराना नाता है, मैं कई वर्षों से कांग्रेस पार्टी में विभिन्न दायित्व का निर्वहन भी कर चुका हूं ।अनेक लोगों का कहना है कि सेवा ही करना है तो बड़े प्लेटफार्म पर आकर करें तो ज्यादा अच्छा होगा। अब जनता के भरोसे और पार्टी चाहेगी तो में चुनावी मैदान में उतरने को तैयार हूं।



# ऊना सीमर बंदरगाह पर मछुआरों

मामलाः विधायकों, नेताओं की बैठक
मछुआरों को नुकसान न हो और उन्हें रोजगार मिले, इस-के प्रयास किये जायेंगे

ऊना के सीमर बंदरगाह पर 100 फीसदी ओबीसी समुदाय से आने वाले 600 मछुआरों को तत्काल प्रभाव से बंदरगाह खाली करने का नोटिस दिया गया है, क्योंकि 75 साल पुरानी पिलानी नावों के जरिए रोजी-रोटी कमाने वाले परिवार सड़क पर आ गए हैं, इनमें युवा, बुजुर्ग और बच्चे महिलाएं. और चला गयाकल सीमार गांव के मछुआरों ने उपजिलाधिकारी के समक्ष जमकर प्रदर्शन किया और अपनी नौकरी बचाने के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा.

सीमर बंदरगाह पर गुजरात सरकार की जमीन केंद्र स-रकार को सौंपने की प्रक्रिया शुरू करने के बाद, खार अंकुर विभाग ने तीन दिनों के भीतर बंदरगाह खाली करने और नावों और झोपड़ी उपकरणों को हटाने का नोटि-टस जारी किया है। इसकी प्रेस रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद मछुआरों का दुख-दर्द सुनने के लिए सिस्टम भी हरकत में आ गया है। ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक कालूभाई राठौड़, जिला पंचायत कार्यकारी समिति के अध्यक्ष भावेशभाई उपाध्याय सहित नेताओं ने सीमार बंदरगाह के मछुआरों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा सुनी। प्रस्तुति गुजरात सरकार और सांसद राजेशभाई चुडासमा विधायक कालूभाई राठौड़ ने चुडासमा से चर्चा कर मछुआरों को नुकसान न हो, इसके लिए व्यवस्था पेश करने का आश्वासन दिया, साथ ही उन्हें रोजगार मिले, इसके लिए भी प्रयास किये जायेंगे. विधायक कालूभाई राठौड़ ने कहा कि इस योजना में दीव केंद्र क्षेत्र की जमीन को शामिल किया गया है. सालों पहले खड़ा बंडारा योजना के तहत.

इसके अलावा किसानों की जमीन गुजरात सरकार ने अधिग्रहीत कर ली थी वर्षों पहले मुआवजा देय होने के बाद इस जमीन को सौंपने और केंद्रीय भूमि के विरुद्ध इतनी जमीन देने के अदालती फैसले के कारण खार अंकुर विभाग द्वारा मछुआरों को बेदखल किया जा रहा है। हम अल्पावधि में इसे बढ़ाने का प्रस्ताव रखेंगे ताकि मछुआरों को अपने उपकरण और नावों को सुरक्षित रूप से ले जाने में किसी भी परेशानी या नुकसान से बचाया जा सके। गुजरात सौराष्ट्र से रिपोटर मयंक जोशी की एक रिपोर्ट

# अनियमितताओं पर राजकीय आई.टी.आई. रामपुर के तत्कालीन प्रधानाचार्य एम.के. कुलश्रेष्ठ की रोकी गयी 01 वेतन वृद्धि

लखनऊः 01 सितम्बर, 2023 प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देश पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रामपुर के तत्कालीन प्रधानाचार्य एम.के. कुलश्रेष्ठ द्वारा वर्ष 2014 में की गयी अनियमितताओं के लिये उनके 01 वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव के साथ स्थायी रूप से रोकने का दण्ड दिया गया है। एम.के. कुलश्रेष्ठ द्वारा वर्ष 2014 मे की गयी अनियमितताओं की जांच के उपरान्त दोषी पाये जाने पर उन्हे दण्डित किया गया। इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग डॉ. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम् द्वारा दण्डित करने का आदेश जारी कर दिया गया है। वर्तमान में एम.के. कुलश्रेष्ठ तत्कालीन संयुक्त निदेशक, (प्रशि0/शिक्षु0) चित्रकूट मण्डल, चित्रकूट के पद पर तैनात है। मंत्री अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टारलेंस की नीति पर कार्य कर रही है। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए विभिन्न योजनाओं का डिजिटलीकरण किया जा रहा है।






# करम पर्व को लेकर घाट सफाई कराने के लिए प्रधान लिपिक को सोपा ज्ञापन

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल:चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कुकड़ु प्रखंड में आदिबासि कुड़मि समाज के झाड़खण्ड राज्य समिति के सदस्य पंचानन महतो केटिआर के अगुवाई में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के अनुपस्थित में प्रधान लिपिक को करम परब से पहले करम घाट सफाई करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया ।मौके पर उपस्थित आदिबासि कुड़मि समाज कुकड़ु प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ बिभीषण



महतो बंसरिआर ने कहा कि बृहद झाड़खंड क्षेत्र में शुक्ल पक्ष भादर एकादशी के दिन मनाये जाने वाला "करम परब" इस क्षेत्र का एक प्रमुख प्राकृतिक महापरब है। यह विशेष रुप से नवसृजन और भाई बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक से जुड़ा हुआ है। इसे मुख्य रूप से कुड़मि जनजाति समुदाय के अलावे अन्य जनजातीय व क्षेत्रीय समुदायों द्वारा भी विशेष आस्था के साथ मनाया जाता है।

भादर एकादशी के दिन पारंपरिक पुजारी लाइआ, पाहन या देहरि द्वारा पारंपरिक विधि विधान से करम डाइर सेंउरन (करम पुजा) किया जाता है। इसके 11, 09, 07 या 05 दिन पूर्व कुंआरि कन्याओं (करमइति) द्वारा उपासी रहकर पास के नदी, जुड़िया या तालाब घाट से नये डाला (टोकरी) जिसे "जाउआ डाला" कहते हैं में पूरे नीति नियम के साथ बालू उठाकर रखते हैं। फिर उसमें नौ या सात प्रकार के शष्य बीज यथा- कुरथी, मूंग, बिरहि, राहड़, चना, मटर, रमहा, बाटला, सरसा आदि बोये जाते हैं और गीले कपड़े में ही रास्ते में मुख्य स्थानों पर जाउआ बेड़हा करते हुए करम आखड़ा तक लेकर आते हैं। एकादशी के अगले दिन करम डाइर के साथ जाउआ डाला का भासान कर पारना के साथ करम परब का समापन किया जाता है। हमारे कुकड़ु प्रखण्ड क्षेत्र सभी करम घाटों का 16/09/2023 से पहले सफाई करने को कहा । मौके पर उपस्थित कुकड़ु प्रखण्ड सह- कौषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार महतो बंसरिआर, प्रखण्ड सह- सचिव धनंजय महतो हॉस्तुआर, मंगल चन्द्र महतो,गुरु पद महतो
, दिलीप महतो, रंजित महतो मुतरुआर आदि उपस्थित थे ।

# चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में बिखेरा पड़ा हुआ प्राचीन मूर्तियां दशार्ती है समृद्ध ऐतिहासिक काल

## सरकारी संरक्षण के अभाव में इतिहास बन कर रह जायेगा प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह, (झारखंड), 01 सितंबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत वर्तमान के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र या चांडिल अनुमंडल (तत्कालीन पातकुम और बराभुम रियासत) प्राचीन काल से ही ऐतिहासिक दृष्टिकोण से काफी समृद्ध रहा। जिसका उदाहरण अब भी मौजूद है चांडिल डैम के नीचे पातकुम संग्रहालय में रखी हजारों साल पुरानी प्राचीन मूर्तियां, शिलालेख, प्राचीन जयदा बूढ़ा बाबा मंदिर परिसर और ईचागढ़ गांव के बाहर स्थित भारत का एकमात्र चतुमुखी शिवलिंग और मंदिर के बाहर बिखरे पड़े सैकड़ों पत्थर की प्राचीन हिंदू धर्म कला की विभिन्न देव देवियों की मूर्तियां। इधर कुकड़ु प्रखंड के दुलमी गांव में भी दर्जनों मूर्तियां यहां वहां बिखेरा हुआ है। ग्रामीण उन मूर्तियों को आज भी आस्था के साथ पूजा अर्चना करते हैं। देवलटांड़ गांव में स्थित प्रसिद्ध प्राचीन जैन मंदिर आदि एक दर्जन से अधिक प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर चांडिल अनुमंडल अपने आंचल में समेट कर रखा है। जो धीरे धीरे लुप्त होने के कगार पर है। पूर्व में इस क्षेत्र के निवासियों ने झामुमो के उम्मीदवार को चुनाव जिताकर उप मुख्यमंत्री के कुर्सी तक पहुंचा दिया था, वर्तमान मुख्यमंत्री का ननिहाल भी चांडिल अनुमंडल में स्थित है। लेकिन अफसोस है कि राज्य के इन मुखियाओं ने चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के ऐतिहासिक धरोहरों की विकास और संरक्षण के लिए कोई कभी पहल नहीं किया। अगर इन प्राचीन धरहरों को विकसित किया जायेगा तो निश्चित रूप पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और सरकारी राजस्व में वृद्धि के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा।

ऐतिहासिक स्थल, इमारत या स्मारक देश की सभ्यता व संस्कृति की संपन्नता का परिचायक होती है। अपने देश के गौरवपूर्ण इतिहास को जानने में इन स्मारकों का बहुत अधिक महत्व है। हमारी पुरातत्विक विरासत हमारी गौरवपूर्ण संस्कृति का एक अंश हैं। अपनी संस्कृति को लंबे समय तक जीवित रखने के लिए इनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। पुरातात्विक विरासत स्वदेशी परंपराओं के गठन का आयाम है। विभाग के लिए ऐसी स्थलों और स्थानीय सांस्कृतिक स्मारकों का





संरक्षण और सुरक्षा की भागीदारी आवश्यक है। पुरातात्विक विरासत के संरक्षण का कई विषयों से पेशेवरों के बीच सहयोग प्रभावी होना चाहिए। पुरातात्विक विरासत प्राथमिक जानकारी उपलब्ध कराने के तरीकों का माध्यम है । पुरातात्विक विरासत की सुरक्षा नीतियों के लिए यह आवश्यक है, इसमें जनता की अधिक से अधिक भागीदारी बने। भागीदारी बनाने वाले जनता को इस विषय में आवश्यक ज्ञान होना चाहिए, जिसके आधार पर संरक्षित इमारतों के संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकेंगे। पुरातात्विक विरासत संरक्षण सब के लिए एक नैतिक दायित्व के रूप में होना चाहिए। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। इसके लिए एक सामूहिक व सार्वजनिक दायित्व प्रबंधन को प्रभावी स्तर पर लागू किए जाने की आवश्यकता होती है। पुरातात्विक विरासत हमारे समाज की अनमोल धरोहर है, तथा मानव समाज द्वारा इसका संरक्षण किया जाना चाहिए। अपने देश की इस धरेहर के संरक्षण के लिए प्रभावी कानूनों की जरूरत है। ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण की कानूनन शुरूआत 1810 से प्रारंभ हो गई थी। सन 1817 ई0 का मद्रास रेग्युलेशन सातवां नामक एक्ट आया। इन दोनों के कारण सरकार को यह अधिकार प्राप्त हुआ कि वह सार्वजनिक संपत्ति के दुरुपयोग अथवा अनैतिक इस्तेमाल होने पर रोक लगा सके। हालांकि ये दोनों एक्ट इमारतों के निजी मालिकाना हक पर कोई निर्देश नहीं देते थे। फिर 1863 के बीसवें एक्ट ने सरकार को यह शक्ति प्रदान की कि वह किसी इमारत के ऐतिहासिक, प्राचीन महत्व को देखते हुए उसकी वास्तुकला के आधार पर उसका संरक्षण करें व दुरुपयोग होने से रोके। 1951 के नए कानून के तहत दोबारा चिन्हित किया गया। इस सूची में बी श्रेणी के अंतर्गत साढ़े चार सौ अन्य इमारतों को भी जोड़ा गया। देश की ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण व उपरोक्त कानूनों को प्रभावशाली तरीके से लागू करने के लिए 28 अगस्त 1958 को द एन्शिएन्ट मॉन्यूमेंट एंड आर्कियोलॉजिकल साइट्स एंड रिमेंस एक्ट 1958 भी लागू किया गया। वर्तमान में राष्ट्रीय महत्व के 3650 ऐतिहासिक स्मारक, पुरातात्विक स्थल व अवशेष हैं।

# मानसून की बेरहमी से किसान है परेशान, सुखने लगा धान की खेत

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 01 सितंबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड समेत पुरे चांडिल अनुमंडल क्षेत्र कृषि प्रधान है। जिसमें यहां के निवासियों का धान की फसल आजीविका का मुख्य साधन है। लेकिन



मानसून की बेरहमी से किसान परेशान हैं। यहां के किसान धान की फसल से ही जीवन यापन के सभी खर्च उठाते हैं। बच्चों की पढ़ाई, परिवार के सदस्यों का कपड़े खरीदना और भी अन्य घरेलू खर्च धान के बिक्री से ही होता है। एक तो देर से आई मानसून ने धान की बिचड़ा को काफी क्षति पहुंचाई दूसरी ओर अगस्त माह में पर्याप्त बारिश नहीं होने से धान की खेत सुखने लगा है। किसानों के अनुसार धान रोपनी के बाद बाली आने तक खेत में पानी भरा रहना चाहिए। लेकिन इस साल अगस्त माह में सामान्य से काफी कम वर्षा होने के कारण पचास प्रतिशत से अधिक धान की खेत सुखने लगा है। जिससे धान की जड़ें कमजोर हो गया है। इसके साथ ही मौसमी सब्जी के उत्पादन में भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। बारिश कम होने के कारण लौकी, भिंडी, बैगन, फुलगोभी, टमाटर आदि सब्जियों की उत्पादन में भारी गिरावट आई है।

# ट्रक के चपेट में आने से दो युवकों की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड)**

ईचागढ़- सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर दुबराजपुर के पास शुक्रवार को अनियंत्रित एलपी ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। युवकों की पहचान ईचागढ़ थाना क्षेत्र के आगसीया निवासी 28 वर्षीय सिकन्दर दास



व 27 वर्षीय निरंजन लायेक के रूप में किया गया। युवकों की सड़क हादसे में मौत होने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व लोगों को समझना बुझाकर सड़क जाम हटाया गया व दोनों लाशों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक मिलन चौक से बाइक में सवार होकर अपना गांव आगसीया जा रहा था,तभी सिल्ली रांगामाटी सड़क पर दुबराजपुर मोड़ के पास सामने से आ रहा एक अनियंत्रित एलपी ट्रक के चपेट में आ गया, जिससे दोनों बाइक सवार युवक मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस द्वारा एलपी ट्रक व बाइक को जप्त कर लिया एवं आगे की कार्रवाई में जुट गई। वहीं समाजसेवी छुटु घोष ने बताया कि दुबराजपुर के पास अनियंत्रित ट्रक के चपेट में आने से दो बाइक सवार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। उन्होंने कहा कि सिकन्दर दास जमशेदपुर में रहकर ट्रक चलाता है और दो दिन पहले ही घर आया था। वह गांव के ही एक दोस्त के साथ मिलन चौक गया था, जहां लौटने के समय ट्रक के चपेट में आने से मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यहां पर लगातार सड़क हादसा होते रहता है। उन्होंने प्रशासन से मांग किया कि इस जगह पर स्पीड ब्रेकर लगाया जाय ।

# प्रखंड विकास स्ट्रेटजी आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चिंतन शिविर आयोजित, जिला के तीन प्रखंड शामिल

**सुधीर, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान प्रमंडल**

सरायकेला (झारखंड), 01 सितंबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला समाहरणालय सभागार में प्रखंड विकास स्ट्रेटजी आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल मिशन डायरेक्टर आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम नीति आयोग आनंद शेखर, उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, डॉ0 ऋचा पांडेय, न्यूट्रीसियन विशेषज्ञ, यूनिसेफ, अन्य वरीय पदाधिकारी एवं पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि जैसे मुखिया, पंचायत समिति सदस्य आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी सरायकेला मृतुन्जय कुमार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी डॉ0 सुधा वर्मा के द्वारा किया गया। इस दौरान बताया गया कि आकांक्षी जिले में राज्य के कुल 34 प्रखंड को चिन्हित किया गया है जिसमे सरायकेला के तीन प्रखंड सरायकेला, गम्हरिया एवं कुकडू भी शामिल है। इस दौरान आकांक्षी प्रखंडों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कृषि, सामाजिक सुरक्षा एवं महिला बाल विकास इत्यादि के क्षेत्र में उपलब्ध समस्या, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता समेत योजनाओं के प्रति लोगो में जागरूकता पर चर्चा कर प्रखंड के सर्वांगीण विकास हेतु क्षेत्र में उपलब्ध समस्याएं उनके समाधान पर बिंदुवार चर्चा किया गया। पंचायत स्तरीय प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभाग के वरीय पदाधिकारी



को प्रखंड के विकास को गति प्रदान करने हेतु जन सहभागिता के उद्देश्य से कार्य करने का बात कही गई।

वही काशी साहू कॉलेज सभागार में स्वास्थ्य शिक्षा आजीविका तथा महिला एवं बाल विकास से संबंधित फ्रंटलाइन वर्कर्स जैसे आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, शिक्षकगण एवं जलसहिया दीदियों के लिए उन्मुखीकरण तथा फीडबैक सत्र का आयोजन किया गया। जहां क्षेत्र की समस्याओं उसके समाधान पर विस्तृत जानकारी साझा की गई तथा कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया शिक्षक से क्षेत्र में उपलब्ध समस्याओं, उनके समाधान पर सुझाव लिया गया ओर इसके इंप्लीमेंटेशन के लिए कार्य योजना बनाने हेतू चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जन सहभागिता से आज का आकांक्षी प्रखंड कल प्रेरणादायक प्रखंड के रूप में बदला जा सकता है। उपायुक्त ने कहा चिंतन शिविर का शुभारंभ हमारे जिला सरायकेला खरसावां से किया जा रहा है, सभी पदाधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधि एवं विभिन्न संगठनों को एक टीमवर्क के रूप में कार्य करना होगा ताकि आकांक्षी प्रखंड में विकास की गति को बढ़ाया जा सकें, अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा सके।

# विस चुनाव की सरगर्मियां तेज, केंद्रीय संसदीय समिति के सदस्य सत्यनारायण जटिया से मिले वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पाठक

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

भोपाल/ रायसेन। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की गतिविधियां तेज हों गईं हैं, रायसेन ज़िले की उदयपुरा-बरेली विधानसभा सीट में भी चुनाव को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पाठक ने गुरुवार को केंद्रीय संसदीय समिति के सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया से मुलाकात कर जिले के उदयपुरा विधानसभा सीट से अपनी प्रबल दावेदारी पेश की । इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के प्रमुख मुद्दे जटिया को श्री पाठक ने उदयपुरा विधानसभा सीट के राजनीतिक समीकड्डण बताते हुए कहा कि इस बार ब्राह्मण जाति का भरपूर सहयोग बीजेपी को मिल रहा है जिससे इस सीट पर जीत आसान है सुरेश पाठक नें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जनहितेषी



योजनाओं को देखते हुए श्री जटिया को आश्वस्त किया कि इस बार मध्यप्रदेश में बीजेपी की सरकार बनना तय है, पाठक ने उदयपुरा बरेली विधानसभा के जातिगत समीकरण से भी श्री जटिया को अवगत कराया। ज्ञात होगी इस समय जहां एक और पूरे मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं वहीं रायसेन जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में भी चुनावी सर गर्मी तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। भाजपा के उच्च सूत्रों के अनुसार जिले की उदयपुरा विधानसभा सीट जो कि कांग्रेस के कब्जे में है उसे पर इस बार पूरी तरह से कब्जा करने की रणनीति बनाकर भाजपा काम करते दिखाई दे रही है यहां तक की भाजपा पार्टी हाई कमान द्वारा जो दूसरी सूची जारी की जाएगी उसमें उदयपुरा विधानसभा सीट के लिए भाजपा का नया चेहरा सामने आने की प्रबल संभावनाएं व्यक्त की जा रही है।

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(02 सितम्बर )राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में आगामी 09 सितम्बर को जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुम्ब न्यायालयों तथा अन्य न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें न्यायालयीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों एवं बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामले निराकरण हेतु रखे जायेगें।

नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम के लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों तथा म.प्र. नगरपालिका अधिनियम के अंतर्गत अधिरोपित संपत्ति कर एवं जलकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को नियमानुसार विभिन्न छूट प्रदान की जा रही है। जिसकी जानकारी उक्त प्रचार-प्रसार वाहन के माध्यम से आम जन तक पंहुचाई जाकर अधिक से अधिक लाभ लिये जाने का अनुरोध किया जा रहा हैं। साथ ही लोक अदालत के लाभ जैसे प्रकरणों के निराकरण पर कोर्ट फीस पक्षकार को वापसी योग्य होती है। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की जीत होती है, किसी भी पक्ष की हार नहीं होती है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से मामला रखा जाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवाद



का निराकरण किया जाता है, जिससे पक्षकारों के अमूल्य समय तथा व्यय होने वाले धन की बचत होती है तथा पक्षकारों में परस्पर स्नेह भी बना रहता है। लोक अदालत में मामला अंतिम रूप से निराकृत होता है, इसके आदेश की कोई अपील अथवा रिवीजन नहीं होती है। इन लाभों के बारे में आम जन को प्रचार-प्रसार के माध्यम से अवगत कराया जा रहा हैं।

# लायंस क्लब बिलासपुर कैपिटल ने किया वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं बिस्कुट का किया वितरण

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर । लायंस क्लब बिलासपुर कैपिटल के तत्वाधान मे लायन उत्तम उपाध्याय के पूज्यनीय पिता स्व. वी. एन. उपाध्याय जी के 93 वीं जयंती के अवसर पर वृद्ध आश्रम में 55 वृद्धजनों( स्त्री एवं पुरुष दोनों वर्ग मिलाकर) का



निःशुल्क बी. पी.,शुगर, वजन एवं बी. एम. आई. जाँच डॉ . लव श्रीवास्तव एवं उनके लेब स्टाफ द्वारा किया गया ।तत्पश्चात क्लब के पी.आर.ओ. लायन उत्तम उपाध्याय (डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन) द्वारा 55 वृद्धजनों को बिस्किट्स का वितरण किया गया ।इस पूरे कार्यक्रम में निर्देशन एवं सहयोग करने जोन चेयरपर्सन डॉ .पी. के. शर्मा,माइक्रो चेयरपर्सन डॉ के. के.श्रीवास्तव, जनक लायन उत्तम अग्रवाल, सचिव ला.अनिता दीवान,ला .शैलेंद्र गोवर्धन,ला.विद्या गोवर्धन, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन नरेंद्र सिंह चंदेल, लायन अरविंद वर्मा, लायन नरेंद्र साहू सहित सभी स्टाफ अपनी सक्रिय भागीदारिता निभाई गई ।

# देवरीखुर्द में घूम घूम कर ली राय छत्तीसगढ़िया मन की बात , घोषणा पत्र के सुझाव के लिए आम जनता के बीच पहुंचे भाजपाई

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भाजपा के कार्यकर्ता पार्टी को मजबूती देने लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। साथ ही शहर की गलियों में घूम-घूमकर, डोर टू डोर पहुंचकर चुनावी घोषणा पत्र के लिए जनता से सुझाव भी मांग रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता अपने साथ एक सुझाव पेटी भी रखे हुए हैं। जनता लिखित में अपना सुझाव दे रही है। जिसे पेटी में डाला जा रहा है ।बताया जा रहा है कि इन सुझावों को जल्द ही राजधानी रायपुर भेजा जाएगा। भाजपा के नेता इन्हीं सुझावों के माध्यम से चुनावी घोषणा पत्र तैयार करेंगे। यह केवल मस्तूरी विधानससभा में ही नहीं बल्कि अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी किया जा रहा है। भाजपा के अलावा कांग्रेस ने भी छत्तीसगढ़ की जनता से सुझाव मांगा है। इधर, जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है राजनीतिक पार्टियों के दिग्गज नेताओं का बिलासपुर दौरा भी लगातार हो रहा है

इसी तारतम्य में शुक्रवार को मस्तूरी विधानसभा के वार्ड क्रमांक 42 चंद्रशेखर आजाद नगर व वार्ड 43 बंसीलाल धृतलहरे नगर में किसान मोर्चा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष व डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी के प्रतिनिधि बी पी सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने जनता के बीच पहुंचकर चुनावी घोषणा पत्र के लिए उनका सुझाव मांगा टीम देवरीखुर्द मंगल विहार पहुंची जहां उन्होंने वार्ड वासियों से वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र को लेकर उनका सुझाव लिया, कार्यकताओं ने एफसीआई गोदाम, देवरीखुर्द गदा चौक, सतबहिनिया मंदिर रोड , आजाद चौक पहुंच कर जनता से सुझाव लिया जिसमे रसोइया संघ, बुजुर्ग, महिला समूह, व्यापारी संघ, युवा बेरोजगार , हम्माल संघ ने अपना बहुमूल्य सुझाव दिया

इस संदर्भ मे बी पी सिंह ने बताया कि, विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र छत्तीसगढ़िया मन की बात के आधार पर तैयार किया जाएगा। इस घोषणा पत्र में भाजपा



विधानसभा चुनाव जनता के मत से जनता के आशीर्वाद से लड़ेगी। विजय संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ में इखढ की सरकार बनाएंगे। साथ ही अभी कांग्रेस की नाकामी को जनता को गिनाएंगे।

आज कार्यक्रम के दौरान प्रदेश नेता बी पी सिंह के साथ राम प्रसाद जोशी, रवि बारगाह मंडल संयोजक स्वास्थय समिति संयोजक, राजेश शेडे वरिष्ठ भाजपा सदस्य, संभूदास मानिकपुरी महामंत्री पिछड़ा मोर्चा, रीता सिंह महामंत्री महिला मोर्चा, पूजा सिंह एवम भाजपा कार्यकर्ता सोनू मानिकपूरी, राबिन सरकार, वंश कुमार , सुनीता जोशी, अजय बारगाह,चंदन कुमार सहित व्यापारी संघ के उपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, दामोदर यादव आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# पटमदा प्रखंड के सरकारी कर्मचारियों ने मनाया पेंशन पुनर्बहाली दिवस

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : झारखंड सरकार की पुरानी पेंशन पुनर्बहाली की पहली वर्षगांठ शुक्रवार को पटमदा प्रखंड के जाल्ला स्थित मध्य विद्यालय में मनाई गई। इसकी अध्यक्षता पटमदा प्रखंड इकाई राष्ट्रीय आंदोलन और जेएचएआरओटीईएफ के बैनर तले प्रखंड संयोजक प्रबोध कुमार महतो ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड संयोजक प्रबोध कुमार महतो और मध्य विद्यालय पटमदा के प्रधानाध्यापक अरबिंद कुईला द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर किया गया। इस दौरान उपस्थित राज्यकर्मियों के बीच लड्डू का वितरण करते हुए खुशियां मनाई गई।



मौके पर प्रखंड संयोजक ने कहा कि कल तक जो असंभव लग रहा था आज वो वास्तव है। उन्होंने कहा कि पहली वर्षगांठ आपलोगों को इसका श्रेय देने के उद्देश्य से मनाई जा रही है। आप सभी की मेहनत और समर्पण भाव से संगठन को मिले सहयोग की बदौलत ही यह संभव हो पाया है। संगठन ने जब भी आह्वान किया आप सभी ने भरपूर सहयोग दिया।

कार्यक्रम में एनएमओपीएस/जेएचएआरओटीईएफ के जिलाध्यक्ष पंचानन महतो, प्रखंड कोषाध्यक्ष मिहिर कुमार प्रमाणिक, रामपद महतो, राजनारायण दत्ता, बासुदेव महतो, अरविंद कुईला, राजेश मिश्रा, कृष्ण चंद्र दास, निशित कुमार, सोनाली घोष, बनार्ली माझी, बनश्री चक्रवर्ती व प्रशांत भट्टाचार्य समेत दर्जनों राज्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# भुजलिया विसर्जन करते महिलाओ को मतदान के लिए दिलाया गया शपथ

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 02सितम्बर )रक्षाबंधन के दूसरे दिन मनाये जाने वाले भुजलिया पर्व में महिलाओं ने मतदान करने की शपथ ली है। इस दौरान महिलाओं को शपथ दिलाई गई कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में स्वयं के विवेक से निर्भिक होकर मतदान करेंगी और देश के विकास और अपनी पसंद की सरकार चुनने में सहभागी बनेंगी। इस दौरान महिलाओं को बताया गया कि जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है यदि किसी मतदाता का नाम सूची में शामिल नही है तो वे 11 सितम्बर तक अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्र पर जाकर प्रारूप-06 में आवेदन कर सकते हैं।

जिले में भुजंलिया पर्व धार्मिक आस्था और उत्साह से मनाया जाता है। रक्षाबंधन के नौ दिनों पहले कजलियों को बोया जाता है और रक्षाबंधन के दूसरे दिन से इसके विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है। इसी कड़ी में बुढ़ी से लोधी समाज की महिलाओं ने कजलियां पर्व मनाया गया। 01 सितंबर को धूमधाम से कजलियां शोभायात्रा निकालकर इसका पूजन कर मोती तालाब में भुजालियो का विसर्जन किया गया।

भुजंलिया को रक्षाबंधन के पहले 9 दिनों पहले बोई जाती है ।कहा जाता हैं यह परंपरा आला-उदल के समय से प्रचलित है, जब वह लड़ाई जीतकर घर लौटे थे, तब से यह परंपरा निभाई जा रही है ।अपने अपने घरों में बोई गयी भुजली को सुबह से नहा धो कर महिलाओ ने पूजन करने के बाद मोती तालाब में जाकर विसर्जन किया व मतदान करने का शपथ भी लिया।